



राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





04 केजरीवाल ने 50 हजार गज में बनाया 45 करोड़ रुपये का शीश ...

बाल-बाल बचीं सौरव गांगुली की बेटी सना कोलकाता में ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 260 | नई दिल्ली, रविवार, 05 जनवरी, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 21°C

न्यूनतम तापमान 30.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 79,005 |
| चांदी | 92,500 |
| सेंसेक्स | 81,786 |
| निफ्टी | 24,668 |

# राजनीति का सबसे बड़ा फ्रॉड दिल्ली की महिलाओं से भी कर रहा झूठे वादे : कांग्रेस

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को राजनीति का सबसे बड़ा फ्रॉड करार देते हुए आज कहा कि जिस तरह से पार्टी को जिताने के लिए पंजाब की महिलाओं से झूठे वादे किए थे वैसे ही लुभावने वादे अब दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए भी यहां की महिलाओं से किए जा रहे हैं। पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा बरार तथा कांग्रेस के पंजाब के नेताओं ने शनिवार को यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि श्री केजरीवाल दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने के लिए महिलाओं को 2100 रुपये देने का वादा कर रहे हैं। पार्टी ने पंजाब विधानसभा चुनाव के समय महिलाओं को 1000 रुपये देने का वादा किया था लेकिन आज तीन साल होने जा रहे हैं लेकिन पंजाब की किसी महिला को वादे के अनुसार कोई पैसा अब तक नहीं मिला है।

श्री बरार ने कहा ₹आम आदमी पार्टी की सरकार ने पंजाब के लोगों से कई वादे किए थे और अब वहां इस पार्टी की सरकार बने हुए तीन साल होने को हैं लेकिन जनता ने जिन वादों के भरोसे आम आदमी पार्टी को बहुमत दिया पंजाब के लोग आज भी उनसे किये वादों के पूरा होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी ने वादा किया था कि वे पंजाब की महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देंगे। अब ऐसा ही वादा दिल्ली की महिलाओं से किया है। लेकिन जब इन वादों पर पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल से सवाल



पूछा तो उन्होंने यह नहीं बताया कि वे इन वादों को पूरा करने के लिए पैसा कहां से लाएंगे, इसके लिए बजट कहां से आएगा। उन्होंने कहा ₹जैसे इस पार्टी की सरकार ने पंजाब की महिलाओं को झांसा दिया, उसी तरह अब चुनाव जीतने के लिए दिल्ली की महिलाओं के साथ धोखा करने जा रही है। हम आज दिल्ली की जनता और महिलाओं से कहना चाहते हैं कि आपको झूठी बातों और झूठे वादों में नहीं आना है। आपको दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनानी है जिसने 15 साल तक दिल्ली की छवि, दिशा और दशा बदली है। पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी को वोट देने की अपील करते हुए कहा ₹कांग्रेस ने जो कहा है वो हमेशा किया है और आज मैं दिल्लीवासियों से बताना चाहता हूं कि पंजाब के सभी नेता चुनावों के समय दिल्ली आएंगे। हम आपको बताएंगे कि कैसे केजरीवाल ने पंजाब के लोगों को धोखा दिया है। जो नेता महिलाओं-बहनों से झूठ बोल सकता है वो क्या कुछ नहीं कर सकता। कांग्रेस की सरकार ने दिल्ली में विकास के काम किए जिसके चलते आज भी दिल्लीवासी पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित को याद करते हैं। हम दिल्ली वालों से कहना चाहते हैं कि अगर आप अच्छी सरकार चाहते हैं तो आम आदमी पार्टी के बहकावे में कभी भी मत आना। उन्होंने कहा ₹राजनीति में सदी का सबसे बड़ा फ्रॉड अरविंद केजरीवाल है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार को तीन साल होने को हैं और हमारे यहां आज तक महिलाओं को एक रुपया नहीं दिया। अब केजरीवाल दिल्ली की महिलाओं को 2100 रुपए देने की बात कर रहे हैं। जब पंजाब में केजरीवाल से सवाल पूछा गया कि आप महिलाओं को पैसे कहां से देंगे तो ये कहने लगे कि मैं रेवेन्यू का आदमी हूं- मुझे पता है कि पैसा कहां से लाना है लेकिन आज पंजाब की हालत ये है कि पिछले तीन साल में किसी पंचायत को एक रुपया नहीं दिया गया। पंजाब की कॉर्पोरेशन, नगरपालिकाओं को एक रुपया नहीं दिया गया।

# ग्रामीणों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना प्राथमिकता: मोदी

**प्रधानमंत्री ने नाबार्ड द्वारा यहां आयोजित चार दिवसीय ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य गांवों को विकास और अवसर के जीवंत केंद्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है। हमारी सरकार की मंशा, नीतियां और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा के साथ सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत सहकारिता के माध्यम से समृद्धि प्राप्त करने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष की शुरूआत में ग्रामीण भारत महोत्सव का भव्य आयोजन भारत की विकास यात्रा की झलक और उसकी पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हममें से जो लोग गांवों में पैदा हुए और पले-बढ़े हैं, वे गांवों की क्षमता को जानते हैं। उन्होंने कहा कि गांव की आत्मा भी गांवों में रहने वालों में बसती है।**



प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि ग्रामीण भारत के लोगों के लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है और इसलिए हर गांव में बुनियादी सुविधाओं की गारंटी के लिए अभियान शुरू किया गया है। प्रधानमंत्री ने नाबार्ड द्वारा यहां आयोजित चार दिवसीय ग्रामीण भारत महोत्सव 2025 का उद्घाटन करते हुए कहा, हमारा लक्ष्य गांवों को विकास और अवसर के जीवंत केंद्रों में बदलकर ग्रामीण भारत को सशक्त बनाना है। हमारी सरकार की मंशा, नीतियां और निर्णय ग्रामीण भारत को नई ऊर्जा के साथ सशक्त बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत सहकारिता के माध्यम से समृद्धि प्राप्त करने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्ष की शुरूआत में ग्रामीण भारत महोत्सव का भव्य आयोजन भारत की विकास यात्रा की झलक और उसकी पहचान बना रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हममें से जो लोग गांवों में पैदा हुए और पले-बढ़े हैं, वे गांवों की क्षमता को जानते हैं। उन्होंने कहा कि गांव की आत्मा भी गांवों में रहने वालों में बसती है। उन्होंने कहा कि जो लोग गांवों में रहे हैं, वे गांव का सच्चा जीवन जीना भी जानते हैं। उन्होंने कहा कि वह भाग्यशाली हैं कि उनका बचपन एक छोटे से शहर में साधारण परिवेश में बीता। बाद में जब वे शहर से बाहर निकले तो उन्होंने ग्रामीण इलाकों में भी समय बिताया।

प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने कठिनाइयों का अनुभव किया है और गांवों की संभावनाओं से भी वाकिफ हूं। उन्होंने कहा कि बचपन से ही उन्होंने देखा है कि गांव के लोग मेहनती तो होते हैं, लेकिन पूंजी की कमी के कारण वे सही अवसरों से चूक जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में ग्रामीणों की अलग-अलग क्षमताएं होने के बावजूद वे अपनी बुनियादी सुविधाओं को पूरा करने की चाहत में खो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसानों के सामने प्राकृतिक आपदाएं, बाजार तक पहुंच की कमी जैसी कई चुनौतियां हैं।

श्री मोदी ने कहा कि यह सब देखने के बाद उन्होंने अपने मन को दृढ़ किया और चुनौतियों से निपटने के लिए प्रेरित हुए। आज ग्रामीण क्षेत्रों में किए जा रहे विकास कार्य गांवों से मिली सीख और अनुभवों से प्रेरित हैं। वह 2014 से लगातार ग्रामीण भारत की सेवा में लगे हुए हैं। उनका लक्ष्य एक सशक्त ग्रामीण भारत सुनिश्चित करना, ग्रामीणों को पर्याप्त अवसर प्रदान करना, पलायन को कम करना और गांवों के लोगों के जीवन को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक गांव में एक कार्यक्रम लागू किया है।

श्री मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर में शौचालय उपलब्ध कराया गया, ग्रामीण भारत में करोड़ों लोगों को पीएम आवास योजना के तहत पक्के घर दिए गए और जल जीवन मिशन के जरिए गांवों में लाखों घरों में सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित किया गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 1.5 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। डिजिटल तकनीकों की सहायता से टेलीमेडिसिन ने गांवों में सर्वश्रेष्ठ डॉक्टरों और अस्पतालों का विकल्प सुनिश्चित किया है। ई-संजीवनी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के करोड़ों लोगों को टेलीमेडिसिन का लाभ मिला है। श्री मोदी ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान, दुनिया को आश्चर्य हुआ कि भारत के गांव कैसे सामना करेंगे। हालांकि, सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि टीके हर गांव में अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

प्रधानमंत्री ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ग्रामीण समाज के हर वर्ग पर विचार करने वाली आर्थिक नीतियां बनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्हें खुशी है कि पिछले 10 वर्षों में सरकार ने गांव के हर वर्ग के लिए विशेष नीतियां बनाई हैं और फैसले लिए हैं। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि सरकार की मंशा, नीतियां और फैसले ग्रामीण भारत में नई ऊर्जा भर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने ग्रामीणों को उनके गांवों में अधिकतम आर्थिक सहायता प्रदान करने, उन्हें खेती में शामिल करने और रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर पैदा करने के लक्ष्य को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को लगभग तीन लाख करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता मिली है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, देश में 9,000 से अधिक किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) वित्तीय सहायता प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत सहकारिता के माध्यम से समृद्धि की राह पर है और इसी उद्देश्य से 2021 में सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि किसानों और ग्रामीणों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य मिले, इसके लिए लगभग 70,000 प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसीएस) का कम्प्यूटरीकरण किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि कृषि के अलावा हमारे गांवों में लोहार, बढ़ईगीरी और मिट्टी के बर्तन बनाने जैसी कई पारंपरिक कलाएं और कौशल प्रचलित रहे हैं। इन व्यवसायों ने ग्रामीण और स्थानीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन पहले इनकी उपेक्षा की जाती थी। उन्होंने कहा कि उनके कौशल को बढ़ाने और सस्ती सहायता प्रदान करने के लिए विश्वकर्मा योजना लागू की जा रही है, जिससे लाखों विश्वकर्मा कारीगरों को आगे बढ़ने का अवसर मिल रहा है। श्री मोदी ने कहा, जब इरादे नेक होते हैं, तो परिणाम संतोषजनक होते हैं। उन्होंने कहा कि देश अब पिछले 10 वर्षों में की गई कड़ी मेहनत का लाभ उठा रहा है। हाल ही में हुए एक बड़े सर्वेक्षण का हवाला देते हुए, जिसमें कई महत्वपूर्ण तथ्य सामने आए, श्री मोदी ने कहा कि 2011 की तुलना में ग्रामीण भारत में खपत लगभग तीन गुनी हो गई है, जो दशार्ता है कि लोग अपनी पसंदीदा वस्तुओं पर अधिक खर्च कर रहे हैं।

## जाति के नाम पर जहर फैलाने की साजिश को विफल करें : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गांवों के विकास से ही विकसित भारत का निर्माण होने का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। श्री मोदी ने नाबार्ड द्वारा यहां आयोजित चार दिवसीय ग्रामीण भारत महोत्सव का शुभारंभ करते हुए कहा कि गांव की पहचान में सद्भाव और प्रेम होता है लेकिन कुछ लोग जाति के नाम पर समाज में जहर फैलाने और सामाजिक ताने-बाने को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, श्री मोदी ने इन साजिशों को विफल करने और गांव की साझा संस्कृति को संरक्षित करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने गांवों को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर काम करने की आवश्यकता पर जोर दिया कि संकल्प हर गांव तक पहुँचें। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गांवों के विकास से विकसित भारत का निर्माण होगा। श्री मोदी ने आग्रह किया कि पूरे गांव को सामूहिक रूप से अपने गांव में बने अमृत सरोवर की देखभाल करनी चाहिए। उन्होंने चल रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उल्लेख किया और अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए इस पहल में भाग लेने वाले प्रत्येक ग्रामीण के महत्व पर बल दिया।

## बीजेपी के पास कोई मुख्यहमंत्री चेहरा नही, न दिल्ली के लिए कोई विजन : अरविंद केजरीवाल

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रें स कर भाजपा पर हमला बोला। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली में बीजेपी के पास अभी तक कोई मुख्य मंत्री का चेहरा नहीं है। न कोई विजन है कि वे दिल्लीं में क्या काम करेंगे ? पिछले 10 सालों में उन्हों ने कोई काम नहीं किया। इसलिए बीजेपी केवल आम आदमी पार्टी को गालियां देकर ये चुनाव लड़ना चाहती है। हम लोगों को बता रहे हैं कि पिछले 10 सालों में हमने क्या काम किया ? आने वाले 5 सालों में क्या काम करेंगे, हमें हमारे कामों के बल पर वोट दो। लोगों को अब ये निर्णय लेना है कि काम के दम पर वोट देना है या गालियों के दम पर काम करना है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार अभी तक अपने वादे पूरे नहीं किये हैं। वे सिर्फ आम आदमी पार्टी को गालियां देते हैं, कोई काम नहीं गिनवाते हैं। पानी के बढ़े बिलों की कथित समस्याफ को लेकर अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'हम दिल्लीा में हर परिवार को प्रतिमाह 20000 हजार से ज्यायदा लीटर पानी मुफ्त दे रहे हैं। लगभग 12 लाख लोगों का पानी का बिल जीरो आता था, लेकिन मेरे जेल जाने के बाद, इन्होंने (केंद्र सरकार ) पता नहीं क्याब गड़बड़ की है कि लोगों के लाखों-लाखों रुपये के पानी के बिल आने लगे हैं। मैं ऐसे लोगों को विश्वा स दिलाना चाहता हूं कि उनकी समस्यो का समाधान किया जाएगा। पानी के बिल माफ किये जाएंगे। वे अभी से पानी के बिल भरना बंद कर दें। हम फिर सत्ताप में आने पर बिल माफ कर देंगे। ये मेरी लोगों को गारंटी है।' कांग्रेस और बीजेपी पर हमला करते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा, 'इन दोनों पार्टियों को अब ये घोषणा कर देनी चाहिए कि ये मिलकर चुनाव लड़ रही हैं, बीजेपी और कांग्रेस के बीच गठबंधन हो गया है।

आम आदमी पार्टी के खिलाफ लड़ रही हैं। चोरी-छिपे ये अलायंस करना ठीक नहीं है। कांग्रेस को तो जनता ने भी सीरियस लेना छोड़ दिया है। दिल्लीम में जल्दऔ ही विधानसभा चुनाव की तरीख का ऐलान होने वाला है। चुनाव फरवरी में होने हैं। कांग्रेस, बीजेपी और आम आदमी पार्टी चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई हैं। आम आदमी पार्टी ने अपने 70 उम्मीनदवारों की लिस्टआ भी जारी कर दी है। कांग्रेस ने भी कुछ उम्मीदवारों की सूची जारी की है, लेकिन बीजेपी ने अभी तक किसी उम्मीदवार का नाम घोषित नहीं किया है।

## अयोध्या के मिल्कीपुर में होना है उपचुनाव, मुख्यमंत्री योगी लेंगे जायजा

प्रात : किरण/ एजेंसी

अयोध्या। उत्तर प्रदेश की सबसे हॉट सीट कही जाने वाली अयोध्या के मिल्कीपुर में विधानसभा का उपचुनाव होना है। उसके लिए सरकार की तरफ से मंत्रियों की बड़ी फौज तैयारी में लगी है। उसी तैयारी का क्रम जांचने के लिए आज मुख्यमंत्री योगी अयोध्या पहुंच रहे हैं। इस दौरान वह कार्यकताओं से बातचीत करेंगे और उन्हें जीत का मंत्र भी देंगे। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि उपचुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री के इस दौरे को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री के आने से पहले प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे प्रदेश सरकार के सभी मंत्री भी यहां पहुंच रहे हैं। इनमें से जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर और खाद्य रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा शुक्रवार को ही अयोध्या पहुंच चुके हैं। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही सहित अन्य राज्य मंत्री भी शामिल होंगे। इनके अलावा संगठन की ओर से प्रभारी का दायित्व निभा रहे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी भी कार्यकर्ता संवाद में शामिल होंगे। उधर मुख्यमंत्री के दौरे से पहले सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर भाजपा दहशत में है। आखिर भाजपा परेशान क्यों है, एक सीट से क्या होने वाला है, क्या उनकी सरकार गिर जाएगी या सरकार बदल जाएगी। यहां पर भाजपा ने अपने मंत्रियों की लंबी चौड़ी फौज उतार रखी है। खुद सीएम योगी कई बार आ चुके हैं। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कटेहरी विधानसभा उपचुनाव में मिली जीत के बाद अब मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव में भी अपनी वर्तमान रणनीति तैयार रखी है। प्रतिष्ठा की इस सीट पर भाजपा ने ताकत झोंक रखी है।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस मुठभेड़ में डकैत सुशील मोची मारा गया

पूर्णिया। बिहार के पूर्णिया जिले के अमौर थाना क्षेत्र के ताराबाड़ी घाट में पुलिस और एसटीएफ की टीम के साथ मुठभेड़ में डकैत सुशील मोची मारा गया। इसका नेटवर्क पूर्णिया, किशनगंज सहित पश्चिम बंगाल और झारखंड तक फैला था। पुलिस के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली थी कि दुर्दान्त डकैत सुशील मोची अपने साथियों के साथ तारबाड़ी घाट स्थित बहियार में है और किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में है। इसके बाद एसटीएफ की टीम और अनगढ़, अमौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं पुलिस टीम देखते ही डकैतों ने गोली चलाना शुरू कर दिया। पुलिस की ओर से भी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गई। बताया गया कि लगभग 10 मिनट तक रह- रह कर दोनों तरफ से गोली चलती रही। इसके बाद पुलिस ने सर्च अभियान चलाया जहां मक्के के खेत से एक शव बरामद हुआ। शव की पहचान डकैत सुशील मोची के रूप में की गई। यह अनगढ़ थाना का रहने वाला था। इस पर बिहार पुलिस ने 1.50 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था।

### परमाणु वैज्ञानिक आर. चिदंबरम का मुंबई में निधन, मोदी ने जताया शोक

मुंबई। पोखरण परमाणु परीक्षण में अहम भूमिका निभाने परमाणु वैज्ञानिक एवं केन्द्र सरकार के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को मुंबई के जसलोक अस्पताल में निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डॉ. चिदंबरम ने जसलोक अस्पताल में तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर अंतिम सांस ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ चिदंबरम के निधन से गहरा दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट किया, डॉ. राजगोपाल चिदंबरम के निधन से बहुत दुख हुआ। वह भारत के परमाणु कार्यक्रम के प्रमुख शिल्पियों में से एक थे और उन्होंने भारत की वैज्ञानिक और सामरिक क्षमताओं को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### वैज्ञानिक आर चिदंबरम का निधन, पोखरण परमाणु परीक्षणों में निभाई थी अहम भूमिका

नई दिल्ली। पोखरण परमाणु परिक्षण में अहम भूमिका निभाने वाले देश के पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार डॉ. राजगोपाल चिदंबरम का शनिवार को निधन हो गया है। उन्होंने 88 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चिदंबरम ने शनिवार तड़के तीन बजकर 20 मिनट पर मुंबई के जसलोक अस्पताल में अंतिम सांस ली। चिदंबरम का जन्म 11 नवंबर, 1936 को चेन्नई में हुआ था। उन्हें भारत के परमाणु हथियार कार्यक्रम में अहम भूमिका के लिए जाना जाता है। उन्होंने पोखरण-क(1975) और पोखरण-कक्र (1998) के परमाणु परिक्षणों में अहम भूमिका निभाई थी। चिदंबरम को साल 1975 और साल 1999 में पद्म श्री और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। पोखरण परमाणु परीक्षणों के मुख्य वास्तुकार ने 1974 में बॉम्बे से पोखरण तक प्लूटोनियम ले जाने वाले सैन्य ट्रक में यात्रा की। इंडिया राइजिंग मेमोयर ऑफ ए साइंटिस्ट में उन्होंने इसका खुलासा किया कि यह कार्यक्रम 1974 और 1998 के बीच गुप्त रखा गया था।

**शपथ** | **मंत्रालय के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नए वर्ष में नए संकल्पों के साथ कृषि विकास व किसान कल्याण के कामों को हम तेज गति से आगे बढ़ाएंगे।**

# कृषि उपज का भंडारण और परिवहन वहन करेगी सरकार: शिवराज

प्रात : किरण/ एजेंसी




नई दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में राज्यों के कृषि मंत्रियों के साथ मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस बैठक में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ देवेश चतुर्वेदी और मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मंत्रालय के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नए वर्ष में नए संकल्पों के साथ कृषि विकास व किसान कल्याण के कामों को हम तेज गति से आगे बढ़ाएंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीन से कहा था कि मैं तीसरे टर्म में तीन गुना ताकत से काम करूंगा, हम भी संकल्प लें कि अपनी पूरी क्षमता से काम में जुटेंगे। श्री चौहान ने कहा कि यह खुशी की बात है कि इस वर्ष कृषि क्षेत्र व संबद्ध क्षेत्र की विकास दर साढ़े 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। इसके लिए मैं अपने किसान भाइयों और सभी राज्यों के मंत्रियों को बधाई देता हूं क्योंकि आप सभी के परिश्रम से ही यह परिणाम आते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसान कल्याण और कृषि क्षेत्र में विकास की हमारी 6 सूत्रीय रणनीति है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले उत्पादन बढ़ाना झ्र प्रति हेक्टेयर या प्रति एकड़ उत्पादन कैसे बढ़ सकता है यह सरकार की रणनीति है, उसके लिए आईसीएआर लगातार रिसर्च करके उन्नत बीजों की किस्म को जारी करता है। सूक्ष्म सिंचाई योजना, मैकेनाइजेशन, तकनीक का प्रयोग, नई कृषि पद्धतियां आदि अनेकों दिशा में हम काम कर रहे हैं। उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ उत्पादन की लागत कैसे घटे ? आय को तेजी से बढ़ाने के लिए उत्पादन की लागत कम करने होगी आदि पर काम कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने पीएम किसान सम्मान निधि प्रारंभ की है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि अब तक 11 करोड़ किसानों को 18 किश्तों में 3.46 लाख करोड़ रुपये (3 लाख 46 हजार करोड़ रुपये) की राशि वितरित की गई है। मोदी जी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम 100 दिनों में 25 लाख से ज्यादा पात्र किसानों जोड़ा गया। 18वीं किश्त का लाभ लेने वालों की संख्या बढ़कर 9.58 करोड़ (9 करोड़ 58 लाख) हुई। उन्होंने कहा कि पीएम फसल बीमा योजना विश्व की सबसे बड़ी फसल बीमा योजना है। इसमें ऋणी आवेदन 876 लाख हैं और गैर-ऋणी आवेदन 552 लाख हैं। कुल 14.28 करोड़ (14 करोड़ 28 लाख) किसानों ने आवेदन किया है, 602 लाख हेक्टेयर क्षेत्र बीमित है और सकल बीमित राशि 2,73,049 करोड़ रुपये (2 लाख 73 हजार 049 करोड़ रुपये) है। 4 करोड़ किसानों को योजना से लाभ मिला है। योजना के प्रारंभ से अब तक 17 हजार करोड रुपए क्लेम के रूप में किसान भाइयों को दिया जा चुका है। श्री चौहान ने बताया कि कहा कि हमारे यहां उत्पादन की लागत घटाने के लिए फर्टिलाइजर पर सब्सिडी की व्यवस्था है पिछले साल 1लाख 95 हजार करोड रुपए खर्च हुए थे। कैबिनेट ने 1 जनवरी को फैसला लिया है कि फसल बीमा योजना में पहले से जो 66हजार करोड रुपए का प्रावधान था उसे बढ़ाकर 69 हजार करोड रुपए से ज्यादा कर दिया गया है। फर्टिलाइजर सब्सिडी जैसे ऊअढ अब 1350 रुपए कीमत पर प्रति 50 किलो ग्राम की बोरी मिलेगी, इसके,’टी 3800 करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि किसान क्रेडिट पर कम ब्याज पर कर्ज की व्यवस्था से लेकर अनेकों उपाय किए गए हैं। किसानों को अपने उत्पादन का ठीक दाम मिले इसके लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि गेहूं और चावल जितना भी आता है उसे एमएसपी पर खरीदने की व्यवस्था की व्यवस्था की जाती है। 2014-15 से 2024 25 तक 7 हजार 125 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदी गई है और 71 करोड़ 75 लाख मीट्रिक टन खरीदी गई है। प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत 1,60,818.63 मीट्रिक टन (1 लाख 60 हजार 818 मीट्रिक टन) तिलहन, दालें और कोपरा की खरीदी की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### कब कम होगा बच्चों के भारी भरकम बस्तों का बोझ

**चंपावत, एजेंसी।** शिक्षा विभाग की तमाम कोशिशों के बाद भी निजी स्कूली बच्चों के बस्ते का वजन कम नहीं हो रहा है। विभाग की ओर से सभी निजी विद्यालयों को बस्तों का वजन तय मानकानुसार किए जाने को लेकर निर्देश दिए गए हैं। बावजूद इसके बच्चों का बस्ता भारी होता जा रहा है। अभिभावकों की मांग है कि बच्चों का बस्ता कम से कम वजन का रखा जाए। अभिभावकों का कहना है कि निजी विद्यालयों के प्राथमिक कक्षाओं से ही बच्चे अपने नाजुक कंधों में कापी किताबों का भारी भरकम वजन उठा रहे हैं। ऐसे में अधिकांश अभिभावक बच्चों के बस्ते का वजन अपने कंधे में उठाकर उसे स्कूल तक पहुंचाने को मजबूर हैं। अभिभावकों की ओर से इस संबंध में विद्यालयों की शिकायत से मौखिक रूप में विभाग को अवगत कराया गया है। शिक्षा विभाग की ओर से कहा गया है कि ऐसे सभी विद्यालयों पर नकेल कसने की तैयारी की जा रही है, जो मानकों के अनुसार बच्चों के बस्ते का वजन तय नहीं कर अपनी मनमानी कर रहे हैं। विभाग की ओर से जारी नियमों का उल्लंघन करने और अनियमितता पाए जाने पर ऐसे सभी विद्यालयों को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा। खंड शिक्षाधिकारियों के माध्यम से ऐसे सभी विद्यालयों की मॉनिटरिंग कराई गई है। लेकिन नौ माह बीत गए हालात अभी भी जस के तस बने हुए हैं।

### मोहित-अमन ने जीता सोना और निखिल ने कांस्य

**काशीपुर, एजेंसी।** राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के मुक्केबाजों ने स्वर्ण समेत तीन पदक हासिल कर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। बीती 29-31 दिसंबर तक देहरादून में उत्तराखंड खेल महाकुंभ बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान साई काशीपुर के मुक्केबाज मोहित भंडारी सिंह ने 52 किलो भार वर्ग और 48 किलो में अमन कुमार ने अपने पंचों के दम पर प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर स्वर्ण पदक हासिल किया है। 52 किलो में निखिल भंडारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। सभी खिलाड़ी कोच मुकेश बेलवाल, वरुण शर्मा, सिकंदर पटेल से प्रशिक्षण ले रहे हैं। केंद्र प्रभारी नीरज कुमार, कोच ओमप्रकाश सिंह, संदीप सिंह नेगी, पवन शर्मा आदि ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### मैक्स का ब्रेक फेल, चालक की सूझबूझ से बची चार महिलाओं की जान

**थल (पिथौरागढ़), एजेंसी।** थल-मुनस्यारी सड़क पर एक मैक्स का ब्रेक फेल हो गया। चालक की सूझबूझ से सड़क किनारे जा रहीं चार महिलाओं की जान बच गईं। चालक ने वाहन को पहाड़ी से टकरा दिया जिससे वाहन सड़क पर पलट गया। घटना में चालक को हल्की चोट आई है। जानकारी के मुताबिक थल-मुनस्यारी सड़क पर यात्री छोड़कर लौट रही मैक्स का थल पुराने स्टेशन के पास अचानक ब्रेक फेल हो गया। वाहन तेज रफ्तार दौड़ने लगा तो सड़क किनारे आवाजाही करने वाली चार महिलाओं को बचाने के लिए चालक ने उसे चट्टान पर टकरा दिया। ऐसे में वाहन सड़क पर पलट गया और महिलाओं की जान बच गई। घटना में चालक स्थानीय निवासी नवीन कुमार को हल्की चोट आई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया कि चालक की सूझबूझ से बड़ा हादसा होने से बच गया।

### अस्पताल में बढ़ने लगे वायरल के मरीज

**चंपावत, एजेंसी।** जिला मुख्यालय में ठंड बढ़ने के साथ ही मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है। विशेषज्ञ चिकित्सकों के अनुसार कभी धूप, कभी बादल, बारिश के चलते बीमारी भी बढ़ने लगी है। जिला अस्पताल में हर रोज वायरल बुखार के 30 से अधिक मरीज इलाज के लिए आ रहे हैं। सीएमओ डॉ. हीरा सिंह ह्यांकी ने बताया कि इस मौसम में सेहत का ध्यान रखना जरूरी है। मौसम के अनुकूल होकर चलने की जरूरत है। जरा सी लापरवाही हमें लंबे समय तक बीमार कर सकती है। ऐसे में समय से खाना खाना जरूरी है। इसके अलावा उबला पानी जरूरी पीएं। ठंडा खाना खाने से परहेज करें। घर से बाहर निकलते समय शरीर को ढककर निकले।

# यूएसडीएमए करेगा वैज्ञानिक संस्थानों का सहयोग



**देहरादून, एजेंसी।**
उत्तराखंड में स्थित ग्लेशियर झीलों के अध्ययन और उनकी नियमित निगरानी के लिए उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (यूएसडीएमए) ने विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। इस दिशा में विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को सहयोग प्रदान करने के लिए यूएसडीएमए समन्वयक की भूमिका निभाएगा।

शुक्रवार को सचिवालय में केंद्रीय संस्थाओं के वैज्ञानिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने बताया कि राज्य में 13 ग्लेशियर झीलें चिन्हित की गई हैं, जिनमें से पांच को ÷ए-श्रेणी÷ में रखा गया है। उन्होंने बताया कि बीते साल एक दल ने चमोली जनपद के धौली गंगा बेसिन स्थित वसुधारा झील का सर्वे कर लिया है। इस दल में यूएसडीएमए, आईआईआरएस, वाडिया हिमालय भूविज्ञान संस्थान, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ और आइटीबीपी के प्रतिनिधि शामिल थे।

उन्होंने बताया कि पिथौरागढ़ जनपद में स्थित श्रेणी-ए की शेष चार झीलों का सर्वे 2025 में करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्लेशियर झीलों की निगरानी के लिए विभिन्न संस्थानों के साथ मिलकर एक फुलप्रूफ सिस्टम विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि यूएसडीएमए विभिन्न वैज्ञानिक संस्थानों को एक मंच पर लाना चाहता है ताकि ग्लेशियर झीलों पर व्यापक अध्ययन किया जा सके। उन्होंने बताया कि ग्लेशियर झीलों के सर्वे के लिए वाटर लेवल सेंसर, ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन, थर्मल इमेजिंग आदि अन्य आवश्यक उपकरणों को स्थापित किया जाएगा।

यूएसडीएमए के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी-प्रशासन आनंद स्वरूप ने कहा कि प्रथम चरण में ग्लेशियर झील की गहराई, चौड़ाई, जल निकासी मार्ग तथा आयतन का अध्ययन जा रहा है। इसके बाद अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाने की दिशा में कार्य किया जाएगा। साथ ही ऐसे यंत्र भी स्थापित किए जाएंगे जिससे पता चल सके कि ग्लेशियर झीलों के स्वरूप में क्या-क्या बदलाव आ रहा है।

उन्होंने बताया कि उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों से इन झीलों की निगरानी की जाएगी और यूएसडीएमए इसके लिए हर संभव सहयोग प्रदान करने के लिए तैयार है।

वाडिया हिमालयन भूविज्ञान संस्थान के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. डीपी डोभाल ने कहा कि ग्लेशियर झीलों के स्वरूप व प्रकृति का अध्ययन करना बहुत जरूरी है। अगर इनकी लगातार मॉनिटरिंग हो और सुरक्षात्मक उपाय भी साथ-साथ किए जाएं तो संभावित खतरे को न्यून किया जा सकता है।

बैठक में वैज्ञानिकों ने इस बात पर जोर दिया कि इन झीलों में सेडिमेंट डिपॉजिट कितना है, इसका भी अध्ययन जरूरी है। साथ ही रिमोट सेंसिंग के माध्यम से भी इन झीलों की निगरानी की जानी आवश्यक है। वैज्ञानिकों ने इस बात पर भी बल दिया कि विभिन्न संस्थान अपने-अपने अध्ययनों को एक दूसरे के साथ साझ करें।

बैठक में आईजी एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल, वित्त नियंत्रक अभिषेक आनंद, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, यू-प्रीपेयर के परियोजना निदेशक एसके बिरला, मोहित पूनिया, यूएसडीएमए के विशेषज्ञ रोहित कुमार, मनीष भगत, तंद्रीला सरकार, डॉ. वेदिका पन्त, डॉ पूजा राणा और हेमंत बिष्ट मौजूद थे।

**एनडीएमए कर रहा है मॉनीटरिंग:** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ग्लेशियर झीलों की मॉनीटरिंग कर रहा है। एनडीएमए द्वारा ग्लेशियर झील जोखिम न्यूनीकरण परियोजना संचालित की जा रही है ग्लेशियर झीलों का व्यापक अध्ययन किया जा सके और सुरक्षात्मक कदम समय रहते उठाए जा सकें। एनडीएमए की ओर से उत्तराखंड में 13 ग्लेशियर झीलें चिन्हित की गई हैं। इनमें बागेश्वर में एक, चमोली में चार, पिथौरागढ़ में छह, टिहरी में एक और उत्तरकाशी जिले में एक ग्लेशियर झील चिन्हित की गई है। इनमें से पांच झीलें ए-श्रेणी की हैं। सर्वप्रथम ए-श्रेणी की झीलों का अध्ययन किया जाएगा और उसके बाद बी तथा सी श्रेणी की झीलों का सर्वे होगा।

### बकाया जमा नहीं करने पर 20 कनेक्शन काटे

**रूड़की, एजेंसी।** ऊर्जा निगम की ओर से नारसन खुर्द गांव में बकाया वसूली के लिए कैंप लगाया गया। बृहस्पतिवार को कैंप में बकायेदारों ने 40 हजार रुपये जमा किए। बकाया जमा नहीं करने पर ऊर्जा निगम की टीम ने 20 घरों के कनेक्शन भी काटे। नारसन विद्युत उपकेंद्र पर तैनात जेई ईश्वर चंद्र ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं के पास बिजली का बिल बकाया है वह जल्द जमा कर दें। बकाया जमा नहीं करने पर कनेक्शन काटा जाएगा।

### गोल्फ कोर्स रेपिड में होगी राष्ट्रीय खेल की सलालम प्रतियोगिता

**ऋषिकेश, एजेंसी।** फूलचट्टी क्षेत्र का प्रसिद्ध गोल्फ कोर्स रेपिड में भी राष्ट्रीय खेलों की प्रतियोगिता होगी। यहां सलालम प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी इस बार उत्तराखंड को मिली है। उत्तराखंड के विभिन्न शहरों में राष्ट्रीय खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। प्रसिद्ध रेपिड जिसे गोल्फ कोर्स रेपिड के नाम से जाना जाता है, यहां गंगा में सलालम प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

## नगर निगम का सफाईकर्मी चोरी की घटना में शामिल

**ऋषिकेश, एजेंसी।** थाना रायवाला पुलिस में हरिपुरकलां स्थित पाल बस्ती में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी की इस वारदात में नगर निगम हरिद्वार का सफाई कर्मचारी भी शामिल था। पुलिस ने चोरी का सामान बरामद कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक बीएल भारती ने बताया कि बीते पांच दिसंबर को हरिपुरकलां के पाल बस्ती निवासी कविता गोस्वामी ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उनके घर से ज्वेलरी व कुछ नगदी चोरी हो गई है। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की। मोतीचूर फ्लाईओवर के नीचे सुखी नदी के पास बस्ती की ओर जाने वाले मार्ग पर कुछ लोग बैठकर चोरी की योजना बना रहे हैं। इसके बाद पुलिस टीम ने दबिश देकर दो आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों की पहचान फिरोज निवासी भोजपुर, पीपलसाना, मुरादाबाद हाल निवासी सपेरा बस्ती, भानियावाला, डोईवाला और तेजस निवासी झुग्गी झोपड़ी चंडीगढ़, श्यामपुर, हरिद्वार के रूप में हुई है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी का सामान बरामद कर लिया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मुरादाबाद के पीपलसाना निवासी बादशाह उर्फ नफीस के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था।

## 223 करोड़ की योजना से बुझेगी भीमताल और भवाली के लोगों की प्यास, 5700 को मिलेगा कनेक्शन



**नैनीताल, एजेंसी।** पेयजल निगम भीमताल की ओर से भीमताल और भवाली में पेयजल आपूर्ति को निरंतर सुचारू करने के लिए 223 करोड़ की लागत से नए ट्यूबवेल और नए पानी के टैंक के निर्माण किए जा रहे है। वहीं, पेयजल लाइन बिछाने के साथ लोगों को कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे।

नए साल पर भीमताल और भवाली के नगर वासियों की लंबे समय से चले आ रही पेयजल समस्या का सामाधान होने की उम्मीद जगीं है। पेयजल निगम भीमताल की ओर से भीमताल और भवाली में पेयजल आपूर्ति को निरंतर सुचारू करने के लिए 223 करोड़ की लागत से नए ट्यूबवेल और नए पानी के टैंक के निर्माण के साथ पेयजल लाइन बिछाने के साथ लोगों को कनेक्शन उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए विभाग की ओर से प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है और जल्द शासन में प्रस्ताव भेज दिया जाएगा। शासन से वर्ल्ड बैंक से धनराशि स्वीकृत होते ही निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा। ताकि भविष्य में भीमताल और भवाली में बढ़ती आबादी को पेयजल समस्या का सामना न करना पड़ सके।

पेयजल निगम की ओर से भीमताल नगर क्षेत्र के लिए 135 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। भीमताल में 09 नए ट्यूबवेल और 17 टैंक बनाएं जाएंगे। साथ ही 180 किमी पेयजल लाइन बिछाने के साथ 3500 लोगों को पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराएं जाएंगे।

भवाली नगर क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के लिए पेयजल निगम की ओर 88 करोड़ का प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। इसके तहत नगर में 07 नए ट्यूबवेल के साथ 08 पानी के टैंक तैयार किए जाएंगे। साथ ही 110 किमी पेयजल लाइन बिछाने के साथ 2200 लोगों को कनेक्शन दिए जाएंगे। इसके लिए विभाग की ओर से काम शुरू कर दिया गया है।

भीमताल और भवाली में लगभग 223 करोड़ की लागत से नए ट्यूबवेल, नए पानी के टैंक के साथ पेयजल लाइन बिछाने के बाद लोगों को पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। प्रस्ताव को शासन को भेजा जाएगा। वर्ल्ड बैंक से धनराशि मिलते ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। नए ट्यूबवेल और पानी के टैंक बनने से पानी की समस्या हल हो पाएगी।

## भीमताल में फ्यूल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, मची अफरातफरी, फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची



**भीमताल , एजेंसी।** भीमताल में एक फ्यूल फैक्ट्री में शनिवार की दोपहर भीषण आग लग गई। आग लगने से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई।


भीमताल सिडकुल स्थित एक फ्यूल फैक्ट्री में शनिवार की दोपहर 2.30 बजे भीषण आग लग गई। आग लगने से क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। फैक्ट्री के अंदर कोई कर्मचारी होने की बात सामने नहीं आई है।

## शव ले जाने के लिए नहीं मिली सरकारी एंबुलेंस

**हल्द्वानी , एजेंसी।**
सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती एक महिला की मौत के बाद परिजनों को अस्पताल से एंबुलेंस नहीं मिल सकी। दिनभर परेशान परिजनों ने मजबूरी में निजी एंबुलेंस कर मृतका का शव 150 किमी दूर गांव पहुंचाया।

पिछले माह आर्थिक तंगी के कारण एक युवती अपने भाई का शव टैक्सी की छत पर बांधकर हल्द्वानी से गंगोलीहाट (पिथौरागढ़) ले गई थी। इस खबर को संज्ञान में लेते हुए सीएम ने जांच का आदेश देने के साथ जरूरतमंद परिवारों के लिए फ्री एंबुलेंस की व्यवस्था करने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद शुक्रवार को एक महिला का शव अल्मोड़ा ले जाने के लिए परिजनों को घंटों इंतजार करना पड़ा। अंत में निजी खर्च पर एंबुलेंस करके शव ले जाना पड़ा।

दरअसल, सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी में भर्ती एक महिला की मौत के बाद परिजनों को अस्पताल से एंबुलेंस नहीं मिल सकी। दिनभर परेशान परिजनों ने मजबूरी में निजी एंबुलेंस कर मृतका का शव 150 किमी दूर गांव पहुंचाया। परिजनों का आरोप है कि उनके मरीज को समुचित रूप से इलाज भी नहीं मिल सका।




परिजनों के अनुसार 23 दिसंबर को अल्मोड़ा जिले के स्याल्दे भिकियासैंण ब्लॉक के पैठणा गांव निवासी 45 वर्षीय हेमा देवी पेड़ से गिर गई थी। उपचार के लिए तत्काल परिजन उन्हें उसी रात सुशीला तिवारी अस्पताल लेकर पहुंचे। उस दिन महिला को इमरजेंसी में रखा गया। अगले दिन 24 दिसंबर को मेडिसिन आईसीयू में भर्ती कराया गया। परिजनों का कहना है कि इस दौरान न्यूरो विभाग की ओर से सही ढंग से उपचार नहीं दिया गया। शुक्रवार सुबह 8~30 बजे महिला की मौत हो गई। आर्थिक रूप से कमजोर परिजनों का आरोप है कि एंबुलेंस के लिए उन्होंने अस्पताल प्रशासन से मांग की लेकिन एंबुलेंस नहीं मिली। दोपहर में उन्होंने निजी एंबुलेंस बुक की।

### भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कांग्रेस प्रत्याशी ने लिया नाम वापस

**ऋषिकेश, एजेंसी।** जौलीग्रांट स्वामीराम नगर वार्ड छह से कांग्रेस प्रत्याशी लक्ष्मी जोशी ने भाजपा प्रत्याशी प्रियंका मनवाल के समर्थन में अपना नाम वापस ले लिया है। कांग्रेस प्रत्याशी के नाम वापस लेने से अब मुकाबला भाजपा और निर्दलीय प्रत्याशी की बीच होगा।क्षेत्र की राजनीति में पहला मौका है जब एक-दूसरे के बड़े विरोधी दलों में से एक ने दूसरे के समर्थन में नाम वापस लिया है। जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने बिचली जौलीग्रांट पंचायत घर के पास लक्ष्मी जोशी के आवास पर जाकर उन्हें मिठाई खिलाकर जश्न मनाया।

## थराली विधायक के बेटे जयप्रकाश ने निर्दलीय चुनाव न लड़ने का लिया फैसला, भाजपा को दिया समर्थन

**चमोली, एजेंसी।**
कर्णप्रयाग नगरपालिका में थराली से पूर्व विधायक मुन्नीदेवी शाह के पुत्र गणेश शाह और वर्तमान विधायक भूपालराम टम्टा के पुत्र जयप्रकाश टम्टा के चुनावी मैदान में कूदने से भाजपा भी असहज नजर आ रही है।

चमोली निकाय चुनाव को लेकर जहां भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवारों ने नामांकन कर अपना दम दिखाया है, वहीं निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी चुनाव में राजनीतिक दलों के पसीने छुड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

कर्णप्रयाग नगरपालिका में थराली से पूर्व विधायक मुन्नीदेवी शाह के पुत्र गणेश शाह और वर्तमान विधायक भूपालराम टम्टा के पुत्र जयप्रकाश टम्टा के चुनावी मैदान में कूदने से भाजपा भी असहज नजर आ रही है। वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी जयप्रकाश ने अब मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष के अनुसार, जब मैं भाजपा का प्राथमिक सदस्य ही नहीं हूं तो फिर मेरे चुनाव लड़ने से भाजपा को कोई फर्क भी नहीं पड़ना था, लेकिन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उनके बड़े भाई की वार्ता हुई है और अब मुख्यमंत्री धामी जी के निर्देशानुसार उन्होंने चुनाव न लड़ने का मन बनाया है।

## मेनका गांधी को आरजी नौटियाल की दो टूक, कहा- मैडम ! हॉस्टल के पास तो हम नहीं बनने देंगे डॉग शेल्टर

ल्द्वानी, एजेंसी।
ुशीला तिवारी मेडिकल कॉलेज ल्द्वानी के गर्ल्स हॉस्टल में डॉग ल्टर बनाने का मुद्दा फिर गरमा या है। मुख्य छात्रावास अधीक्षक ॉ. आरजी नौटियाल पूर्व सांसद ौर एनिमल राइट्स एक्टिविस्ट नका गांधी के बीच शुक्रवार बात ई। जानिए क्या हुई बात-

सुशीला तिवारी मेडिकल ॉलेज हल्द्वानी के गर्ल्स हॉस्टल डॉग शेल्टर बनाने का मुद्दा फिर रमा गया है। मुख्य छात्रावास धीक्षक डॉ. आरजी नौटियाल र्व सांसद और एनिमल राइट्स क्टिविस्ट मेनका गांधी के बीच ुक्रवार बात हुई। डॉ. नौटियाल ने ाफ कर दिया कि गर्ल्स हॉस्टल पास तो शेल्टर नहीं बनने दिए जाएंगे। जो बने भी हैं, वे हटा दिए जाएंगे। दरअसल मेडिकल कॉलेज परिसर में 150 से अधिक कुत्ते घूमते हैं। यहां एनिमल वेलफेयर के नाम पर डॉग के लिए शेल्टर बनाने की बात हो रही थी। लेकिन डॉ. नौटियाल इसकी इजाजत नहीं दे रहे हैं। अब यह मामला मेनका गांधी के पास पहुंचा। शुक्रवार को दोनों के बीच हुई बातचीत वायरल हो गई। इसमें मेनका गांधी मेडिकल कॉलेज के छात्रावास के अंदर एक साल से अधूरे पड़े शेल्टर के पूरा नहीं होने पर सवाल उठाए तो डॉ. नौटियाल ने भी दो टूक जवाब दे दिया। बाद में मेनका गांधी ने यह कहकर बात खत्म की कि जो ठीक है।





## रामपुर रोड पर बेतरतीब बने कट दे रहे हादसों को दावत

### घटनाओं के लिए जिम्मेदार कौन?

**हल्द्वानी , एजेंसी।**
हल्द्वानी शहर की सबसे व्यस्त सड़क रामपुर रोड पर नगर निगम लंबे समय से स्ट्रीट लाइट तक नहीं लगवा पा रहा है। इतना ही नहीं इस मार्ग पर मानकों को दरकिनार करके डिवाइडर के बीच में कट छोड़े जा रहे हैं, जो हादसे का सबब बन रहे हैं।

प्रशासनिक लापरवाही का जरा नमूना देखिए। शहर की सबसे व्यस्त सड़क रामपुर रोड पर नगर निगम लंबे समय से स्ट्रीट लाइट तक नहीं लगवा पा रहा है। इतना ही नहीं इस मार्ग पर मानकों को दरकिनार करके डिवाइडर के बीच में कट छोड़े जा रहे हैं, जो हादसे का सबब बन रहे हैं। बृहस्पतिवार को रात नौ बजे से एक बजे के बीच इस रोड पर तीन हादसे हुए। गनीमत



रही कि दुर्घटनाओं में किसी की जान नहीं गई।

पहले रुद्रपुर से शहर की ओर आ रही एक कार रात नौ बजे देवलचौड़ पर डिवाइडर से टकराई। ठीक 10 मिनट बाद उसी दिशा से आ रही एक और कार डिवाइडर से टकरा गई। हालांकि किसी सवारी को चोट नहीं आई। इसके बाद रामपुर से सब्जी लेकर मंडी आ रहा एक ट्रक रात एक बजे के करीब कत्था फैक्टरी के पास डिवाइडर पर चढ़ गया। भीषण टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। हादसा इतना भयानक था कि ट्रक के पहिये तक अलग हो गए। रात का समय होने से सड़क पर उस समय आसपास कोई वाहन नहीं था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। ये हादसे इसलिए हो रहे कि इस मार्ग पर सरकारी मशीनरी की ओर से स्ट्रीट लाइटें नहीं लगाई गई हैं, जिससे वाहन चालकों को रात के अंधेरे में डिवाइडर नजर नहीं आ रहे हैं। रामपुर रोड पर पथ प्रकाश व्यवस्था के इंतजाम न के बराबर है। इस मार्ग का कुछ क्षेत्र नगर निगम और कुछ जिला पंचायत के अधीन है। मगर दोनों संस्थाओं में से किसी ने स्ट्रीट लाइटें लगाने का प्रयास नहीं किया। सड़क का एक किनारा जीतपुर नेगी तक का क्षेत्र निगम के वार्ड-56 देवलचौड़ मानपुर पश्चिम में आता है। यह सड़क जिला पंचायत क्षेत्र देवलचौड़ बंदोबस्ती में भी आती है। वहीं क्षेत्र के पूर्व पार्षद राजेंद्र नेगी का कहना है कि स्ट्रीट लाइटें लगाने का प्रस्ताव पूर्व में नगर निगम बोर्ड को सौंपा गया

# अरविंद केजरीवाल ने फिर किया झूठा वादा पानी बिल माफी पर भाजपा का पलटवार

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में विधानसभा चुनावों की घोषणा कभी भी हो सकती है। इसके लिए सभी पार्टियां तैयारियों में भी जुटी हैं। इसी बीच दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली की जनता से एक और वादा किया। अरविंद केजरीवाल ने ऐलान करते हुए कहा दिल्ली में प्रति माह प्रति परिवार 20 हजार लीटर पानी फ्री है। 12 लाख लोगों के पानी के बिल शून्य आ रहे हैं। केजरीवाल ने आगे कहा कि हम जेल गए थे तो इन्होंने पता नहीं क्या किया कि कई लोगों के पानी के हजारों और लाखों के बिल आ रहे हैं। जिन लोगों के बिल गलत आए हैं वे पानी के बिल ना भरें। यह केजरीवाल की गारंटी है कि चुनाव के बाद उनके बिल माफ करा देंगे। शनिवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा अभी तक बीजेपी के पास ने तो सीएम चेहरा है। ना ही कोई नैरेटिव और दिल्ली को लेकर कोई विजन है कि वो क्या करेंगे ? 10 साल में उन्होंने कोई काम नहीं किया। बीजेपी सिर्फ आम आदमी पार्टी को गाली देकर चुनाव जीतना चाहती है। हम लोगों को बता



रहे है कि हमने पिछले 10 साल में ये काम किए। आने वाले 5 साल में ये काम करेंगे। हमें हमारे काम के आधार पर वोट दो। जबकि बीजेपी कह रही है कि हमने 10 साल में अअढ को गालियां दी हैं। आने वाले 5 साल में और गालियां देंगे। अब जनता को तय करना है कि काम के नाम पर वोट दे या गालियों के नाम पर। दिल्ली के पूर्व सीएम केजरीवाल ने कहा कि कांग्रेस को सीरियसली लेने की जरूरत नहीं है, क्योंकि जनता ने ही कांग्रेस पार्टी को सीरियस लेना बंद कर दिया है।

अरविंद केजरीवाल ने पंजाब की महिलाओं के दिल्ली में प्रदर्शन पर कहा पंजाब की सभी महिलाएं आम आदमी पार्टी के साथ हैं। उन्हें हम पर भरोसा है। दिल्ली में कांग्रेस और भाजपा कार्यकताओं की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा है। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा अब कांग्रेस और बीजेपी को औपचारिक रूप से ऐलान कर देना चाहिए कि वो मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं।

ये चोरी छिपे पीठ पीछे एकसाथ अलायंस करना ठीक नहीं है। शनिवार को दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें उन्होंने अरविंद केजरीवाल को झूठा वादा करने वाला बताया। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा आज फिर से अरविंद केजरीवाल ने झूठ बोला है। दिल्ली में पानी आता ही नहीं है और जहां आता है वहां गंदा पानी आता है। दिल्ली के जनकपुरी में एक परिवार को 10 लाख रुपया पानी का बिल भेजा गया।

अरविंद केजरीवाल ने एमसीडी चुनाव से पहले भी ये घोषणा की थी। इसमें भी कहा गया था कि कोई पानी का बिल न भरे। इसे माफ किया जाएगा, लेकिन अभी तक किसी का भी पानी का बिल माफ नहीं किया गया। आज कोई चुनाव आचार संहित नहीं लगी है, तो क्यों आप ये बोल रहे हो कि चुनाव के बाद गलत बिल माफ किए जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### लूटपाट के प्रयास में महिला पर किया पेपर कटर से हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली, । लाहौरी गेट थाना पुलिस ने लूटपाट के प्रयास के दौरान महिला पर पेपर कटर से हमला करने वाले दो बदमाश को गिरफ्तार है। पकड़े गए आरोपियों में सलीम और कुंदन है। पुलिस ने इसके पास से मोबाइल, अपराध में इस्तेमाल पेपर कटर बरामद किया है। पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। उत्तरी जिला डीसीपी राजा बाँठिया ने बताया कि थाना प्रभारी योगेश्वर सिंह और एसआई हरीश यादव (चौकी इंचार्ज चर्च मिशन रोड) की देखरेख में गठित टीम ने शिकायत के बाद घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की गई 2 जनवरी को प्रयासों और तलाशी के बाद दोनों आरोपी सलीम और कुंदन को झुग्गी डीआरपी लाइन पुल मिठाई के इलाके से गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान खुलासा किया कि कुंदन ने पीड़िता की जैकेट की जेब से मोबाइल फोन चुराया था और जब उसने उसका पीछा करने की कोशिश की, तो उसने चोरी किया हुआ मोबाइल फोन अपने साथी को सौंप दिया। फिर महिला पीड़िता ने फिर से दूसरे साथी को पकड की कोशिश की, जिसने धारदार हथियार से पीड़िता के हाथों पर हमला किया और फिर उसने चोरी किया हुआ मोबाइल फोन वही पर फेंक दिया और दोनों भाग गए। सलीम की निशानदेही पर अपराध में इस्तेमाल किया गया धारदार हथियार पेपर कटर बरामद कर लिया।

### सीएम ने माना, असली सौगात विकास प्रोजेक्ट होते हैं : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने आज कहा कि हमें यह देख कर अच्छा लगा कि कल पांच जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लोकार्पण किये जाने वाले प्रोजेक्ट्स को मुख्यमंत्री आतिशी मालेर्ना दिल्ली वालों के लिए सौगात बता रही हैं। वीरेन्द्र सचदेवा ने एक बयान में कहा कि यह अच्छी बात है कि आज मुख्यमंत्री ने स्वीकार किया कि असली सौगात विकास प्रोजेक्ट होते हैं, ना कि लोकलुभावनी छलावा घोषणाएं। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आतिशी जिस आर.आर.टी.एस. प्रोजेक्ट को आज सौगात बता रही हैं, उसके लिए उनकी सरकार ने अपना छोटा सा आर्थिक सहयोग का शेयर न्यायालय की चेतावनी के बाद अदा किया था। उन्होंने कहा कि इसी तरह मुख्यमंत्री आज जिस मेट्रो खंड के उद्घाटन का श्रेय लेने का प्रयास कर रही हैं, उसी जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क की प्रोजेक्ट स्वीकृति को अरविंद केजरीवाल सरकार ने दो साल तक लंबित रखा था। रिठाला कुंडली मेट्रो फेज से दिल्ली सरकार का फिलहाल कोई लेने देना ही नहीं है।

### हवा की सुस्त रफ्तार से दमघोटू हुई हवा

नई दिल्ली। हवा की रफ्तार सुस्त होने से दिल्ली में प्रदूषण की मुसीबत और बढ़ गई है। शनिवार को दिल्ली के 13 स्थानों का वायु गुणवत्ता सूचकांक 400 से ऊपर यानी गंभीर श्रेणी में पहुंच गया। वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली का अनुमान है कि अगले दो दिनों के बीच भी वायु गुणवत्ता का स्तर इसी के आसपास रहेगा। दिल्ली के लोगों को प्रदूषित हवा से राहत नहीं मिल रही है। दिसंबर के महीने में नियमित अंतराल पर आए पश्चिमी विक्षोभों की वजह से बीच-बीच में हवा की गति बढ़ती रही और महीने के अंतिम सप्ताह में अच्छी बरसात भी हुई। इसका असर प्रदूषण के स्तर पर भी देखने को मिला, लेकिन नए साल के पहले सप्ताह में अभी तक दिल्ली को इस तरह की कोई राहत नहीं मिली है।

### हत्या मामले में वांछित महिला पुलिस के हत्थे चढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने मोती नगर इलाके में हुई हत्या के एक मामले में वांछित महिला को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। पुलिस से बचने के लिए वह बार-बार अपने ठिकाने बदल रही थी। पुलिस के हत्थे चढ़ी महिला रोजीदा रामा रोड झुग्गी बस्ती की रहने वाली है। इस संबंध में तीन अक्तूबर को मोती नगर थाने में मामला दर्ज किया गया था। इसमें शहनवाज नामक शख्स की दो पक्षों के बीच लड़ाई में लगी चोट के कारण मौत हो गई थी। इस मामले में स्थानीय पुलिस ने आरोपी आजाद और तीन नाबालिग को दबोचा था।

# केंद्र और 'आप' सरकार मिलकर रविवार को दिल्ली-एनसीआर को नई मेट्रो लाइन और आरआरटीएस की सौगात देगी : सीएम आतिशी

**रविवार को दिल्ली मेट्रो फेज-4 के रिठाला-कुंडली कॉरिडोर का शिलान्यास और जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन का उद्घाटन किया जाएगा। जबकि न्यू अशोक नगर से साहिबाबाद के बीच आरआरटीएस लाइन का उद्घाटन होगा। वहीं, दिल्ली- अलवर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में ₹आप₹ की सरकार में 200 किमी मेट्रो लाइन बनीं और 250 किमी से ज्यादा मेट्रो लाइन निमार्णाधीन है। 2015 से अबतक हमने मेट्रो विस्तार के लिए 7,278 करोड़ रुपए निवेश किया है, जबकि आरआरटीएस में 1,260 करोड़ रुपए दिए हैं।**

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में ₹आप₹ सरकार दिल्ली के अंदर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने को लेकर गंभीर है। दिल्ली की सीएम आतिशी ने बताया कि रविवार को केंद्र सरकार और दिल्ली की ₹आप₹ सरकार मिलकर दिल्ली- एनसीआर को नई मेट्रो लाइन और आरआरटीएस की सौगात देने जा रही है। रविवार को दिल्ली मेट्रो फेज-4 के रिठाला-कुंडली कॉरिडोर का शिलान्यास और जनकपुरी पश्चिम से कृष्णा पार्क एक्सटेंशन का उद्घाटन किया जाएगा। जबकि न्यू अशोक नगर से साहिबाबाद के बीच आरआरटीएस लाइन का उद्घाटन होगा। वहीं, दिल्ली- अलवर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर को कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में ₹आप₹ की सरकार में 200 किमी मेट्रो लाइन बनीं और 250 किमी से ज्यादा मेट्रो लाइन निमार्णाधीन है। 2015 से अबतक हमने मेट्रो विस्तार के लिए 7,278 करोड़ रुपए निवेश किया है, जबकि आरआरटीएस में 1,260 करोड़ रुपए दिए हैं।

सीएम आतिशी ने कहा कि रविवार को दिल्ली के इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में एक अहम दिन है। क्योंकि दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार जिस प्रोजेक्ट पर एक साथ काम कर रहे हैं, उन दो महत्वपूर्ण इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन होने वाला है। रविवार को दिल्ली मेट्रो की रिठाला से कुंडली कॉरिडोर, जो फेज 4 में आता है, उसका शिलान्यास किया जाएगा। तो वहीं मेट्रो की मजेंटा लाइन का जनकपुरी वेस्ट से कृष्णापुरी पार्क तक एक्सटेंशन का उद्घाटन किया जाएगा। रविवार से वह मेट्रो लाइन काम करना शुरू कर देगी। सीएम आतिशी ने कहा कि दिल्ली मेट्रो दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार का संयुक्त उद्यम है। इसमें केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार की 50-50 फीसद की भागीदारी है। 2014-15 से जब से दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनी है, तब से मेट्रो के काम




ने बहुत गति पकड़ी है। 2014-15 में दिल्ली में कुल मेट्रो की लाइन 193 किलोमीटर होती थी। मात्र दस साल में मेट्रो लाइन दोगुनी हो गई और 2024-25 में 193 किलोमीटर से बढ़कर 393 किलोमीटर बन गई। यानी इन दस सालों में 200 किलोमीटर मेट्रो लाइन का विस्तार हुआ। और न केवल 200 किलोमीटर की मेट्रो लाइन बनी है, बल्कि 250 किलोमीटर मेट्रो की लाइन पर वर्तमान में काम चल रहा है। पिछले 10 सालों में बड़े पैमाने पर दिल्ली मेट्रो का विस्तार हुआ है, जितना उससे पहले 18-19 साल में कभी नहीं हुआ। इसका असर हम मेट्रो की सवारी पर देख सकते हैं। सीएम आतिशी ने कहा कि जहां 2014-15 में रोजाना करीब 24 लाख यात्री दिल्ली मेट्रो से सफर किया करते थे, अब हर रोज 60 लाख से ज्यादा यात्री दिल्ली मेट्रो से सफर करते हैं। 2015 से लेकर 2025 तक दिल्ली सरकार ने दिल्ली मेट्रो में 7,278 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इसके विस्तार में, नई लाइन बनाने में, नए कोच लाने में पैसे खर्च किए हैं। इस दिल्ली मेट्रो के विस्तार के तहत पिछले 10 सालों में दिलशाद गार्डन से शहीद स्थल में रेड लाइन का विस्तार हुआ। मिलेनियम सिटी गुरुग्राम से समयपुर बादली तक पीली लाइन का विस्तार हुआ। 2019 में ब्लू लाइन की नोएडा सिटी सेंटर से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी तक का विस्तार हुआ। 2018 में सिटी पार्क, बहादुरगढ़ से मुंडका तक ग्रीन लाइन की शुरूआत हुई। कश्मीरी गेट से राजा नाहर सिंह स्टेशन तक वायलेट लाइन की शुरूआत हुई। सबसे पहला कॉरिडोर 2015 में मंडी हाउस से आईटीओ बना। इसके बाद बदरपुर से एस्कॉर्ट, आईटीओ से कश्मीरी गेट, एस्कॉर्ट से राजा नाहर सिंह, जो बल्लभगढ़ के हिस्से में है। पिंक लाइन बनी, जिसमें मजलिस पार्क से साउथ कैंपस, साउथ कैंपस से लाजपत नगर, त्रिलोकपुरी से शिव विहार, लाजपत नगर से मयूर विहार पॉकेट-1। साउथ दिल्ली को ईस्ट दिल्ली से कनेक्ट किया गया। सीएम आतिशी ने आगे कहा कि पिछले 10 सालों में मजेंटा लाइन भी बनी, जिसमें बॉटेनिकल गार्डन से कालकाजी मंदिर और कालकाजी मंदिर से जनकपुरी वेस्ट को जोड़ा गया। ग्रे लाइन बनी, जहां द्वारका से नजफगढ़ और नजफगढ़ से ढांसा बस स्टैंड का विस्तार हुआ। अभी हाल ही में एयरपोर्ट मेट्रो लाइन के विस्तार में द्वारका सेक्टर 21 से यशोभूमि द्वारका सेक्टर 25 में मेट्रो का विस्तार हुआ है। सीएम आतिशी ने कहा कि दिल्ली मेट्रो का जितना विस्तार पिछले 10 सालों में आम आदमी पार्टी की सरकार में हुआ, उतना विस्तार पहले कभी नहीं हुआ। जब मेट्रो की रफ्तार बढ़ती है, लोगों की आवाजाही की रफ्तार बढ़ती है, तो दिल्ली की अर्थव्यवस्था बढ़ती है। यही कारण है कि दिल्ली का जीएसडीपी लगातार बढ़ रहा है और यहां लोगों की प्रति व्यक्ति आय बढ़ रही है।

सीएम आतिशी ने कहा कि रविवार को इसके अलावा एक और महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट आरआरटीएस (रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम) का भी उद्घाटन है। एनसीआर (नेशनल कैपिटल रीजन), जिसका कुछ हिस्सा यूपी, हरियाणा और राजस्थान में है। यह एनसीआर दिल्ली के आर्थिक विकास से जुड़ा हुआ है। बहुत सारे ऐसे लोग हैं जो सोनीपत, बल्लभगढ़, नोएडा या फरीदाबाद में रहते हैं, लेकिन दिल्ली आकर काम करते हैं। वैसे ही दिल्ली में कई ऐसे लोग हैं जो रहते दिल्ली में हैं, लेकिन नौकरी करने के लिए गुरुग्राम, नोएडा या ग्रेटर नोएडा जाते हैं। इसलिए इस आरआरटीएस प्रोजेक्ट को केंद्र सरकार और दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और यूपी की राज्य सरकारों ने मिलकर फंड किया है। दिल्ली सरकार ने इस आरआरटीएस में 1,260 करोड़ रुपए दिए हैं। आरआरटीएस में अभी तीन कॉरिडोर को प्राथमिकता दी जा रही है। इसमें दिल्ली-मेरठ कॉरिडोर, दिल्ली-अलवर कॉरिडोर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर शामिल हैं। दिल्ली मेरठ कॉरिडोर का एमओयू साइन हो चुका है। हमारी सरकार ने इसके लिए 1,260 करोड़ रुपए की फंडिंग दी है। वहीं, दिल्ली-अलवर और दिल्ली-पानीपत कॉरिडोर को दिल्ली सरकार की कैबिनेट की मंजूरी दे दी गई है। सीएम आतिशी ने कहा कि आरआरटीएस जो केंद्र सरकार और दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और यूपी की राज्य सरकारों का संयुक्त उद्यम है। रविवार को आरआरटीएस के पहले हिस्से का उद्घाटन होगा। इसमें पहली लाइन साहिबाबाद से न्यू अशोक नगर तक इस आरआरटीएस लाइन की शुरूआत की जाएगी। मुझे इस बात की खुशी है कि केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार मिलकर दिल्ली मेट्रो और आरआरटीएस दोनों प्रोजेक्ट्स को फंड कर रही हैं। इसके इंफ्रास्ट्रक्चर से दिल्ली के आर्थिक विकास को गति मिलेगी। मुझे खुशी है कि रविवार को केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों मिलकर दिल्ली मेट्रो की नई लाइन और आरआरटीएस की नई लाइन का उद्घाटन कर रहे हैं।

## नई दिल्ली जिला निर्वाचन अधिकारी ने संजय सिंह के आरोपों को बताया गलत, डिटेल शेयर कर दी जानकारी

प्रात : किरण/ एजेंसी



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सांसद संजय सिंह और राघव चड्ढा ने शुक्रवार को जाम नगर हाउस में नई दिल्ली के जिला मजिस्ट्रेट से मुलाकात कर कथित मतदाताओं के नाम हटाए जाने की शिकायत दर्ज कराई थी। उनके आरोपों को लेकर शनिवार को नई दिल्ली जिला निर्वाचन अधिकारी की प्रतिक्रिया सामने आई है। नई दिल्ली जिला निर्वाचन अधिकारी के एक्स अकाउंट से एक पोस्ट शेयर कर आरोपों को निराधार बताया गया है। पोस्ट में कहा गया है, ₹राज्यसभा सांसद संजय सिंह का आरोप है कि जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), नई दिल्ली ने आपत्तिकताओं का विवरण नहीं दिया और दावा किया कि डीईओ जानबूझकर मतदाता सूची से मतदाताओं के नाम हटा रहे हैं, यह तथ्यात्मक रूप से सही नहीं है और निराधार है।

उन्होंने आगे बताया, ₹भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) के दिशानिर्देशों के अनुसार, फॉर्म 7 का सारांश, जिसमें ऑब्जेक्टर्स और ऑब्जैक्ट्स दोनों के नाम शामिल हैं, उनको फॉर्म 10 के माध्यम से साप्ताहिक आधार पर ह्यआपह्न सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जाता है। इसके अलावा यह जानकारी सार्वजनिक पहुंच और पारदर्शिता के लिए सीईओ दिल्ली की आधिकारिक वेबसाइट पर भी अपलोड की जाती है। इसलिए, यह आरोप कि ऑब्जेक्टर्स के नाम साझा नहीं किए जा रहे हैं, वह तथ्यात्मक रूप से सही नहीं हैं। इसी के तहत फॉर्म 10 की एक प्रति एक्स पर शेयर की गई है, जहां ऑब्जेक्टर्स और ऑब्जैक्ट्स के नामों को स्पष्ट रूप से सत्यापित किया जा सकता है।

इसके अलावा मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया है। कहा गया, ₹निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, मतदाता सूची से किसी भी नाम को हटाने की प्रक्रिया सख्ती से की जाती है। यह प्रक्रिया फॉर्म 7 दाखिल करने के साथ शुरू होती है और ऐसे सभी मामलों में बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ), बीएलओ सुपरवाइजर और अन्य अधिकारियों द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार एक सत्यापन किया जाता है। सिर्फ नाम हटाने के लिए एक लिस्ट जमा करने से इसकी प्रक्रिया शुरू नहीं होती है।

नई दिल्ली जिला निर्वाचन अधिकारी ने संजय सिंह की पत्नी अनीता से संबंधित आरोपों पर भी सफाई दी। उन्होंने कहा, ₹एक विशिष्ट उदाहरण को सामने लाने के लिए राज्यसभा सांसद संजय सिंह की पत्नी अनीता के नाम को मतदाता सूची से हटाने के लिए दो अलग-अलग फॉर्म 7 आवेदन दायर किए गए थे। फील्ड वेरिफिकेशन के बाद बीएलओ ने पाया कि वह दिए गए पते पर निवास कर रही हैं और दोनों फॉर्म 7 आवेदन को खारिज कर दिया गया। इसके अलावा फॉर्म 7 को गलत तरीके से दाखिल करने के लिए ऑब्जेक्टर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी। एफआईआर की प्रति भी जानकारी के लिए शेयर की गई है।

उन्होंने आगे कहा, ₹कई अन्य मामलों में नामों को हटाने के लिए फॉर्म 7 आवेदनों को उचित प्रक्रिया और फील्ड वेरिफिकेशन के बाद खारिज कर दिया गया है।

प्रत्येक आवेदन की व्यक्तिगत रूप से जांच की जाती है और अगर अवैध पाया जाता है तो मेरिट के आधार पर खारिज कर दिया जाता है। इसके अलावा उन्होंने झूठे आरोपों पर कहा, ₹यह आरोप कि डीईओ नई दिल्ली जानबूझकर वास्तविक मतदाताओं के नाम हटा रहे हैं, यह आरोप पूरी तरह से निराधार है। मतदाता सूची की अखंडता और सटीकता बनाए रखने के लिए निर्वाचन आयोग के मानदंडों का सख्ती से पालन करते हुए सभी तरह के निर्णय किए जाते हैं।

# व्यापारियों को गुमराह कर रही है दिल्ली सरकार : विजेंद्र गुप्ता

**विजेंद्र गुप्ता ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने 2022-23 के बजट में एशिया की सबसे बड़ी रेडीमेड कपड़ों के लिए प्रसिद्ध गांधी नगर की मार्केट के कायाकल्प के साथ-साथ पांच बड़ी मार्केट कमला नगर, लाजपत नगर, खारी बावली, कीर्ति नगर और सरोजिनी नगर के रिडेवलपमेंट की योजना पेश की थी। इन माकेर्टों के विकास के लिए सौ करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया था।**

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर दिल्ली के व्यापारियों को झूठ बोलकर उन्हें गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आतिशी दिल्ली के जिन बाजारों के कायाकल्प का वादा कारोबारियों से कर रहीं हैं, वो कभी पूरा होने वाला नहीं है, क्योंकि आप झूठे वादे करने वाली सरकार है। इस सरकार ने 2022 के बजट में दिल्ली के पांच बाजारों का कायाकल्प करने का वादा किया था जिसे तीन साल बाद भी सरकार ने पूरा नहीं किया। विजेंद्र गुप्ता ने आज यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ने 2022-23 के बजट में एशिया की सबसे बड़ी



रेडीमेड कपड़ों के लिए प्रसिद्ध गांधी नगर की मार्केट के कायाकल्प के साथ-साथ पांच बड़ी मार्केट कमला नगर, लाजपत नगर, खारी बावली, कीर्ति नगर और सरोजिनी नगर के रिडेवलपमेंट की योजना पेश की थी। इन माकेर्टों के विकास के लिए सौ करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया था। गुप्ता ने कहा कि सरकार की तरफ से कहा गया था कि इस योजना के अंतर्गत इस राशि से सभी माकेर्टों में पानी, सीवर, इलेक्ट्रिसिटी, फायर, टायलेट ब्लाक्स, सड़कों का सौंदर्यीकरण और बाकी सुविधाओं का इंतजाम किया जाएगा। मगर, यह योजना सिर्फ कागजों में ही रह गई है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इन बाजारों का कायाकल्प या रिडेवेलपमेंट तो दूर की बात है, यहां मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। हालत यह है कि बाजारों में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। सरकार ने दिल्ली की जनता और कारोबारियों को सपने तो दिखा दिए लेकिन ये सपने घोषणा से आगे नहीं बढ़ पाए। अब चुनाव सिर पर आ गए हैं तो आप सरकार को अपने पुराने वादों की याद आ गई है और कारोबारियों से झूठे वादे कर फिर से उन्हें बरगलाने की कोशिशें हो रही हैं। गुप्ता ने कहा कि दिल्ली के व्यापारी अब इनके झांसे में आने वाले नहीं हैं। गुप्ता ने आतिशी को सलाह दी है कि वे इन पुराने चुनावी जुमलों को छोड़ दें, क्योंकि इन झूठे वादों से अब आप की दाल गलने वाली नहीं है और आने वाले विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी की हार तय है।

# दिल्ली को आम आदमी पार्टी ने 10 साल में किया बर्बाद: सुधांशु त्रिवेदी

प्रात : किरण/ एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने शनिवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी पर दिल्ली को बर्बाद करने का आरोप लगाया है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि दिल्ली में वित्तीय आपदा है। हमें दिल्ली को बचाना है। इतने सालों में दिल्ली घाटे में चल रही है। आंकड़े बता रहे हैं कि दस साल निरंतर नीचे जाते जाते ये आज घाटे की तरफ आगे बढ़ गए हैं। पिछले 10 सालों में दिल्ली की वित्तीय स्थिति लगातार खराब होती गई है, जिससे घाटा बढ़ता गया है। आम आदमी पार्टी ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 के लिए राष्ट्रीय लघु बचत कोष (एनएसएसएफ) से 10,000 करोड़ रुपये उधार लेने की मांग की है। यह चिंताजनक और दुर्भाग्यपूर्ण दोनों है।

आम आदमी पार्टी ने धीरे-धीरे दिल्ली की वित्तीय स्थिरता को बर्बाद कर दिया है। इसने दिल्ली के खजाने को लूटने में कई रिकॉर्ड बनाए हैं। दिल्ली में रेवेन्यू कलेक्शन भी काम हो रहा है। पंजाब में आम आदमी पार्टी के खिलाफ महिलाएं विरोध कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि गरीबों के लिए कैसे काम करना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीखिए। सिर्फ फ्री बांटने से सरकार नहीं बनती। दिल्ली को इस आपदा से भारतीय जनता पार्टी बचाएगी। केजरीवाल सरकार ने जितने भी कर्ज छोड़कर जाएगी, वह भाजपा की दिल्ली में बनी सरकार को चुकाना पड़ेगा। केजरीवाल सरकार की इस तरह की आपदाओं का सामना हमें करना पड़ेगा। उन्होंने आगे कहा कि मंदिर, गुरुद्वारों में पैसे बांटने से कुछ नहीं होगा। यह सब बस चुनावी स्टंट हैं।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि वित्तीय दृष्टि से राष्ट्रीय राजधानी को सबसे बेहतर आर्थिक स्थितियों वाला राज्य माना जाता है। जहां, लोगों की आय बेहतर होती है। जब आम आदमी पार्टी को ये सत्ता मिली, तब दिल्ली मुनाफे वाला बजट हुआ करता था। 2024-25 पहला साल होने जा रहा है। जब दिल्ली घाटे की तरफ बढ़ रही है। साल 2014-15 और साल 2015-16 में दिल्ली का राजस्व लाभ 1.56 फीसदी का था। फिर वे 2016-17 से गिरना शुरू होता है। जो 0.85 फीसदी पर आता है और गिरता जाता है। इस साल वे घाटे में जाता दिख रहा है।

**नजर** -धर्मेंद्र प्रधान ने किया सशक्त बेटी और ई-दृष्टि नामक परियोजनाओं का शुभारंभ

# अनाथ, एकल बालिका और दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को मिले लैपटॉप और टैबलेट

नई दिल्ली, 04 जनवरी (वेब वार्ता)। दिल्ली विश्वविद्यालय में अनाथ, एकल बालिकाओं और दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को नए साल का तोहफा मिला है। शनिवार को ऐसे छात्रों को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लैपटॉप व टैबलेट दिए हैं। इसके लिए उन्होंने डीयू फाउंडेशन की सशक्त बेटी और ई-दृष्टि नामक दो परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 300 लैपटॉप और 300 टैबलेट छात्र-छात्राओं को वितरित किए। सशक्त बेटी परियोजना न केवल दूरस्थ शिक्षा की सुविधा प्रदान करती है बल्कि डिजिटल साक्षरता को भी बढ़ाती है। प्रोजेक्ट ई-दृष्टि दृष्टिबाधित छात्रों की सीखने और अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने के लिए टैबलेट प्रदान करता है। इसे दृष्टिबाधित उपयोगकताओं की पढ़ने, नोट लेने और डिजिटल सामग्री को नेविगेट करने जैसी जरूरतों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। डीयू विश्वविद्यालय फाउंडेशन (डीयू द्वारा स्थापित कंपनी) की ओर से शनिवार को पहला समर्पण समारोह आयोजित किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि डीयू के इतिहास में दानियों के समर्पण समारोह का आयोजन पहली बार हुआ।

अगले एक दो वर्षों में डीयू फाउंडेशन के कॉर्पस में 100 करोड़ रुपए आने चाहिए, वह स्वयं भी इसके लिए प्रयास करेंगे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार शिक्षा पर खर्च बढ़ा रही है और आने वाले दिनों में इसे और बढ़ाया जाएगा। नजफगढ़ स्थित रोशनपुरा में बनने वाले कॉलेज का नाम वीर सावरकर रखने पर उन्होंने कहा कि सावरकर का देश भक्त के रूप में अपना एक रास्ता था। हम इतिहास को बदलना



नहीं चाहते, बल्कि इतिहास को बड़ा करना चाहते हैं। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय को पूर्णतः समर्पित एक एम्बुलेंस का अनावरण एवं कमेमोरेटिव वॉल्यूम ऑफ डोनर्स क्रॉनिकल, 2024 का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो योगेश सिंह ने डीयू फाउंडेशन में दान देने वाले सभी दानियों को धन्यवाद करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प को पूर्ण करने का साधन शिक्षा है। इस अवसर पर सांसद मनोज तिवारी, डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो बलराम पाणी, दक्षिणी परिसर के निदेशक प्रो श्री प्रकाश सिंह, रजिस्ट्रार डॉ विकास गुप्ता, डीयू फाउंडेशन के सीईओ प्रो अनिल कुमार सहित विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र, विभिन्न संस्थानों के प्रमुख, विभिन्न संकायों के डीन व शिक्षक उपस्थित रहे।

सशक्त बेटी परियोजना का लक्ष्य डीयू में पढ़ रही उन छात्राओं को लैपटॉप प्रदान करके सशक्त बनाना है जो या तो अनाथ हैं या चार लाख रुपये से कम पारिवारिक आय वाली एकल बेटी संतान है। डीयू के लिए पूरी तरह से सुसज्जित एम्बुलेंस एलआईसी गोल्डन जुबली फाउंडेशन द्वारा दान की गई है। यह एम्बुलेंस सेवा डीयू के संकाय, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल पहुंच और आपातकालीन सेवा सुनिश्चित करेगी।

**शनिवार को ऐसे छात्रों को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लैपटॉप व टैबलेट दिए हैं। इसके लिए उन्होंने डीयू फाउंडेशन की सशक्त बेटी और ई-दृष्टि नामक दो परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 300 लैपटॉप और 300 टैबलेट छात्र-छात्राओं को वितरित किए। सशक्त बेटी परियोजना न केवल दूरस्थ शिक्षा की सुविधा प्रदान करती है बल्कि डिजिटल साक्षरता को भी बढ़ाती है। प्रोजेक्ट ई-दृष्टि दृष्टिबाधित छात्रों की सीखने और अनुसंधान क्षमताओं को बढ़ाने के लिए टैबलेट प्रदान करता है।**

# नई दिल्ली से केजरीवाल, कालकाजी से आतिशी चुनाव हारेंगी: वीरेंद्र सचदेवा

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, 04 जनवरी (वेब वार्ता)। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को दावा किया कि पहली सूची में जिन 29 उम्मीदवारों का नाम सामने आया है सभी जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि पूर्व सीएम और वर्तमान सीएम दोनों का हारना तय है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शनिवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा, नई दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और कालकाजी विधानसभा सीट से मुख्यमंत्री आतिशी चुनाव हारेंगी। उम्मीदवारों की घोषणा के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, सभी उम्मीदवार जीत दर्ज करेंगे लिस्ट अच्छी जारी हुई है। आम आदमी पार्टी को इस बार दिल्ली से जनता हटाने का मूड बन चुकी है। 29 कमल के योद्धा हम लोगों ने जनता को समर्पित



किए हैं। इस लिस्ट में अनुभवी, युवा और संगठन के लोग भी हैं। सभी को दिल्ली की जनता है और इस बात में कोई दो राय नहीं है कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनेगी। भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली में डबल इंजन की सरकार बनाएगी। भाजपा ने दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में भाजपा ने 29 उम्मीदवारों को टिकट दिया है। नई दिल्ली से भाजपा ने पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा, और कालकाजी सीट से पूर्व सांसद रमेश बिधूड़ी को टिकट दिया है। नई दिल्ली से इस सीट पर कांग्रेस की ओर से संदीप दीक्षित, कालकाजी विधानसभा सीट पर अलका लांबा को टिकट दिया गया है। यह दोनों सीट इस विधानसभा चुनाव में हॉट सीट मानी जा रही है। क्योंकि, नई दिल्ली से चौथी बार केजरीवाल चुनाव लड़ रहे हैं। कालकाजी से आतिशी दूसरी बार चुनाव लड़ रही हैं। आम आदमी पार्टी को भरोसा है कि वह दोनों सीट आसानी से निकाल लेंगे। लेकिन, इन दोनों सीट पर कांग्रेस के मजबूत प्रत्याशी भी उन्हें टक्कर दे रहे हैं। अब भाजपा ने इन दोनों सीट पर अपने पुराने सांसदों को मैदान में उतारकर दोनों सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय कर दिया है। भाजपा के इन दोनों सांसदों की टिकट लोकसभा चुनाव के दौरान काट ली गई थी। हालांकि, भाजपा से टिकट कटने के बाद भी दोनों ने भाजपा के लिए लोकसभा चुनाव में जमकर प्रचार किया। आज भाजपा ने उन्हें विधानसभा चुनाव की दो मुख्य सीटों पर टिकट देकर फिर से विश्वास जताया है।

## संक्षिप्त खबरें

### दंगा के दौरान हत्या करने वाला आरोपी गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने हत्या और गैर इरादतन हत्या के प्रयास मामले में वांछित एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह पिछले दो सालों से फरार चल रहा था। गिरफ्तार आरोपी हेमंत कुमार झा उर्फ बिल्ला दिल्ली के सिरसपुर का रहने वाला है। स्वरूप नगर थाने में दर्ज मामले में आरोपी हेमंत ने अपने साथियों के साथ मिलकर केशव नामक व्यक्ति की दंगा के दौरान हत्या कर दी थी। क्राइम ब्रांच ने बताया कि हेमंत उर्फ बिल्ला को हैदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास से दबोचा लिया गया।

### दवाइयां चोरी कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

नोएडा। सेक्टर-63 पुलिस ने कंपनी में जीडीए के पद पर रहते हुए करीब दो लाख रुपये की दवाई चोरी कराने के आरोप में कर्मचारी को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर 60 हजार रुपये से अधिक की दवाई बरामद की गई। पुलिस अब कंपनी में चोरी करने वाले मुख्य आरोपी को खोज रही है। एसीपी राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि अभिषेक जैन ने 11 दिसंबर 2024 को मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि वह सिग्नस मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में बिजनेस हेड हैं। उनकी कंपनी का सेक्टर-63 के ए ब्लॉक स्थित भूतल पर फामेर्सी का गोदाम है। 17 नवंबर को कंपनी द्वारा वेयर हाउस में रखे माल का रूटीन ऑडिट हुआ। पूरे स्टॉक की जांच करने पर गायब हुई दवाइयों के बारे में जानकारी हुई। जांच के दौरान पता चला कि वेयर हाउस में लगभग दो लाख रुपये कीमत की दवाएं कम हैं। वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चला कि चार नवंबर की रात लगभग 8:30 बजे एक व्यक्ति पिछले हिस्से में लगी खिड़की के रास्ते अंदर घुसा और दवाइयां चुराकर ले गया। शिकायतकर्ता का कहना था कि चोरी करने वाले व्यक्ति से वेयर हाउस में काम करने वाले किसी व्यक्ति से मिले होने की संभावना है, जिसने उसे बताया कि गोदाम में महंगी दवाइयां कहां रखी हैं। चोर गोदाम में घुसा और 15 मिनट के भीतर बैग में रखीं महंगी दवाइयां चोरी करके जल्दी बाहर निकल गया। पुलिस कैमरों की फुटेज के आधार पर चोर को पकड़ने का प्रयास कर रही थी। जांच के बाद शनिवार को पुलिस ने कंपनी में जीडीए के पद पर कार्य करने वाले मध्य प्रदेश के जिला ग्वालियर की न्यू कॉलोनी निवासी सुमित शर्मा को गिरफ्तार कर लिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार ने दम तोड़ा

नोएडा। स्पेक्ट्रम मॉल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल में उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-113 पुलिस को दी शिकायत में होशियारपुर निवासी विकास ने बताया कि बीते 29 दिसंबर को उनके पिता राजकुमार अपनी साइकिल से काम करने गए थे। काम समाप्त कर जब वह लौट रहे थे, तभी सेक्टर-78 स्थित अंतरिक्ष गोल्फ व्यू सोसाइटी के पास अज्ञात वाहन के चालक ने राजकुमार की साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल के परखच्चे उड़ गए। हादसे में सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने से उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उनको अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान साइकिल सवार की मौत हो गई। गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

### कार से स्टंट कर रहे युवकों का वीडियो वायरल

नोएडा। फॉर्च्यूनर गाड़ी से स्टंट कर रहे युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। यातायात पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत 33 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया। स्टंट करने वाले युवकों की भी पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। वीडियो नोएडा के सेक्टर-126 का बताया जा रहा है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल 28 सेकेंड के वीडियो में एक युवक गाड़ी की बोनट पर बैठा है, जबकि बाकी दो युवक गाड़ी की खिड़कियों से लटककर रील बना रहे हैं। कार की सभी लाइटें जल रही हैं। कार के अंदर बैठा चालक वाहन को सड़क पर गोल-गोल घुमा रहा है। फॉर्च्यूनर गाड़ी पर सत्तारूढ़ पार्टी का झंडा भी लगा है। जब युवक फॉर्च्यूनर कार पर स्टंट कर रहे थे तो किसी ने इसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि वीडियो बनाने वाला व्यक्ति वीडियो में दिख रहे युवकों का दोस्त है। यूजर ने कमिश्नरेट पुलिस के अधिकारियों को वीडियो टैग कर स्टंट करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

# केजरीवाल ने 50 हजार गज में बनाया 45 करोड़ रुपये का शीश महल : अमित शाह

## शाह ने कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का किया उद्घाटन

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। लक्ष्मी बाई नगर में नवनिर्मित कामकाजी महिला छात्रावास ह्यसुषमा भवनह्ण का शनिवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने उद्घाटन किया। साथ ही उन्होंने मोती बाग के माडर्न एनिमल केयर फैसिलिटी का भी वर्चुअल अनावरण किया।

कामकाजी महिला छात्रावास का नामकरण पूर्व विदेश मंत्री सुषमा स्वराज के नाम पर किया गया है। अमित शाह ने कहा कि सुषमा स्वराज एनडीए 1 और एनडीए 2 के दौरान मंत्री थीं और कई महत्वपूर्ण विभागों को संभाला। उन्हें विदेश मंत्री या स्वास्थ्य मंत्री से ज्यादा विपक्ष की प्रखर नेता के तौर पर याद किया जाएगा। सुषमा स्वराज ने विपक्ष नेता के तौर पर कांग्रेस



के लाखों करोड़ के भ्रष्टाचार को संसद में उजागर किया। लोकतंत्र का इतिहास में जब भी विपक्ष के नेता की उत्कृष्ट भूमिकाओं का उदाहरण दिया जाएगा, सुषमा स्वराज का नाम जरूर लिया जाएगा। गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) का सरकार पर जमकर हमला बोला।

केजरीवाल को जबाव देते हुए उन्होंने केंद्र सरकार के कामों को गिनाया। उन्होंने कहा आप सरकार इसमें से एक तिहाई काम को भी झुठला दे, फिर हमारे कामों के आस-पास भी नहीं पहुंच सकेंगे। अमित शाह ने कहा अभी यह लिस्ट पूरी नहीं है, चुनाव अभियान शुरू होने पर मैं पूरी लिस्ट के साथ मैदान में उतरूंगा। हम तो अपना हिसाब दे रहे हैं, अब जरा केजरीवाल जी अपने 45 करोड़ के शीशमहल का भी हिसाब दिल्ली की जनता को दें। ये वो लोग हैं, जो कहते थे कि हम नई तरह की राजनीति शुरू करेंगे। बंगला नहीं लेंगे, गाड़ी नहीं लेंगे।

# मकोका मामले में गिरफ्तार विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर टली सुनवाई

प्रात : किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट ने मकोका के मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के उत्तम नगर से विधायक नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर सुनवाई टाल दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई टली। याचिका पर अगली सुनवाई 8 जनवरी को होगी। वहीं शनिवार को ही मकोका से जुड़े मामले में दिल्ली पुलिस ने पहली चार्जशीट दाखिल की। दिल्ली पुलिस ने मामले में एक आरोपी रितिक पीटर के खिलाफ मकोका की धारा 3 के तहत लगभग 300 पेजों की चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट चार्जशीट पर संज्ञान लेने पर 9 जनवरी को सुनवाई करेगा।

**कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को जारी किया था नोटिस:** इससे पहले कोर्ट ने 21 दिसंबर, 2023 को नरेश बाल्यान की जमानत याचिका पर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया था। मकोका के मामले में नरेश बाल्यान 9 जनवरी तक की न्यायिक हिरासत में है।

बता दें कि, 4 दिसंबर को वसूली के मामले में नरेश बाल्यान को जमानत मिलने के बाद दिल्ली पुलिस ने मकोका मामले में गिरफ्तार कर लिया था। दिल्ली पुलिस ने वसूली के मामले में नरेश बाल्यान को 30 नवंबर की रात में गिरफ्तार किया था। इससे पहले बीजेपी ने नरेश बाल्यान का एक ऑडिया क्लिप जारी किया था, जिसमें गैंगस्टर कपिल सांगवान उर्फ नंदू और नरेश बाल्यान के बीच बातचीत थी। इस ऑडियो क्लिप को शेयर करते हुए बीजेपी ने नरेश बाल्यान पर वसूली का आरोप लगाया था। इसी ऑडियो क्लिप के आने के बाद नरेश बाल्यान को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसके बाद नरेश बाल्यान को गिरफ्तार कर लिया गया था।

**नरेश बाल्यान और गैंगस्टर के बीच बातचीत का मामला:** दिल्ली पुलिस के मुताबिक, नरेश बाल्यान और गैंगस्टर के बीच बातचीत का मामला 2023 का है। इसे लेकर 2023 में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। कपिल सांगवान एक कुख्यात गैंगस्टर है जो फिलहाल ब्रिटेन में रह रहा है। वह पिछले पांच वर्षों से ब्रिटेन में है। वह और नरेश बाल्यान दिल्ली के नजफगढ़ के रहने वाले हैं। सांगवान हरियाणा के नफे सिंह हत्याकांड का भी मास्टरमाइंड है। उसको बल्लू पहलवान और बीजेपी नेता सुरेंद्र मटियाला की हत्या का भी मास्टरमाइंड माना जाता है। नरेश बाल्यान 2015 से उत्तम नगर विधानसभा सीट से आप विधायक हैं।

# फायरिंग करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

प्रात : किरण/एजेंसी

ग्रेटर नोएडा। दादरी कोतवाली क्षेत्र के कोट गांव में एक घर पर फायरिंग करने वाले आरोपियों की गिरफ्तारी के मांग को लेकर पीड़ित परिजन शनिवार को डीसीपी से मिलने पहुंचे। पीड़ित परिवार ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने की मांग की है। आरोप है कि आरोपियों ने पूर्व में भी हमला किया था। कोट गांव के रहने वाले रवि ने दादरी कोतवाली में एक लिखित शिकायत दी थी। रवि का आरोप है कि एक जनवरी की देर रात उनके घर पहुंचकर गाली गलौज और फायरिंग की गई। पीड़ित परिवार ने किसी तरह अंदर छिपकर अपनी जान बचाई। आरोप है कि आरोपी रंजिशन पूर्व में भी उन पर हमला कर चुके हैं। आरोपियों ने पूर्व में पीड़ित की गाड़ी पर कई राउंड फायरिंग की थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था और दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि जेल से जमानत पर छूटने के बाद आरोपी फिर से गाली गलौज करते हुए उनके घर पहुंचे और दहशत फैलाने और मारने के नियत से फायरिंग की। घर के दरवाजे पर गोली के निशान बने हैं। पीड़ित परिवार के लोग शनिवार को ग्रेटर नोएडा डीसीपी से मिलने पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। डीसीपी ने मुकदमा दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया है।

# दिल्ली: लड़कियों को ब्लैकमेल करने वाले आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली में पश्चिमी जिले के साइबर थाना पुलिस टीम ने लड़कियों को ब्लैकमेल करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रोफाइल बनाकर लड़कियों से संपर्क करके उन्हें विश्वास में लेकर फिर उनके प्राइवेट फोटो वीडियो किसी न किसी बहाने से हासिल करके उन्हें ब्लैकमेल करता था।

आरोपी की पहचान शकरपुर निवासी तुषार बिष्ट के रूप में हुई है। आरोपी बीबीए तक पढ़ाई कर चुका है। पश्चिमी दिल्ली के डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि आरोपी तुषार बिष्ट पहले यह शौकिया



तौर पर इस तरह से लड़कियों को संपर्क करके उनसे चैटिंग करता था। डीसीपी ने कहा कि आरोपी ने बाद में सोचा कि क्यों ने ब्लैकमेल करके उनसे पैसे भी कमाया जा सकता है। उसको लगा कि लड़कियां अपनी पहचान का खुलासा नहीं करेंगी और शिकायत भी नहीं करेगी। इसलिए उसे पकड़े जाने का भी डर नहीं था। इसी का फायदा उठाकर यह 500 से ज्यादा लड़कियों को अब तक टारगेट कर चुका है। पुलिस को आरोपी के मोबाइल में काफी संख्या में वीडियो और फोटो भी मिले हैं। डीसीपी विचित्र वीर ने बताया कि पीड़ित लड़कियों में से एक ने हिम्मत जुटाई और 13 दिसंबर 2024 को पश्चिमी जिले के साइबर थाने में आरोपी के खिलाफ शियाकत दर्ज कराई। इसके बाद पुलिस ने छानबीन शुरू की। टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी के बारे में पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उन लड़कियों से भी संपर्क करने की महिला स्टाफ के द्वारा कोशिश कर रही है, जो इस मास्टरमाइंड का शिकार हुई हैं। लड़कियां अपनी पहचान उजागर होने के डर से सामने नहीं आई थी।

# जिम ट्रेनर की हत्या का मास्टरमाइंड से गिरफ्तार

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। क्राइम ब्रांच ने गैंगस्टर इरफान उर्फ छेनू गैंग के एक शार्प शूटर समीर शेख उर्फ सोनू बंगाली को राजस्थान के अजमेर से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी त्रिलोकपुरी में एक जिम ट्रेनर की हुई हत्या का मास्टरमाइंड है। इसने छह अन्य साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची थी। वारदात के बाद वह फरार हो गया था। उसकी तलाश में पुलिस ने उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कई जगहों पर छापेमारी की थी। वह 27 मामलों में संलिप्त रहा है। पुलिस के हत्थे चढ़ा आरोपी समीर की इरफान उर्फ छेनू से मुलाकात जेल में हुई थी। मार्च 2024 में जेल से बाहर आने के बाद वह फिर से अपने गिरोह के सदस्यों के संपर्क में आया और उसने त्रिलोकपुरी में जिम ट्रेनर रवि यादव की हत्या की योजना बनाई। इसमें उसके साथी शोएब उर्फ वांटेड, मुराद, सोबित, सुनील उर्फ गोलू, राहुल, मुथु और एक नाबालिग आरोपी शामिल थे। इसके लिए इसने यूपी के बदायूं से चार अवैध हथियार और 20 राउंड गोली का इंतजाम किया था। समीर शेख हथियार समेत अपने साथियों के साथ त्रिलोकपुरी स्थित छोटा पार्क पहुंचा और पार्क में बैठे रवि यादव पर गोलियां चला दी। इसके बाद वह साथियों के साथ फरार हो गया। पुलिस से बचने के लिए दिल्ली के अलावा यूपी और राजस्थान में अलग-अलग जगहों पर छिपता रहा। बहरहाल, क्राइम ब्रांच ने उसे सूचना के आधार पर अजमेर से धर दबोचा।

# पंजाब की महिलाओं को तीन साल से नहीं मिला एक भी पैसा : देवेंद्र यादव

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए कहा, ॒केजरीवाल सिर्फ झूठे वादे करते हैं, पंजाब में तीन साल पहले महिलाओं से वादा किया था कि उनके बैंक खातों में एक हजार रुपये भेजे जाएंगे, आज तीन साल होने को है केजरीवाल वादा पूरा नहीं कर पाए और अब दिल्ली की महिलाओं को झूठा सपना दिखाते हुए उन्हें 2100 रुपये देने का वादा कर रहे हैं। दिल्ली कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि मैं पंजाब की लीडरशिप का धन्यवाद करना चाहता हूं कि वह दिल्ली आए हैं और यहां की महिलाओं को बता रहे हैं कि केजरीवाल ने पंजाब की महिलाओं को धोखा दिया है। उनके वादे झूठे होते हैं। पंजाब में जाकर बड़ी-बड़ी बातें की। एक हजार रुपये देने का वादा कयिा। फॉर्म भरवा लिया गया, कार्ड दिया गया। तीन साल



बीतने को है, लेकनि अब तक एक पैसा नहीं मिला है। कांग्रेस की सरकार के दौरान महिलाओं के लिए चलाई गई योजनाओं को बंद कर दिया गया या तो योजना के तहत दी जाने वाली धनराशि में भारी कटौती कर दी गई है। केजरीवाल दिल्ली में एक्सपोज हो चुके हैं। अलका लांबा को कालकाजी से सीट लड़ाए जाने पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अपने बेस्ट उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। लगभग 48 सीटों पर उम्मीदवारों को उतारा गया है। यह सभी बेस्ट थे, इसलिए चुनाव में उतारा गया है। 'शीशमहल' पर पीएम मोदी के जिक्र पर उन्होंने कहा कि मुझे याद आता है कि कोरोना काल में शीश महल बन रहा था। दूसरी तरफ सेंट्रल विस्टा बन रहा था। केजरीवाल शीश महल बना रहे थे। यहां पर वो सभी सुख सुविधाएं हैं, जो एक आम आदमी को नहीं मिल सकती हैं। दिल्ली कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया गया। पोस्ट में लिखा गया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव और पंजाब कांग्रेस के नेताओं ने बैठक में आप सरकार के 2100 रुपये प्रतिमाह के फ्रॉड पर चर्चा की और सभी ने इसकी सच्चाई को प्रत्येक दिल्ली वासी तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

### सुपरवाइजर ने मारपीट करने का आरोप लगाया

दादरी। एनटीपीसी परिसर में कंस्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर ने मारपीट करने का आरोप लगा है। आरोपी ने हेलमेट से उसके ऊपर हमला किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गाजियाबाद के रहने वाले विनोद कुमार ने पुलिस से शिकायत की कि वह एनटीपीसी स्थित एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में सुपरवाइजर हैं। एनटीपीसी परिसर में बने डीजीएम ऑफिस में उनके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि ऑफिस में दो आरोपी अलमारी खोल रहे थे। इसका उन्होंने विरोध किया था। इसे बात पर आरोपी गाली-गलौज करने लगे। इसी बीच एक आरोपी का बेटा वहां पहुंचा और उसने हेलमेट से उसे पर हमला किया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी अभय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जारचा कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### शराब की बोतल पर पांच रुपये अधिक वसूलने वाले सेल्समैन के खिलाफ मुकदमा

ग्रेटर नोएडा। आबकारी विभाग का प्रिंट रेट से अधिक दाम पर शराब की बिक्री करने वाले सेल्समैन के खिलाफ अभियान निरंतर जारी है। विभाग की ओर से शराब की बोतल पर पांच रुपये अधिक वसूलने वाले एक और सेल्समैन के खिलाफ सूरजपुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। आबकारी निरीक्षक चंद्रशेखर ने बताया कि गुरुवार की रात टीम के साथ गोपनीय तरीके से शराब की दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक दाम पर शराब बिक्री की जांच की गई। सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र स्थित साकीपुर में एक ठेके पर एक ग्राहक को शराब की बोतल खरीदने के लिए भेजा गया। इस दौरान सेल्समैन नवनीत ने शराब की बोतल पर पांच रुपये अधिक वसूले। विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सेल्समैन को रंगे हाथ पकड़ लिया। सेल्समैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया गया है। कोतवाली पुलिस द्वारा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

### आईईसी प्रीमियर लीग में फाइनल मुकाबला कल

ग्रेटर नोएडा। नॉलेज पार्क स्थित आईईसी कॉलेज में चल रही आईईसी प्रीमियर लीग में शनिवार को दो सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। इसमें भारतीय आदर्श और श्री घनश्याम इंटर कॉलेज की टीम फाइनल में प्रवेश कर गई। इन दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला सोमवार को होगा। आईईसी प्रीमियर लीग सीजन-3 के संयोजक प्रोफेसर नुरुल हसन ने बताया कि शनिवार को पहला सेमीफाइनल भारतीय आदर्श इंटर कॉलेज तिलपता और गौतम बुद्ध बालक इंटर कॉलेज के बीच हुआ। भारतीय आदर्श इंटर कॉलेज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 102 रन बनाए। गौतम बुद्ध बालक इंटर कॉलेज की टीम केवल 70 रन बनाकर आउट हो गई। वहीं दूसरा सेमिफाईनल मुकाबला श्री घनश्याम इंटर कॉलेज दुजाना और किसान मजदूर आदर्श इंटर कॉलेज के बीच हुआ। श्री घनश्याम इंटर कॉलेज की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 116 रन बनाए।

**घोषणाएं** उद्घाटन के दौरान एमसीडी और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इसके साथ ही मंत्री इमरान हुसैन ने बल्लीमारान विधानसभा के सदर नाला रोड में बैरल डालने के कार्य का भी उद्घाटन किया।

# मंत्री इमरान हुसैन ने बल्लीमारान विधानसभा के सदर नाला रोड में बैरल डालने के कार्य का किया उद्घाटन

प्रात : किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। देश के जननेता अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली के खाद्य आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने शनिवार को बल्लीमारान विधानसभा राम नगर वार्ड में दस से अधिक सड़कों-गलियों के आरएमसी और ड्रेनेज सिस्टम सुधार कार्य सहित रामनगर वार्ड में 500 से अधिक स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का शुभारंभ किया। उद्घाटन के दौरान एमसीडी और दिल्ली जल बोर्ड के अधिकारियों के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। इसके साथ ही मंत्री इमरान हुसैन ने बल्लीमारान विधानसभा के सदर नाला रोड में बैरल डालने के कार्य का भी उद्घाटन किया।

विकास कार्यों को और गति प्रदान करते हुए खाद्य-आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने राम नगर वार्ड में दस से अधिक सड़कों-गलियों के रोड के आरएमसी और ड्रेनेज सिस्टम सुधार कार्य सहित क्षेत्र में 500 से अधिक स्ट्रीट लाइट लगाने के कार्य का भी शुभारंभ किया। बल्लीमारान विधानसभा के राम नगर वार्ड में प्राइमरी स्कूल नबी करीम वाल्मीकि मंदिर से लेकर किले के गेट तक, प्रेम नगर अबू बकर से लेकर कूड़े घर तक, तेल मिल कूड़े घर के पास से सोम हलवाई तक, ऊंट घडा चाइना मार्केट, जोक की मजार से लेकर लक्ष्मण पुरी, बिस्मिल्लाह होटल वाली लाइन अमरपुरी, कृष्णा बस्ती, बब्बू सलीम वाली गली के आरएमसी और ड्रेनेज सिस्टम सुधार कार्य सहित विकास कार्यों का उद्घाटन किया। इस दौरान खाद्य-आपूर्ति मंत्री इमरान हुसैन ने बताया कि एमएलएएलएडी



फण्ड के तहत बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र में 95 सड़कों और गलियों में आरएमसी और ड्रेनेज सिस्टम सुधार कार्य सहित विभिन्न विकास कार्य 11.5 करोड़ रुपये अनुमानित लागत से किए जा रहे हैं। इस दौरान स्थानीय लोगों से बातचीत के दौरान मंत्री इमरान हुसैन ने कहा कि बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र में सड़कों और ड्रेनेज की स्थिति में लगातार सुधार हो रहा है और यहाँ रहने वाले लोग सम्मान से जीवनयापन कर रहे हैं। अरविंद केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार अपने निवासियों के जन कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए सभी अथक प्रयास कर रही है। स्थानीय लोगों से संवाद के दौरान लोगों ने सड़कों के रखरखाव, पानी से सम्बंधित मसले और जल निकासी से सम्बंधित अन्य मुद्दों को माननीय मंत्री के समक्ष रखा, इसको देखते हुए इमरान हुसैन ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही स्थानीय निवासियों की समस्याओं के शीघ्र समाधान करने के निर्देश जारी किए। माननीय मंत्री इमरान हुसैन ने बताया कि बल्लीमारान विधान सभा के रामनगर वार्ड में लगभग 500 स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही हैं, जिससे इलाके के सभी स्थानों पर प्रयाप्त रोशनी उपलब्ध हो रही है। इस अवसर पर इमरान हुसैन ने आगे कहा कि केजरीवाल के मार्गदर्शन में दिल्ली सरकार जन कल्याण के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए हर वो प्रयास कर रही है जिससे जनता से जुड़े सभी जन कल्याणकारी कार्यों को पूरा किया जा सके। अरविन्द केजरीवाल सरकार के लिए जनता के हित सर्वोपरि हैं और हम उनसे किए सभी वादों को गारंटी के साथ पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल के मार्गदर्शन में बल्लीमारन विधान सभा में बहुत तेजी से विकास कार्य हो रहे हैं और आगे भी दोगुनी तेजी से काम होंगे। इमरान हुसैन ने बताया कि हमारे जननेता अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, हाई मास्ट लाइट, कटरा में विकास कार्य, बिजली के तारों को सुव्यवस्थित करने, पानी की पाइपलाइन, सीवर लाइन कार्य, बरात घर एवं कम्युनिटी सेंटर आदि कार्य लगातार कराए जा रहे हैं।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रात:किरण
नई दिल्ली, रविवार, 05 जनवरी, 2025



## संक्षिप्त खबरें

### ठंड से लड़ते बेबस लोगों को औसेफा ने दिया गर्म वस्त्र का सहारा

समस्तीपुर। ठिठुरते हुए ठंड में अनमोल उपहार सेवा फाउंडेशन ने झुग्गी झोपड़ी स्लम बस्ती में रह रहे लोगों के बीच ठंड से बचाव हेतु गर्म वस्त्र का वितरण किया। गर्म कपड़े पाकर महिलाएं एवं बच्चें काफी खुश दिखें। इस अवसर पर औसेफा के निदेशक देव कुमार ने कहा कि बढ़ती हुई ठंड में अपने साथ-साथ बच्चों का भी ठंड से बचाव करें। मौके पर परियोजना प्रबंधक प्रेरणा कुमारी, रानीचरी देवी, पवन देवी, हीरा देवी, नीतू देवी, शारदा देवी, सीईओ, कोर्डिनेटर आदि थे।

### चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

ग्रेटर नोएडा । नॉलेज पार्क स्थित शारदा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बेसिक साइंसेज एंड रिसर्च ने सामग्री विज्ञान और इंजीनियरिंग विषय पर चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इसका शुभारंभ शनिवार को मुख्य अतिथि पोलैंड के प्रोफेसर करोल स्ट्रजलकोव्स्की, प्रोफेसर मारिया, विश्वविद्यालय के चांसलर पीके गुप्ता,वाइस चांसलर डॉ.सिबाराम खारा, प्रो वाइस चांसलर परमानंद ने किया। इस दौरान स्थायी ऊर्जा प्रणालियों पर जोर दिया गया। डीन डॉ. आरसी सिंह ने बताया कि इस सम्मेलन में 12 देशों के प्रतिनिधि, भारत के 15 राज्य और मलेशिया के 12 विश्वविद्यालय के शोधकर्ता हिस्सा लेंगे। इसका उद्देश्य दुनिया भर के वैज्ञानिकों और शोधकताओं को उपयोगी आदान-प्रदान, विचार-मंथन सत्र और सामग्री विज्ञान के विभिन्न पहलुओं में अनुसंधान आवश्यकताओं और अवसरों की पहचान करने के लिए एक मंच प्रदान करना है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से साइकिल सवार ने दम तोड़ा

नोएडा। स्पेक्ट्रम मॉल के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। अस्पताल में उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-113 पुलिस को दी शिकायत में होशियारपुर निवासी विकास ने बताया कि बीते 29 दिसंबर को उनके पिता राजकुमार अपनी साइकिल से काम करने गए थे। काम समाप्त कर जब वह लौट रहे थे, तभी सेक्टर-78 स्थित अंतरिक्ष गोल्फ व्यू सोसाइटी के पास अज्ञात वाहन के चालक ने राजकुमार की साइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि साइकिल के परखच्चे उड़ गए। हादसे में सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने से उनके पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से उनको अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया। दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में उपचार के दौरान साइकिल सवार की मौत हो गई। गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार किया गया।

### दवाइयां चोरी कराने वाला आरोपी गिरफ्तार

नोएडा । सेक्टर-63 पुलिस ने कंपनी में जीडीए के पद पर रहते हुए करीब दो लाख रुपये की दवाई चोरी कराने के आरोप में कर्मचारी को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर 60 हजार रुपये से अधिक की दवाई बरामद की गई। पुलिस अब कंपनी में चोरी करने वाले मुख्य आरोपी को खोज रही है। एसीपी राजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि अभिषेक जैन ने 11 दिसंबर 2024 को मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया था कि वह सिग्नस मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी में बिजनेस हेड हैं। उनकी कंपनी का सेक्टर-63 के ए ब्लॉक स्थित भूतल पर फामेर्सी का गोदाम है। 17 नवंबर को कंपनी द्वारा वेयर हाउस में रखे माल का रूटीन ऑडिट हुआ। पूरे स्टॉक की जांच करने पर गायब हुई दवाइयों के बारे में जानकारी हुई। जांच के दौरान पता चला कि वेयर हाउस में लगभग दो लाख रुपये कीमत की दवाएं कम हैं। वेयर हाउस में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से पता चला कि चार नवंबर की रात लगभग 8:30 बजे एक व्यक्ति पिछले हिस्से में लगी खिड़की के रास्ते अंदर घुसा और दवाइयां चुराकर ले गया। शिकायतकर्ता का कहना था कि चोरी करने वाले व्यक्ति से वेयर हाउस में काम करने वाले किसी व्यक्ति से मिले होने की संभावना है, जिसने उसे बताया कि गोदाम में महंगी दवाइयां कहां रखी हैं। चोर गोदाम में घुसा और 15 मिनट के भीतर बैग में रखीं महंगी दवाइयां चोरी करके जल्दी बाहर निकल गया। पुलिस कैमरों की फुटेज के आधार पर चोर को पकड़ने का प्रयास कर रही थी। जांच के बाद शनिवार को पुलिस ने कंपनी में जीडीए के पद पर कार्य करने वाले मध्य प्रदेश के जिला ग्वालियर की न्यू कॉलोनी निवासी सुमित शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। वह वर्तमान में पर्थला स्थित जनता फ्लैट में किराए पर रहता है। सुमित ने ही आरोपी को दवाइयों का स्थान बताया और चोरी कराई। पुलिस अब चोरी करने वाले

# गुरुग्राम: निगमायुक्त ने शहर का दौरा करके देखी समस्याएं

## सफाई व्यवस्था व सीवरेज समस्याओं के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम। शहर की सफाई पर पंजाब एवं हरियाणा हाइकोर्ट द्वारा उठाए गए सवालों के बाद शनिवार को नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग शहर में निकले और सफाई का जायजा लिया। एक दिन पहले ही हाइकोर्ट द्वारा नियुक्त लोकल कमिश्नर ने शहर में सफाई का जायजा लिया था। सफाई से वे कितने संतुष्ट हुए, यह उनकी ओर से कोर्ट को दी जाने वाली रिपोर्ट से खुलासा होगा। नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त अशोक कुमार गर्ग ने अधिकारियों की टीम के साथ शहर के एक दर्जन से अधिक स्थानों का दौरा किया।

सफाई व्यवस्था व सीवरेज संबंधी शिकायतों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त ने सदर बाजार स्थित सब्जी मंडी के निरीक्षण के दौरान वहां के दुकानदारों से भी बातचीत की तथा सख्त हिदायत दी कि वे अपनी दुकानों के सामने कूड़ा ना फैलाएं। यदि उनकी दुकान के सामने कूड़ा पाया गया तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इसके तहत पहली व दूसरी बार कूड़ा पाए जाने पर चालान किया जाएगा, जबकि तीसरी बार दुकान को हटाने की कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि वे अपनी दुकानों के सामने सफाई बनाए रखें तथा डस्टबिन का उपयोग अनिवार्य रूप से करें। यहां सब्जी मंडी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सही ना पाए जाने पर संबंधित सफाई सुपरवाइजर से स्पष्टीकरण भी निगमायुक्त द्वारा मांगा गया है। अपने निरीक्षण के समय गुरुद्वारा रोड पर सफाई करते हुए मिले मेहनती सफाई कर्मियों को निगमायुक्त ने गुलाब का फूल देकर उनका सम्मान किया। खाली जमीनों से कूड़ा व मलबा उठाने के निर्देश

निगमायुक्त ने सेक्टर-5 व सेक्टर-21 क्षेत्र का निरीक्षण करने के दौरान सफाई अधिकारियों से कहा कि वे खाली जमीनों से कूड़े व मलबे की सफाई कराएं। यहां अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-21 में कुछ निजी व्यक्तियों द्वारा कचरा छंटाई का कार्य किया जा रहा था। इसके लिए सैकड़ों झुग्गियां बसाई गई थी। नगर निगम द्वारा दूसरी स्थानों से यहां कूड़ा लाने पर पाबंदी लगा दी गई है ।

सार्वजनिक शौचालयों की सफाई हो सुनिश्चित

निगमायुक्त ने गुरुद्वारा रोड स्थित सब्जी मंडी तथा कमला नेहरू पार्क स्थित सार्वजनिक शौचालयों का निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों से यहां की नियमित सफाई तथा बेहतर रख रखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालय अच्छे होने चाहिएं, ताकि सभी नागरिक शौचालयों का उपयोग करें। इस मौके पर संयुक्त आयुक्त डा. जयवीर सिंह, कार्यकारी अभियंता अजय पंघाल व मनोज कुमार, सहायक अभियंता दलीप सिंह यादव व प्रेमसिंह तथा वरिष्ठ सफाई निरीक्षक संदीप कुमार मौजूद रहे।

# पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूर करे कार्यकर्ता: महबूब अली



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। पूर्व कैबिनेट मंत्री, लोक लेखा समिति के चेयरमैन/ सदर विधायक महबूब अली की संस्तुति पर मधुरम बैंकट हाल बिजनौर रोड अमरोहा में श्री अली द्वारा कमाल खां, शादाब सैफी, मंसूर खाँ, समद खाँ, जनाब फारूकी, नब्बू सिद्दकी, मोबिन नेता, को नगर कार्यकारिणी के पदो के मनोनयन पत्र सौपे। इनके पार्टी से जुड़ने से पार्टी को मजबूती मिलेगी। श्री अली ने कहा कि हमें पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूत करना है, हमें समाजवादी नितियो का पालन करते हुए अपने संगठन को मजबूत करना है। समाजवादी सरकार में जिस तरह से विकास हुऐ है लोग उन्हे याद कर रहें है, हमें समाजवादी विचारधारा को बढ़ावा देकर आने वाले 2027 में समाजवादी सरकार बनानी है। इस मौके पर श्री मस्तराम यादव, जिला अध्यक्ष सपा, श्री परवेज अली, पूर्व सदस्य विधान परिषद, चन्द्रपाल सिंह सैनी, वीरभान सिंह यादव, शशीकांत गोयल, वहाब सैफी, जुबैर सैफी, मुख्तार नकवी, साजिद अली, सलीम अंसारी, आमिर आफताब सैफी, इकरार मैम्बर, आसिफ करैशी, कौसर अब्बासी आदि समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहें है।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील बिसौली में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

## शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण करें अधिकारी

प्रात: किरण संवाददाता

बदायूँ। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने तहसील बिसौली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को शिकायतों का गंभीरतापूर्वक निस्तारण करने के लिए कहा।उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापर व समयबद्ध निस्तारण मा0 मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में है इसलिए इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर कुल 38 शिकायती व प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के समयबद्ध निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस आमजन की शिकायतों को जानने व उसके निस्तारण करने का एक अच्छा प्लेटफार्म है। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी गंभीरता से शिकायतों का निस्तारण करें। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर शिकायतों का निस्तारण करें तथा निस्तारण के समय की फोटोग्राफी करते हुए सहमति पत्र पर दोनों पक्षों के हस्ताक्षर भी कराएं।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विकासखंड वजीरगंज के ग्राम पेपल के ग्राम प्रधान नन्हें लाल मौर्य ने शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि उनके ग्राम में जल जीवन मिशन अंतर्गत नवनिर्मित ओवरहेड टैंक से पानी का नियमित रिसाव हो रहा है तथा कार्यदायी संस्था द्वारा गांव के मार्गों पर किए गए गड्ढो की सीसी रोड की मरम्मत भी नहीं की गई है। जिस पर जिलाधिकारी ने सहायक अभियंता और अवर अभियंता जल निगम को तत्काल मरम्मत कार्य प्रारंभ करवाने तथा दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों की कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 02 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तथा शेष के गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए गए।

इससे पूर्व जिलाधिकारी ने रोटरी क्लब बिसौली द्वारा बिसौली के इस्लामनगर चौराहा में आयोजित कार्यक्रम सडक सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान अंतर्गत कोहरे में दुर्घटना से बचाव के लिए रिफ्लेक्टर (परावर्तक) लगाओ अभियान अंतर्गत वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी बिसौली राशि कृष्णा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सांसद ने किये सांसद निधि द्वारा कराए गए विकास कार्यो का उद्घाटन



प्रात: किरण संवाददाता

अमरोहा। भाजपा सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने जिला ग्राम्य विकास अभिकरण अमरोहा सांसद निधि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत अपने संसदीय क्षेत्र के ग्राम सुल्तानठेर में मेवाराम के मकान से छोटे के मकान की ओर लगभग 15 लाख रुपये की लागत से 150 मीटर सी.सी. रोड व 300 मी० नाली निर्माण कार्य का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्रामवासीयों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात माननीय सांसद जी ने अपनी सांसद निधि वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्तर्गत अपने संसदीय क्षेत्र के ग्राम खुंगावली में बबलू के मकान से सोमपाल के मकान की ओर लगभग 8.90 लाख रुपए लागत से लगभग 107 मीटर सी.सी रोड व 214 मीटर नाली निर्माण कार्य का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजेश खडगवंशी ने नोटों की माला पहनाकर व ग्रामवासीयों ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पति पिंटू भाटी, रामचन्द्र गुर्जर, महेश खडगवंशी, चमन कसाना, महेश प्रधान, अंकुर नागर, मोनू यादव, हरवीर सिंह, मिट्ठन खडगवंशी, कुंवरपाल सिंह इत्यादि समेत समस्त ग्रामवासी व अन्य क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# श्री गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर भाजपाइयों ने की नगर कीर्तन पर पुष्प वर्षा




प्रात: किरण संवाददाता

रामपुर। श्री गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी रामपुर की ओर से साहिब-ए-कमा श्री गुरुगोबिंद सिंह जी महाराज के प्रकाश पर्व के मौके पर सिविल लाइंस, राधा रोड के मोड पर निकल रहे नगर कीर्तन पर पुष्प वर्षा की और भारतीय जनता पार्टी, रामपुर का प्रतिनिधित्व करते हुए रामपुर जनपद से राज्य मंत्री, बलदेव सिंह औलख और भाजपा, जिला अध्यक्ष हंसराज पप्पू ने नगर कीर्तन में सम्मिलित हुए जिले के सिख समाज के सभी वरिष्ठ लोगों का स्वागत एवं अभिनंदन किया, मौके पर बैंक अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, जागेश्वर दयाल दीक्षित, दिनेश शर्मा, राजीव मांगलिक, अर्जुन रस्तोगी, संजीव वर्मा, अनु सक्सेना, राजू शर्मा, कृष्ण अवतार लोधी, अभिषेक साकेत, उत्कर्ष मांगलिक, टोनी कलर, आदि पदाधिकारी उपस्थित है।

# गुरुग्राम: मारुति सुजूकी से एसआरएस लॉजिकेयर को मिला कंप्लायंस चैंपियन अवार्ड

- एसआरएस लॉजिकेयर के एमडी शिवम राणा व निदेशक रिषभ राणा ने लिया अवार्ड
- पिछले 35 साल से मारुति सुजूकी को दे रहे हैं लॉजिस्टिक सेवाएं



प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम। मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड की ओर से वार्षिक सर्विस प्रोवाइडर मीट-2024 में लॉजिस्टिक कंपनियों को कंप्लायंस चैंपियन अवार्ड वितरित किए गए। गुरुग्राम की एसआरएस लॉजिकेयर कंपनी को द्वितीय अवार्ड दिया गया। गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित लैमन ट्री होटल में मारुति सुजूकी की ओर से वार्षिक सर्विस प्रोवाइडर मीट-2024 आयोजित की गई।

इस मीट में देशभर से लॉजिस्टिक कंपनियों के अधिकारियों, संचालकों व प्रतिनिधियों ने शिरकत की। मुख्य अतिथि मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड से डायरेक्टर एचआर सलिल लाल, प्रेजीडेंट संजय नारंग, वाइस प्रेजीडेंट मनीष पांडेय, सीनियर मैनेजर मायुख संतारा के हाथों एसआरएस लॉजिकेयर के एमडी शिवम राणा व निदेशक रिषभ राणा ने अवार्ड ग्रहण किया। अवार्ड की श्रृंखला में गुरुग्राम की एसआरएस लॉजिकेयर प्राइवेट लिमिटेड को वेंडर के रूप में दूसरे स्थान का अवार्ड दिया गया। अवार्ड ग्रहण करने के बाद एसआरएस लॉजिकेयर के एमडी शिवम राणा व निदेशक रिषभ राणा ने कहा कि कंपनी के लिए बेहतर परफोर्मेंस ही उनका उद्देश्य रहता है। क्वालिटी सर्विस ही उनकी पहचान है। सर्विसेज और तकनीक के मिश्रण से भविष्य में बेहतर सेवाएं देने का प्रयास होगा, ताकि कंपनी को भी इसका लाभ मिले। मारुति सुजूकी इंडिया लिमिटेड के साथ जुडक वे करीब 35 साल से सेवाएं दे रहे हैं। कभी भी किसी भी स्तर पर उन्होंने कोई शिकायत नहीं आने दी।

### सुपरवाइजर ने मारपीट करने का आरोप लगाया

दादरी एनटीपीसी परिसर में कंस्ट्रक्शन कंपनी के सुपरवाइजर ने मारपीट करने का आरोप लगा है। आरोपी ने हेलमेट से उसके ऊपर हमला किया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। गाजियाबाद के रहने वाले विनोद कुमार ने पुलिस से शिकायत की कि वह एनटीपीसी स्थित एक कंस्ट्रक्शन कंपनी में सुपरवाइजर हैं। एनटीपीसी परिसर में बने डीजीएम ऑफिस में उनके साथ मारपीट की गई। आरोप है कि ऑफिस में दो आरोपी अलमारी खोल रहे थे। इसका उन्होंने विरोध किया था। इसे बात पर आरोपी गाली-गलौज करने लगे। इसी बीच एक आरोपी का बेटा वहां पहुंचा और उसने हेलमेट से उसे पर हमला किया। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी अभय के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जारचा कोतवाली प्रभारी का कहना

### गुरुग्राम: ज्वेलर की दुकान से चोरी करने का आरोपी कर्मचारी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम । यह एक ज्वेलर की दुकान से चोरी करने के आरोप में वहां काम करने वाले कर्मचारी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 30 चांदी के सिक्के बरामद किए गए है।

जानकारी के अनुसार एक जनवरी 2025 को एक ज्वेलर ने पुलिस थाना सिविल लाईन्स गुरुग्राम में लिखित शिकायत देकर कहा था कि 29/30 दिसंबर 2024 को गुरुद्वारा रोड स्थित इसकी ज्वेलरी की दुकान से दुकान पर काम करने वाले व्यक्ति द्वारा सोने/चांदी के सिक्के चोरी कर लिए गए। अपराध शाखा सेक्टर-17 गुरुग्राम की पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए इस मामले में चोरी करने की वारदात को अन्जाम देने वाले आरोपी को सेक्टर-12 गुरुग्राम से काबू किया गया। आरोपी की पहचान संजय चंद उर्फ सोनू निवासी बाली नगर जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखंड) के रुप में हुई। पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जा से 30 चांदी के सिक्के बरामद किए गए है।

# गुरुग्राम: पुलिस ने तलाक के बाद भी बसवाया घर

-पुलिस ने दोनों की काउंसिलिंग करके गृहस्थ जीवन में लौटाया
-पुलिस के इस सफल प्रयास को सभी ने सराहा



गुरुग्राम । गुरुग्राम पुलिस के प्रयासों से तलाक होने के बाद भी एक जोड़े का घर बस गया। पुलिस के इस प्रयास की सभी सराहना कर रहे हैं। दंपत्ति ने भी इसके लिए पुलिस का आभार जताया है।

जानकारी के अनुसार महिला पुलिस चौकी सोहना जिला गुरुग्राम में एक महिला ने अपने पति, सास व जेठ द्वारा दहेज प्रताड़ना की एक शिकायत दी थी। शिकायत की जांच के दौरान पता चला कि महिला अपने पति से करीब एक साल से अलग अपने मायके में रह रही है। उसकी एक बेटी भी है, जो उसके पति के पास ही रह रही थी। महिला के पति ने पत्नी के मायके से ना आने पर अपना तलाक का केस भिवानी कोर्ट में डाल दिया। महिला के कोर्ट में नहीं पहुंचने के कारण दोनों का तलाक कोर्ट ने मंजूर कर दिया। महिला ने महिला पुलिस चौकी सोहना में उसका घर बसवाने बारे में प्रार्थना की गई।

इसके बाद पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग करके उन्हें तलाक की फाइल रिओपन की अपील कोर्ट में डालने की सलाह दी गई। दोनों पक्षों की काउंसलिंग करवाई गई। काउंसलिंग के दौरान पति-पत्नी दोनों को घर बसाने के लिए समझाया गया और उनकी आपस में बातचीत करवाई गई। दोनों (पति-पत्नी) के आपसी मनमुटाव दूर हो गए। दोनों दोबारा अपना घर बसाने के लिए सहमत हो गए। महिला का पति अपना तलाक कैंसिल करवाने के लिए भी सहमत हो गया। महिला का पति अपनी पत्नी को लेकर घर चला गया। दोनों पक्षों ने खुशी जाहिर करते हुए गुरुग्राम पुलिस का धन्यवाद किया।

# गुरुग्राम: डीटीपी बोले, तेरे घर के शौचालय के आगे सब्जी की दुकान लगवाता हूं...

गुरुग्राम । डीटीपी आर.एस. बाट ने शुक्रवार देर यहां गुरुद्वारा के सामने सब्जी मंडी में पहुंचकर सब्जी विक्रेताओं को नसीहत दी। उन्होंने यहां सार्वजनिक शौचालय के पास सब्जी की दुकान लगाए बैठे दुकानदार को खरी-खोटी सुनाई। साथ ही अन्य सब्जी बेचने वालों पर भी वे जमकर बरसे। सब्जी मंडी में दलबल के साथ डीटीपी आर.एस. बाठ ने दस्तक दी। उन्होंने यहां राहत में सब्जी व फलों की रेहड़ी लेकर खड़े, जमीन पर सब्जी की दुकान लगाए बैठे दुकानदारों को लताड़ना शुरू किया। डीटीपी ने यहां सार्वजनिक शौचालय के बाहर सब्जी लगाकर बैठे एक व्यक्ति को खूब लताड़ लगाई। उन्होंने कहा कि वे पहले भी चेतावनी दे चुके हैं कि यहां पर सब्जी नहीं लगानी। फिर भी ऐसा किया जा रहा है। इस पर सब्जी विक्रेता ने कहा कि उसने सब्जी लगानी बंद कर दी थी। आसपास जब दूसरे लोग लगाने लगे तो उसने भी लगानी शुरू कर दी। इस पर डीटीपी और भी भडक गए। उन्होंने उसका नाम, पता पूछा। इसके बाद कहा कि सब्जी उठाओ और अपने घर चलो। तुम्हारे घर के शौचालय के बाहर सब्जी की दुकान लगवाता हूं। घरवालों को भी पता चले कि मंडी में शौचालय के बाहर कैसे सब्जी की दुकान लगाकर रास्ता रोका जाता है। दुकानदार भविष्य में ऐसा ना करने की मिन्नतें करता रहा, लेकिन डीटीपी उसे लताड़ लगाते रहे।

# गुरुग्राम में सफाई की तरह टूटी सडकों पर भी संज्ञान ले हाईकोर्ट: भारत मदान

- कांग्रेस के जिला मीडिया कॉर्डिनेटर ने किया अनुरोध
- शहर में टूटी सडकों पर वाहन हो रहे हैं कबाड़




प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम। कांग्रेस के जिला मीडिया कॉर्डिनेटर एवं जिला चेयरमैन व्यापार सैल भारत मदान ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट से आग्रह किया है कि जिस तरह से गुडगांव की गंदगी से बदहाली पर संज्ञान लिया है, उसी तरह से यहां की टूटी सडकों पर भी संज्ञान ले। क्योंकि यहां बहुत सी सडकें ऐसी हैं, जिन्हें कई-कई साल से नया बनाना तो दूर उन सडकों के गड्ढे तक नहीं भरे गए हैं। भारत मदान ने कहा कि नए गुडगांव में बरसात में भी सडकें बनाने वाले विभागों को पुराने गुडगांव की टूटी सडकें नहीं दिखाई देती। पटौदी चौक से शहर की तरफ और बसई की तरफ बसई फ्लाईओवर तक सडक का बुरा हाल है। इस सडक में गहरे गड्ढे हो चुके हैं। कई साल से यहां वाहन चालक परेशान हो रहे हैं। उनके वाहन कबाड़ हो रहे हैं। कहीं पर टूटी सडकों के साथ पानी की टूटी पाइप लाइन से जलभराव रहता है। बसई में तो मेनहॉल में भी गिरने का खतरा रहता है। पटौदी चौक से मदनपुरी होते हुए न्यू कालोनी मोड़ तक की सडक बदहाल है। पटौदी चौक से कादीपुर की तरफ के हालात भी खराब हैं। सेक्टर-9 के अंदर की सडकें बदहाल हैं।

भारत मदान ने कहा कि सेक्टर-10 चौक से गाड़ौली होते हुए हरसरू की ओर जाने वाली सडक भी बदहाल है। एक तरफ से सडक को बंद कर दिया गया है। कहने को तो यह क्षेत्र गुरुग्राम नगर निगम में आता है, लेकिन यह नरक से भी बदतर है। सडक में गहरे गड्ढे दुर्घटनाओं को न्यौता देते हैं।

यहां दुकानदारों का कहना है कि कुछ महीने पहले यहां थोड़ी सी दूरी में सडक बनाई गई थी। शक है कि कहीं थोड़ी सी सडक बनाकर पूरी सडक के बिल पास ना हो गए हैं। नगर निगम इस पर भी अपनी स्थिति स्पष्ट करे। गड्ढों में भरे पानी में अक्सर यहां पर वाहन फंसे रहते हैं। दुपहिया वाहन सवार गिरकर चोटिल होते हैं।

भारत मदान ने कहा कि सबसे अधिक राजस्व देने वाले गुरुग्राम के हालातों पर रोना आता है। उन्होंने सरकार से भी मांग की है कि गुडगांव की बदहाली के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराकर उन्हें सस्पेंड करके जुमार्ना लगाया जाना चाहिए। शहर के विकास के नाम पर खर्च की गई राशि की जांच करानी चाहिए कि आखिर ठेकेदारों के जो बिल बनते हैं, उनसे काम क्या हुए।

# शीत लहर के दृष्टिगत 610 निर्बल व कमजोर व्यक्तियों को वितरित किए निशुल्क कंबल

## सरकार गरीबों के हितार्थ कर रही कार्य-बीएल वर्मा



प्रात: किरण संवाददाता

बदायूँ । डायट स्थित ऑडिटोरियम में निर्बल व कमजोर व्यक्तियों को शीतलहर से बचाव हेतु आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम में केंद्रीय राज्यमंत्री बीएल वर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों की सरकार है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री जी ने शपथ लेने के दौरान कहा था कि सरकार गरीबों, महिलाओं, किसानों व युवाओं आदि के उत्थान के लिए कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गरीबों के हितार्थ कार्य कर रही है और ऐसा पूर्व में कभी नहीं हुआ। इस अवसर पर 610 निर्बल व कमजोर व्यक्तियों को निशुल्क कंबल का वितरण किया गया। केंद्रीय राज्य मंत्री बीएल वर्मा ने बताया कि गत 10 सालों में 25 करोड लोगों को गरीबों के रेखा से ऊपर लाया गया है। हर घर जल योजना अंतर्गत 17 करोड़ परिवारों में स्वच्छ हुआ साफ जल पहुंचा जा रहा है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान योजना से रुपए 5 लाख तक का निशुल्क उपचार हेतु 55 करोड लोगों को लाभान्वित किया गया है। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने बताया कि विभिन्न आपदाओं में जनपद में प्रभावित लोगों को 8 करोड़ 26 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। उन्होंने बताया कि शीतलहर के दृष्टिगत जनपद में 20 हजार निशुल्क कंबल वितरण का लक्ष्य है, जिसमें से 07 हजार वितरित कर दिए गए हैं, शेष पर कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि जनपद में स्थाई व अस्थाई रैन बसेरों का निर्माण कराया गया है साथ ही जनपद में 400 से अधिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था भी की गई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता व एमएलसी बागीश पाठक ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गरीबों के हितार्थ कार्य कर रही है। विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों को दिया गया है जिससे उनका जीवन स्तर ऊंचा हुआ है।

इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी, गणमान्य लोग व आमजन मौजूद रहे।

## दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सावित्रीबाई फुले अवार्ड कालिंदी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर मीना चिरांदा को

अन्तरराष्ट्रीय माता सावित्रीबाई फुले शोध संस्थान जनवरी 2025 के अंतिम सप्ताह में शिक्षा की क्रांति ज्योति जलाने वाली , राष्ट्रमाता, भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की 194 वीं जयंती के अवसर पर शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति, पत्रकारिता एवं समाजसेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य और उल्लेखनीय योगदान देने वाली 25 विशिष्ठ विभूतियों को माता सावित्रीबाई फुले अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित करेगा। यह जानकारी शनिवार को माता सावित्रीबाई फुले की जयंती के अवसर पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन तथा महासचिव प्रो. के.पी. सिंह ने दी है । उन्होंने बताया है कि इस सम्मान के लिए ज्यूरी बोर्ड बनाया गया है। प्रोफेसर पी.ड़ी. सहारे को ज्यूरी बोर्ड का अध्यक्ष बनाया गया है। संस्थान के पास 100 से अधिक विशिष्ट महिलाओं व पुरुषों के आवेदन आ चुके हैं जिसकी जल्द ही घोषणा ज्यूरी बोर्ड द्वारा कर दी जाएगी। संस्थान के चेयरमैन डॉ. हंसराज सुमन ने बताया है कि संस्थान की ओर से 25 महिलाओं व पुरुषों को सम्मानित किया जाएगा। इस बार ज्यूरी बोर्ड ने निर्णय लिया है कि दूसरा माता सावित्रीबाई फुले अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड कालिंदी कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर मीना चिरांदा को दिया जाएगा। प्रोफेसर मीना चिरांदा ने बालिकाओं की शिक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। सम्मान स्वरूप उन्हें प्रशस्ति पत्र, शाल, स्मृति चिह्न और ग्यारह हजार रुपये की धनराशि भेंट की जाएगी। इसके अतिरिक्त सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला अधिकारों के लिए निरंतर संघर्ष करने वाली विशिष्ट महिलाओं व पुरुषों को भी सम्मानित किया जाएगा। इसमें विवेकानंद कॉलेज की प्रिंसिपल प्रोफेसर पिंकी मौर्य , डिप्टी डीन प्रोफेसर गीता सहारे , प्रोफेसर अरुण चौधरी , के. योगेश , डॉ.बलवान सिंह बिबयान , गाँधी भवन के निदेशक प्रोफेसर के .पी. सिंह , डॉ. मनोज वर्मा ( लोकसभा टीवी एंकर ) केंसर विशेषज्ञ डॉ.विष्णु मूर्ति को इस वर्ष का सावित्रीबाई फुले अवार्ड दिया जाएगा । बाकी नामों की सूचना भी जल्दी ही ज्यूरी आगामी बैठक में घोषित करेगी। डॉ. सुमन ने बताया है कि माता सावित्रीबाई फुले भारत की प्रथम महिला शिक्षिका थीं। उनका जन्म 3 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा ज़िले के नायगाँव में हुआ था। सावित्रीबाई फुले एक समाज सुधारक, शिक्षिका और कवयित्री थीं। उन्होंने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर महिलाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। सावित्रीबाई फुले ने अपने जीवन को एक मिशन बना दिया था। उनका उद्देश्य था कि विधवाओं का विवाह हो, छुआछूत खत्म हो, महिलाओं को अपनी उन्नति के लिए आजादी मिले। दलित महिलाओं को शिक्षा का अधिकार मिले। सावित्रीबाई फुले ने अपने पति ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर सन 1848 में पुणे के भिड़ेवाड़ा में लड़कियों के लिए पहला आधुनिक भारतीय स्कूल खोला था। यद्यपि माता सावित्रीबाई फुले के इस कार्य में सवर्ण समाज काफी व्यवधान डाला था। उन्हें गालियाँ दी जाती थीं, पत्थर मारे जाते थे, उन पर कीचड़, गोबर और मानव-मल फेंका जाता था। वे अपने साथ दो कपड़े लेकर जाती थीं। जिससे कि गंदे किए गए कपड़े बदल सकें। इतने विरोध के बावजूद वे स्त्रियों के अधिकारों और उनकी शिक्षा के लिए संघर्ष करती रहीं। उनका उद्देश्य था कि स्त्रियों को समाज में बराबर का दर्जा मिले पुरुषों के समान उन्हें भी शिक्षा और स्वावलंबन का अधिकार मिले। डॉ.सुमन ने बताया है कि बालिकाओं की शिक्षा के लिए अलग विद्यालय खोलना यह विश्व इतिहास की पहली घटना थी। आजादी के बाद भारत में बालिकाओं के लिए अलग विद्यालय और विश्वविद्यालय की योजना माता सावित्रीबाई फुले की ही देन है। माता सावित्रीबाई फुले ने समाज में जाति और लिंग के आधार पर होने वाले भेदभाव और अन्याय को खत्म करने के लिए काम किया था। उन्होंने अपने घर का कुआँ दलितों को पानी लेने के लिए खोल दिया था। उस समय सवर्ण समाज ने दलितों को सार्वजनिक तालाबों और कुओं से पानी लेने पर पाबंदी लगाई थी। माता सावित्रीबाई फुले ने विधवाओं के लिए आश्रम खोला था। यह व्यवस्था पहली बार भारतीय परिवेश में की जा रही थी। उन्होंने आगे बताया कि अनेक कठिनाइयों और समाज के प्रबल विरोध के बावजूद महिलाओं का जीवन स्तर सुधारने व उन्हें शिक्षित तथा रूढ़िमुक्त करने में सावित्रीबाई फुले के कार्यों को भुलाया नहीं जा सकता है।







# क्यों वीर सावरकर के नाम पर कॉलेज खुलने से क्यों खफा है कांग्रेस?

**इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है। वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित ह्यइंडिया हाउसह्न में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने ह्यअभिनव भारतह्न नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की।**





**डॉ० आर.के. सिन्हा**
**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं**

वीर सावरकर के नाम पर दिल्ली यूनिवर्सिटी एक नया कॉलेज खोलने जा रही है। वीर सावरकर जैसे महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर कॉलेज खुलने से देश भर के नौजवान निश्चित रूप प्रेरित ही होंगे। इस बारे में किसी को किसी तरह का शक भी नहीं होना चाहिए। पर कांग्रेस को तकलीफ हो रही है। कांग्रेस को वीर सावरकर के नाम से ही हमेशा ही चिढ़ रहा है। अब कांग्रेस को कौन बताए कि वीर सावरकर, जिनका पूरा नाम विनायक दामोदर सावरकर था, भारत के स्वाधीनता आंदोलन के एक ही अत्यंत महत्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। वे एक महान क्रांतिकारी, राष्ट्रवादी विचारक, लेखक और वकील थे। उनका जीवन और कार्य भारतीय इतिहास के एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण और क्रांतिकारी अध्याय का प्रतिनिधित्व करते हैं। काश, सावरकर के नाम पर खुलने वाले कॉलेज का विरोध करने वाले वीर सावरकर के बारे में अपने महान नेत्री श्रीमती इंदिरा गांधी की ही राय को जान लेते। इंदिरा गांधी जब भारत की सूचना और प्रसारण मंत्री थीं तब उन्हीं के निर्देश पर वीर सावरकर पर केंद्रित डाक्यमेंट्री फिल्म उनके विभाग ने बनाई थी। इंदिरा गांधी के प्रधानमंत्री रहते हुए सावरकर की स्मृति में डाक टिकट भी जारी हुआ। श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने निजी खाते से सावरकर स्मृति कोष के लिये 11 हजार रुपये का अंशदान भी किया था। श्रीमती इंदिरा गांधी ने सावरकर को ह्ल रिमार्केबल सन ऑफ इंडियाह्व कहा था। इंदिरा गांधी ने 20 मई 1980 को पंडित बाखले, सचिव, ह्लस्वतंत्रवीर सावरकर राष्ट्रीय स्मारकह्व के नाम से संबोधित चिट्ठी में सावरकर के योगदान का जिक्र किया था। इस पत्र में इंदिरा गांधी ने लिखा है, ह्यमुझे आपका पत्र 8 मई 1980 को मिला था। वीर सावरकर का ब्रिटिश सरकार के खिलाफ मजबूत प्रतिरोध हमारे स्वतंत्रता आंदोलन के लिए काफी अहम है। मैं आपको देश के महान सपूत के शताब्दी समारोह के आयोजन के लिए बधाई देती हूं।ह्न मशहूर लेखक वैभव पुरंदरे ने अपनी किताब ह्यद ट्रू स्टोरी ऑफ फादर ऑफ हिंदुत्वह्न में लिखा है कि इंदिरा गांधी का लिखा पत्र सत्य है। किताब में लिखा है कि इंदिरा गांधी ने 1966 में सावरकर के निधन पर गहरा शोक भी जताया था। इंदिरा गांधी ने सावरकर को महान क्रांतिकारी बताते हुए तारीफ की थी और एक बयान भी जारी किया था। इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर ने अपने कार्यों से पूरे देश को प्रेरित किया था। अफसोस कि कांग्रेसियों को सच जानने से कोई मतलब ही नहीं रहा। उन्हें तो मीन-मेख निकालनी है। इसलिए इतनी पुरानी पार्टी सिकुड़ती ही चली जा रही है। वीर सावरकर तो बचपन से ही देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत थे और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध में भाग लेना शुरू कर दिया था। सावरकर 1905 में श्यामजी कृष्ण वर्मा द्वारा स्थापित ह्यइंडिया हाउसह्न में शामिल होने के लिए लंदन चले गए। लंदन में, उन्होंने ह्यअभिनव भारतह्न नामक एक गुप्त क्रांतिकारी संगठन की स्थापना की, जिसका उद्देश्य भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। उन्होंने ह्य1857 का भारतीय स्वतंत्रता संग्रामह्न नामक एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने 1857 के सिपाही विद्रोह को भारत का पहला स्वतंत्रता संग्राम बताया। इस पुस्तक को ब्रिटिश सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था। सावरकर ने इटली के क्रांतिकारी नेता गिउसेप्पे मैजिनी से प्रेरणा ली और उनकी क्रांतिकारी विचारधारा को भारतीय संदर्भ में लागू करने का प्रयास किया। 1910 में, सावरकर को नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जैक्सन की हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।उन्हें दोषी ठहराया गया और 50 साल की कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में स्थित सेलुलर जेल में भेजा गया, जहाँ उन्होंने कई वर्षों तक कठोर यातनाएं सहीं। काला पानी में उन्होंने एकांत कारावास, कठोर श्रम और अमानवीय परिस्थितियों का सामना किया।कोल्हू में बेल की तरह जोतकर उनसे सूखे नारियल से तेल निकलवाया जाता था । सावरकर ने भारत की स्वतंत्रता के लिए लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने क्रांतिकारी गतिविधियों में भाग लिया और अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाई। सावरकर हिंदू राष्ट्रवाद के एक प्रमुख पैरोकार थे। उन्होंने एक मजबूत और एकजुट हिंदू राष्ट्र की वकालत की। सावरकर ने जाति व्यवस्था और छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। उन्होंने हिंदू समाज में सुधार लाने के लिए कई आंदोलन चलाए। वे एक कुशल वक्ता और लेखक थे। उनके भाषणों और लेखों ने लोगों को प्रेरित किया और उनमें देशभक्ति की भावना जगाई। सावरकर के गृह राज्य महाराष्ट्र में कई संगठन और संस्थान हैं जो उनके विचारों और कार्यों को बढ़ावा देते हैं। वीर सावरकर महाराष्ट्र में एक सम्मानित और प्रभावशाली व्यक्ति हैं, और उन्हें कई लोगों द्वारा एक महान स्वतंत्रता सेनानी और समाज सुधारक के रूप में याद किया जाता है। वीर सावरकर का एक शानदार चित्र पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में लगा हुआ था। उनके चित्र का 26 फरवरी, 2003 को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम ने संसद भवन में अनावरण किया था। इसे चंद्रकला कुमार कदम ने बनाया था। जब वीर सावरकर का चित्र लगाने की पहल हुई तब भी कांग्रेस ने यह कहकर विरोध किया था कि वे सांसद नहीं थे। तब कांग्रेसी भूल गए थे कि लोकमान्य तिलक तथा महात्मा गांधी जैसे राजनीति व स्वाधीनता संग्राम में अहम योगदान देने वाले व्यक्ति भी तो सांसद नहीं थे। उनके त्याग व समर्पण को देखते हुए केन्द्रीय कक्ष में उनका चित्र स्थापित कर सम्मान दिया गया। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने कुछ समय पहले वीर सावरकर पर गैर- जरूरी टिप्पणी अपमानजनक की थी। उनकी बयानबाजी से शिव सेना नेता उद्धव ठाकरे भी नाराज हो गए थे। उनहोंने तब कहा था ह्लहम स्वातंत्र्यवीर सावरकर के बारे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान से सहमत नहीं हैं। हमारे मन में सावरकर के लिए सम्मान है।ह्व आपको कोई पसंद नहीं तो ठीक है। खैर, वीर सावरकर कॉलेज खुलने से राजधानी में उस महान स्वाधीनता सेनानी के नाम पर महत्वपूर्ण प्रतीक स्थापित हो जाएगा। देर से ही सही राजधानी दिल्ली में अब वीर सावरकर का एक अहम प्रतीक स्थापित होने जा रहा है।

# मणिपुर में माफी कोरा दिखावा न होकर सार्थक बदलाव करें

**ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस माफी की पहल को विश्वसनीय बनाया जाये एवं ऐसे उपयोगी एवं जरूरी कदम उठाए जाये ताकि मणिपुर राज्य में मैतेई समुदाय और पहाड़ी क्षेत्रों में कुकी जनजातीय समुदायों के बीच चला आ रहा टकराव विराम पा जाये। जरूरी है कि केंद्र और राज्य की सरकार मुख्यमंत्री की इस पहल से उपजे सद्भाव को स्थायित्व देने की कोशिशें अविलंब शुरू कर दें। 2023 के मुकाबले 2024 की दूसरी छमाही में मणिपुर के हालात बेहतर रहे, संघर्ष की स्थितियां कम देखने को मिली।**





**ललित गर्ग**
**(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं)**

मणिपुर में जातीय संघर्ष, व्यापक हिंसा एवं अराजक माहौल के लिए पूर्वोत्तर राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने बीते साल के आखिरी दिन शांति की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए ह्यमाफीह्न मांगी है, इस माफी को लेकर राजनीति के गलियारों में व्यापक चर्चा है। क्योंकि इस हिंसा में मई 2023 से 250 से अधिक लोगों की जान चली गई और हजारों लोग बेघर हो गए है। लम्बे समय से यह प्रांत अस्थिरता, असंतोष एवं अशांति की आग में जल रहा है। एन बीरेन सिंह ने माफी मांगते हुए हिंसा के इस लंबे कालखण्ड एवं सिलसिले को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और सभी समुदायों से अपील की कि पिछली गलतियों को भुलाकर वे शांति और सौहार्द कायम करें। हालांकि मुख्यमंत्री की इस अपील के अपने मतलब निकाले जा रहे है। कुछ लोगों का कहना है कि यह माफी बहुत पहले मांगी जानी चाहिए थी। कुछ का यह मानना है कि माफी ऐसे समय आई है जब मुख्यमंत्री चौतरफा दबाव में है। विरोधी तो बहुत पहले से उनका इस्तीफा मांग रहे हैं, पिछले कुछ समय से खुद उनके विधायकों और सहयोगियों ने इस माफी को उनकी मजबूरी का परिणाम बताया है। निश्चित ही बीरेन सिंह के लिये माफी मांगना काफी नहीं है, अगर वह मानते हैं कि स्थिति को संभालने में नाकाम रहे तो उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए था या केन्द्र को राष्ट्रपति शासन लगाना चाहिए था। अफसोसनाक यह है कि इस मसले पर अक्सर विवाद उभरते रहे और राजनीतिक शख्सियतों के बीच आरोप-प्रत्यारोप अक्सर बेलगाम बोल में तब्दील ही होते रहे, कोई ठोस समाधान सामने नहीं आया, जो गैरजिम्मेदाराना राजनीति को दशार्ता है। मणिपुर में 3 मई 2023 से ही बहुसंख्यक मैतेई और कुकी के बीच आरक्षण और आर्थिक लाभ को लेकर जो हिंसा शुरू हुई वह अभी थमने का नाम नहीं ले रही। कभी अपनी सांस्कृतिक सद्भावना के लिए जाना जाने वाला राज्य अब गहराते विभाजन एवं जातीय संघर्ष का सामना कर रहा है और लोग लगातार भय में जी रहे हैं। तनाव कम होने का कोई संकेत नहीं दिख रहा। शांति एवं सद्भावना की तलाश अभी भी जारी है। मणिपु में जब चंद दरिंदें दो महिलाओं को निर्वस्त्र कर उनके साथ बर्बरतापूर्ण हरकत करते नजर आए तो पूरा प्रांत आक्रोश में आ गया। जनमानस की प्रतिक्रिया लोकतांत्रिक व्यवस्था में बहुत महत्व रखती है। न तो राज्य सरकार ने और न ही केन्द्र सरकार ने हिंसा को रोकने के लिए कोई ठोस उपाय किए और न ही शांति स्थापित करने के कोई प्रयास किए गए। मुख्यमंत्री एन. बीरेन सरकार डेढ़ साल से ज्यादा समय से खेमों में बंटती राजनीतिक उलझन में फंसी रही। सभी दल, नेता एवं सरकार नामुमकिन निशानों की ओर कौमों को दौड़ती रही। यह कौमों के साथ नाइंसाफी होने के साथ अमानवीयता की चरम पराकाष्ठा थी। क्योंकि ऐसी दौड़ जहां पहुंचाती है, वहां कामयाबी की मंजिल नहीं, बल्कि मायूसी का गहरा गड्ढा होता है। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह स्वीकारोक्ति कि ह्यह्यमैं राज्य में जो कुछ हुआ उसके लिए खेद व्यक्त करना चाहता हूं। कई लोगों ने अपनों को खो दिया और कई लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा। मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। लेकिन पिछले तीन-चार महीनों में अपेक्षाकृत शांति देखने के बाद, मुझे उम्मीद है कि आने वाले साल में स्थिति सामान्य हो जाएगी। ह्नह्न प्रश्न है कि मुख्यमंत्री 18 माह के खून-खराबे के बाद अब क्यों माफी मांग रहे हैं? वे क्या संदेश देना चाहते हैं? अगर वह स्थिति को संभालने में नाकाम रहे थे तो उन्हें बहुत पहले इस्तीफा दे देना चाहिए था। ताकि स्थितियों लगातार इतनी विकराल नहीं होती, इतनी अधिक जनहानि नहीं होती। देश के नेताओं को गाल बजाने की बजाय आम आदमी को परेशान करने वाली सामाजिक असुरक्षा, जातीय संघर्ष तथा हिंसा जैसे मुद्दों से निबटने के लिये दूरगामी नीतियों के क्रियान्वयन के प्रयास करने चाहिए। यूं तो मणिपुर हिंसा में इतने मासूमों की मौत के बाद मुख्यमंत्री के माफी मांगने का कोई औचित्य नजर नहीं आ रहा। इसीलिये विपक्ष दल एवं कांग्रेस उन पर और केन्द्र सरकार पर हमलावर है। 19 महीनों में एन.बीरेन असंवेदनशील बने रहे और वर्ष के अंत में उन्होंने माफी मांगकर किस संवेदनशीलता का परिचय दिया है? अब सवाल यह है कि त्रासदी का अंत कैसे हो? कैसे शांति स्थापित हो? जरूरत है मनुष्य को बांटे नहीं, सत्य को ढंके नहीं। बड़ा सवाल यह है कि राज्य द्वारा माफी मांगना केवल दिखावा है और राजनीतिक अपयश निवारण और क्षतिपूर्ति की आवश्यकता मात्र है या किसी सार्थक बदलाव की बुनियाद। हालांकि इस तरह की राजनीतिक माफी अक्सर संदेहास्पद ही होती है क्योंकि माफी में इससे कहीं अधिक की क्षमता होती है। सार्वजनिक रूप से माफी मांगने वाले नेताओं की संख्या में वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय एवं चिन्तनीय रही है। माफी मांगना एक ऐसी युक्ति है जिसका इस्तेमाल नेता अब अक्सर अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिये करते हैं, ताकि वे कम से कम लागत पर अपनी गलतियों को पीछे छोड़ सकें या उनसे पीछा छूडा सके। लेकिन बीरेन सिंह की माफी की अच्छी बात यह है कि तमाम दबावों के बाद ही सही, राजनीति और समाज के हर प्रमुख हिस्से ने उनकी माफी को सकारात्मक कदम माना है।

# लफंगा कौन, कुमार या सैफ अली?

राकेश अचल

मै लेखक हूँ इसलिए मुझे हर पक्ष पर लिखने की आजादी है। यदि मै नेताओं, न्यायाधीशों, अभिनेताओं, खिलाडियों पर लिख सकता हूँ तो लफंगों पर भी लिख सकता हूँ, हालांकि लफंगे इस काबिल नहीं होते की उनके बारे में कुछ लिखा जाये। लफंगे आखिर लफंगे होते हैं, लेकिन लफंगों की पहचान करना आसान काम नहीं है। लफंगे किस रूप में मिल जाएँ, कोई नहीं जानता ?लफंगा संज्ञा है या सर्वनाम, क्रिया है विशेषण ये आप तय करें, मै तो इतना जानता हूँ कि ये शब्द चुभने वाला है। लफंगा शब्द का इस्तेमाल अक्सर लंपट, व्यभिचारी, दुश्चरित्र, शोहदा, आवारा, और कुमार्गी के लिए कुमार्गी के लिए किया जाता है। आम बोलचाल का शब्द है लफंगा। इस शब्द का इस्तेमाल पहले संसद में भी हो चुका है, किन्तु अब इसे असंसदीय घोषित कर दिया गया है, इसलिए ये शब्द संसद में सुनाई नहीं देता। सड़क पर इस शब्द का इस्तेमाल सरे-आम किया जाता है और आम आदमी ही इसका इस्तेमाल करता है। खास आदमी इस शब्द को अपनी जबान पर भी नहीं लाते। लफंगा शब्द मुझे भी चुभता है इसलिए मै भी किंचित इसका इस्तेमाल नहीं करता, किन्तु मुझे मजबूर कर दिया है एक प्रोफेसर ने, एक कवि ने, एक प्रवचनकर्ता ने कि मै इस शब्द पर लिखूं। लफंगे शब्द का इस्तेमाल करने वाले महापुरुष का नाम है कुमार विश्वास। कुमार विश्वास को अपने ही नाम पर विश्वास नहीं था इसलिए उसने अपना मूल नाम विश्वास कुमार शर्मा को बदलकर कुमार विश्वास कर लिया। कुमार विश्वास के पिता चंद्रपाल शर्मा चूंकि व्याख्याता थे सो कुमार भी इंजीनियर बनने के बजाय व्यख्याता बन गए। वे क्या बनना चाहते थे, ये उन्हें भी पता नहीं, लेकिन आजकल वे किसी को भी लफंगा कहने लगे हैं। कुमार कवि बने, फिल्मी गीतकार बने, अभिनेता बने, किन्तु टिके नहीं रह पाए। उनकी आत्मा भटकते हुए आम आदमी पार्टी में आ गयी । वे केजरीवाल बनना चाहते थे, लेकिन वे कुछ भी नहीं बन पाए। कविता के मंच पर श्रृंगार के नाम पर फूहड़ता परोसने वाले कुमार जब कविता से ऊब गए तो आसाराम पथ पर चलते हुए धर्म प्रवाचक बन गये। हिन्दू बन गए और यहीं से उन्होंने देश के एक ख्यातिनाम अभिनेता के बेटे के नाम को लेकर लफंगा शब्द का इस्तेमाल करते हुए अपनी टीआरपी बढ़ाने की नाकाम कोशिश की। वे मुरादाबाद के एक कवि सम्मेलन में कविता पढ़ने गए थे और वहां उन्होंने कविता पढ़ने के बजाय सैफ-करीना के बेटे तैमूर के नाम को लेकर अपनी भड़ास निकाल दी। कुमार की देह में शायद किसी हिन्दू उग्रवादी नेता की आत्मा ने प्रवेश किया और कुमार बोल उठे-तुम्हे हीरो-हीरोइन बनाएं हम और तुम शादी कर जो बच्चे पैदा करो उनका नाम किसी विदेशी आक्रमणकारी के नाम पर रखोगे तो ये सब नहीं चलेगा। कुमार को तैमूर के नाम से नफरत है। उनका कहना है कि नए भारत में आप किसी बच्चे का नाम उस लफंगे के नाम पर नहीं रख सकते। अब भारत जाग गया है। लगता है कि कुमार की अंतरात्मा भी 55 साल बाद जगी है। कुमार को मै भी पसंद नहीं करता लेकिन मैंने कभी उन्हें लफंगा नहीं कहा, क्योंकि ये मेरे संस्कारों का हिस्सा नहीं है। मै किसी को लफंगा कहकर या लिखकर सुर्खियां बटोरना नहीं चाहता। कुमार ऐसा कर रहे है। वे कुछ भी कर सकते हैं, क्योंकि उनकी आत्मा भटक रही है। आपको पता है कि कुमार विश्वास आमतौर पर सॉफ्ट हिंदुत्व वाली लाइन लेकर ही चलते रहे हैं. उनके भाजपा में जाने की चचाएं होती रही हैं पर वो कभी नेहरू या इंदिरा गांधी के खिलाफ नहीं बोलते हैं। राहुल गांधी को भी एक अच्छा व्यक्ति मानते हैं। मौका पड़ने पर बीजेपी-आरएसस की भी चुटकी ले चुके हैं। पर अब उन्होंने कट्टर हिंदुत्व वाला रास्ता पकड़ लिया है। उन्हें लगता है कि वे प्रवीण तोगड़िया या साध्वी ऋतम्भरा की तरह मुसलमानों पर आक्रमण कर हीरो बन जायेंगे। किन्तु वे भूल जाते हैं कि इन अग्निमुखी हिन्दू नेताओं का आज नामलेवा भी कोई नहीं है। कुमार जाने-अनजाने हिंदी कविता के मंच को राजनीति का, हिंदुव का अखाड़ा बनाना चाहते हैं। लेकिन ऐसा हो नहीं पायेगा। देश एक दिन उन्हें भी खारिज कर देगा, क्योंकि देश जानता है कि असली लफंगा कौन है ?हिंदी के महा लफंगे कवि कुमार विश्वास ने पीएचडी की उपाधि तो हासिल कर ली किन्तु वे तैमूर का अर्थ नहीं जान पाए। जान भी गए होंगे तो वे इससे जानबूझकर अनजान बने हुए हैं। उन्हें जानना चाहिए कि तैमूर शब्द नाम का मतलब बहादुर मजबूत, एक प्रसिद्ध राजा, आयरन होता है। और हर कोई अपनी संतान को बहादुर तथामजबूत देखना चाहता है। अब कुमार को ऐसा करना पसंद नहीं है तो कोई क्या कर सकता है ?वे चाहें तो अपने बच्चों का नाम लंगूर रख लें। उन्हें किसी ने क्या, ईश्वर ने भी इतनी ताकत नहीं दी कि वे सैफ-करीना के बेटे तैमूर का नाम बदलकर कुछ और रख दें। मै ईश्वर से प्रार्थना करूंगा कि वे कुमार विश्वास को सद्बुद्धि दें ताकि वे तंगदिली से बाहर निकल आएं। मै सैफ और करीना से भी दरख्वास्त करूंगा कि वे कुमार की टिप्पणी को दिल पार न लें क्योंकि लफंगा ही लफंगे की भाषा समझ सकता है। सैफ और करीना नहीं।

# योगी सरकार ने हर जरूरतमंद के लिए तैयार किया रैन बसेरों का मजबूत तंत्र

प्रात: किरण संवाददाता



लखनऊ। कड़ाके की सर्दी में अब कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर नहीं होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में रैन बसेरों और आश्रय स्थलों की सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य ठंड के प्रकोप से हर जरूरतमंद व्यक्ति को बचाना और उनके लिए सुरक्षित व गरिमामय आश्रय प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री योगी ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि रैन बसेरों का संचालन पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान, डिवाइडर, सड़क की पटरी या पार्कों में सोने को मजबूर न हो।

प्रदेश में अब तक 1240 रैन बसेरों और आश्रय स्थलों को विकसित किया गया है, जहां ठंड से बचने के लिए सभी आवश्यक संसाधन मौजूद हैं। इसके साथ ही, तीन लाख से अधिक कंबल वितरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी निर्देश दिया है कि जरूरतमंदों तक कम्बल पहुंचाने में कोई कोताही न बरती जाए।

रैन बसेरों में महिलाओं की सुरक्षा और उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। आश्रय स्थलों में पर्याप्त रोशनी, स्वच्छता और अलाव की व्यवस्था की गई है। यह सुनिश्चित किया गया है कि महिलाएं रैन बसेरों में सुरक्षित महसूस करें और उनकी सभी आवश्यकताओं का ख्याल रखा जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि रैन बसेरों की स्थिति और अलाव की व्यवस्था की तकनीकी मॉनिटरिंग की जाए। राहत आयुक्त कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से रैन बसेरों, अलाव और कंबल वितरण की स्थिति पर सीधे संवाद किया जा रहा है। फीडबैक के आधार पर कमियों को तुरंत दूर करने का आदेश दिया गया है।

योगी सरकार ने रैन बसेरों की जानकारी आम जन तक पहुंचाने के लिए नगर निगम को विशेष निर्देश दिए हैं। प्रत्येक जोन में रैन बसेरों की विस्तृत सूची प्रदर्शित की जा रही है। इसके अलावा, बस अड्डों और प्रमुख स्थलों पर लगे डिजिटल स्क्रीन पर भी रैन बसेरों की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इससे लोगों को आसानी से निकटतम रैन बसेरों की जानकारी मिल सकेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों को ठंड से निपटने के लिए पर्याप्त बजट का आवंटन किया गया है। जिलाधिकारियों और नगर आयुक्तों को रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे रैन बसेरों पर जाकर जरूरतमंदों से बातचीत करें और उनके अनुभवों के आधार पर सुधारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि रैन बसेरों में स्वच्छता और गरिमामय माहौल बना रहे। इसके अलावा, स्थान-स्थान पर जलाए जा रहे अलाव की स्थिति पर निगरानी के लिए तकनीकी सहायता का उपयोग किया जा रहा है। योगी सरकार की इन ठोस पहलों ने सर्दी के मौसम में रैन बसेरों और आश्रय स्थलों को जरूरतमंदों के लिए एक सुरक्षित और सशक्त तंत्र बना दिया है।

# पराली जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए योगी सरकार ने उठाया कदम

प्रात: किरण संवाददाता





लखनऊ। योगी सरकार पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। यही वजह है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में पराली जलाने की घटनाओं में बेतहाशा कमी आई है। योगी सरकार ने किसानों के हित में अनूठी पहल शुरू की है, जिसमें पराली जलाने की घटनाओं को रोकने और किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पराली के बदले गोवंश खाद योजना चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह अभिनव अभियान प्रदेश में किसानों की आय बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

प्रदेश में हर वर्ष फसलों की कटाई के बाद पराली जलाने की समस्या बढ़ जाती थी, जिससे वायु प्रदूषण गंभीर रूप से प्रभावित होता है। इसे रोकने के लिए योगी सरकार ने 28 अक्टूबर से ह्यपराली के बदले गोवंश खादह्व अभियान का संचालन किया। अभियान के दौरान प्रदेश में 2,90,208.16 कुंतल पराली एकत्रित की गई और किसानों को इसके बदले 1,55,380.25 कुंतल गोवंश खाद वितरित की गई। इस खाद का उपयोग जैविक खेती और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रदेश के कई जनपदों ने उत्कृष्ट कार्य किया।

इनमें वाराणसी, बांदा, बदायूं, जालौन, बरेली, अमेठी, सिद्धार्थनगर और बहराइच शामिल हैं। इन जनपदों में किसानों ने बड़े पैमाने पर पराली जमा की और खाद का लाभ लिया। अभियान के माध्यम से पराली के बदले गोवंश खाद वितरण से निराश्रित गोवंश संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। गो-आश्रय स्थलों में एकत्रित गोवंश खाद किसानों तक पहुंचाई जा रही है, जिससे पशुपालन विभाग की सक्रियता और प्रभावी कार्यशैली भी उजागर होती है।

योगी सरकार की यह पहल सिर्फ अस्थायी समाधान नहीं है, बल्कि पारदर्शी सोच को दर्शाती है। इससे जहां जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं किसानों की उत्पादन लागत भी घटेगी, यह पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। योगी सरकार का पराली के बदले गोवंश खाद अभियान किसानों, पर्यावरण और समाज के लिए महत्वपूर्ण कदम है। यह योजना न सिर्फ पराली जलाने की समस्या को प्रभावी ढंग से नियंत्रित कर रही है, बल्कि किसानों को जैविक खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित कर रही है। योगी सरकार का इस पहल से प्रदेश में हरित क्रांति की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है।

अभियान से पराली जलाने से रोकथाम हो रही है और किसान पराली जलाने की बजाय उसे सरकार को सौंपकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे रहे हैं। साथ ही, गोवंश खाद के रूप में किसानों को प्राकृतिक खाद प्राप्त हो रही है, जो रासायनिक खादों के उपयोग को कम कर रही है और भूमि की गुणवत्ता सुधार रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### मेरठः कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर सेना में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

मेरठ । उत्तर प्रदेश के स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने स्थानीय सदर बाजार थाना क्षेत्र से कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर भारतीय सेना में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले अन्तरराज्यीय गिरोह के सदस्य राहुल कुमार को गिरफ्तार किया है।

एसटीएफ की मेरठ फील्ड यूनिट के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) बृजेश कुमार सिंह ने राहुल कुमार की गिरफ्तारी की जानकारी शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि राहुल कुमार के पास से भारतीय सेना के फर्जी प्रवेश-पत्र की पांच रंगीन छायाप्रति, कथित सफल अग्निवीर अभ्यर्थियों की एक फर्जी सूची, दो मोबाइल फोन और एक कार बरामद की गई है।

एएसपी सिंह के अनुसार, अभियुक्त की गिरफ्तारी मेरठ स्थित तेल डिपो रेलवे फाटक के पास से शुक्रवार देर रात की गई। उन्होंने बताया कि एसटीएफ को सेना में भर्ती कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के बारे में सूचना प्राप्त हो रही थी।

मेरठ एसटीएफ यूनिट को सैन्य खुफिया विभाग (मध्य कमान) से सूचना प्राप्त हुई कि बागपत जनपद निवासी राहुल कुमार द्वारा कूटरचित दस्तावेजों के जरिये भर्ती कराने के नाम पर मोटी राशि वसूली जा रही है।

इस सूचना के आधार पर एसटीएफ टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राहुल कुमार को मौके पर पहुंच कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथी राजू पटेल (बिहार) और सुमित तथा सोमवीर (दोनों हरियाणा) के जरिये भारतीय सेना में भर्ती कराने के नाम पर लोगों से मोटी रकम वसूलता है।

गिरफ्तार अभियुक्त राहुल के खिलाफ सदर बाजार थाने में मामला दर्ज कराया गया। स्थानीय पुलिस की ओर से आगे की कार्यवाही जारी है।

### बैगर नक्शा के घर निर्माण मामले में सांसद जियाउर्रहमान बर्क को 16 जनवरी तक देना होगा जवाब

संभल । उत्तर प्रदेश के संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर्रहमान बर्क को बगैर नक्शा पास कराए घर निर्माण के मामले में अब 16 जनवरी तक नोटिस का जवाब देना होगा। एसडीएम वंदना मिश्रा ने बताया कि सांसद को 16 जनवरी का एक नोटिस दिया गया है। जिसमें वह पक्ष प्रस्तुत करेंगे। पहले उनके पास 27 दिसम्बर तक का समय था। इस दौरान उनके द्वारा एक आपत्ति प्रस्तुत की गई। जिसके बाद पुनः उन्हें अब 16 जनवरी को जवाब देना है। एसडीएम ने कहा कि अगर वह दी गई तिथि में जवाब नहीं देते हैं, तो जो भी नियमानुसार कार्यवाही होगी उसको अमल में लाया जाएगा।

प्रशासन के इस कदम से सांसद की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। क्योंकि इसके अलावा उनके खिलाफ पहले ही कई मामले दर्ज हो चुके हैं। सांसद के खिलाफ पुलिस ने पहले हिंसा भड़काने का मुकदमा दर्ज किया था और फिर गाड़ी से संबंधित आदेश की जांच शुरू की थी। इसके बाद, बिजली चोरी के मामले में उन पर जुमार्ना भी लगाया गया था। इसके अलावा उनके पिता पर भी जूनियर इंजीनियर को धमकाने का मामला दर्ज किया गया था। उधर संभल में 24 नवंबर को जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान हिंसा के लिए लोगों को भड़काने के आरोपी समाजवादी पार्टी सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करने से इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इंकार कर दिया है। यद्यपि कोर्ट ने पुलिस की जांच में सहयोग की नसीहत देते हुए गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है।

# खुले में सोने को नहीं होना होगा मजबूर, सरकार ने किये व्यापक इंतजाम



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में कड़ाके की सर्दी में किसी को खुले में न सोना पड़े इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पूरे प्रदेश में रैन बसेरों और आश्रय स्थलों की सुविधाओं को लगातार सुदृढ़ किया जा रहा है। एक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य ठंड के प्रकोप से हर जरूरतमंद व्यक्ति को बचाना और उनको सुरक्षित व गरिमामय आश्रय प्रदान करना है। बयान में बताया गया कि मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया है कि रैन बसेरों का संचालन पूरी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का आदेश दिया है कि कोई भी व्यक्ति खुले आसमान, डिवाइडर, सड़क की पटरी या पार्कों में सोने को मजबूर न हो। बयान के मुताबिक, प्रदेश में अब तक 1240 रैन बसेरों और आश्रय स्थलों को विकसित किया गया है, जहां ठंड से बचने के लिए सभी आवश्यक संसाधन मौजूद हैं। बयान में बताया गया कि इसके साथ ही, तीन लाख से अधिक कंबल वितरित किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री योगी ने यह भी निर्देश दिया है कि जरूरतमंदों तक कंबल पहुंचने में कोई कोताही न बरती जाए।

रैन बसेरों में महिलाओं की सुरक्षा और उनकी जरूरतों का विशेष ध्यान रखा गया है। बयान के मुताबिक, आश्रय स्थलों में पर्याप्त रोशनी, स्वच्छता और अलाव की व्यवस्था की गई है साथ ही यह सुनिश्चित किया गया है कि महिलाएं रैन बसेरों में सुरक्षित महसूस करें और उनकी सभी आवश्यकताओं का ख्याल रखा जाए। बयान में अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि रैन बसेरों की स्थिति और अलाव की व्यवस्था की तकनीकी मॉनिटरिंग की जाए। राहत आयुक्त कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से रैन बसेरों, अलाव और कंबल वितरण की स्थिति पर सीधे संवाद किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों को ठंड से निपटने के लिए पर्याप्त बजट का आवंटन किया गया है। जिलाधिकारियों और नगर आयुक्तों को रैन बसेरों और अलाव की व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। बयान के मुताबिक, जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे रैन बसेरों पर जाकर जरूरतमंदों से बातचीत करें और उनके अनुभवों के आधार पर सुधारात्मक कदम उठाएं।

# मथुरा में घने कोहरे के कारण अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत



मथुरा। मथुरा जिले में घने कोहरे के कारण हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गयाा। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) त्रिगुण बिसेन ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक व्यक्ति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। अधिकारियों ने बताया कि वाहन चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि हादसे में मृतक का चेहरा बुरी तरह कुचल गया जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई।

बिसेन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना शनिवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर हुई जब दृश्यता कम होने के कारण एक मोटरसाइकिल और ट्रक की भिड़ंत हो गई। उन्होंने बताया कि इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि ट्रक चालक मौके से भाग गया। उसने बताया कि मृतक की पहचान मथुरा के निवासी आरके शर्मा (42) के रूप में हुई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया कि घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# धोखाधड़ी के मामले में दो कांस्टेबल समेत 14 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी

भदोही। प्रयागराज में स्थित मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर 17 लाख रुपए हड़पने के मामले में भदोही पुलिस की अपराध शाखा के दो कांस्टेबल समेत 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि यह मामला अदालत के आदेश पर जिले के सुरयावा थाना में शुक्रवार को दर्ज किया गया। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि आरोप है कि इन कांस्टेबल ने पैसे देने वाले छात्र नीरज यादव और उसके पिता रमाकांत यादव को धोखे से पुलिस लाइन बुलाकर हवालात में बंद कर दिया और बाप -बेटे पर पुलिस से की शिकायत वापस लेने का दबाव बनाते हुए मारपीट की। सुरयावा थाने के प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गुप्ता ने बताया कि 2021 में बनारस में कोचिंग के दौरान नीरज की मुलाकात प्रयागराज के कुलभूषण उर्फ कुलदीप मिश्रा और जौनपुर के राजन त्रिपाठी से हुई थी। बाद में उसकी मुलाकात जौनपुर के रहने वाले और फिलहाल भदोही पुलिस की अपराध शाखा में तैनात सिपाही नरेन्द्र सिंह से हुई। उन्होंने बताया कि आरोप है कि इन लोगों ने नीरज को मोतीलाल नेहरू मेडिकल कालेज में एमबीबीएस में दाखिला दिलाने के नाम पर 17 लाख रुपये लिए और फर्जी प्रवेश पत्र दिया। इस मामले की शिकायत थाना और पुलिस के आला अधिकारी से किए जाने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज नहीं होने पर नीरज और उसके पिता ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और अदालत के आदेश पर यह मामला दर्ज किया गया। गुप्ता ने बताया कि इस मामले में कुलभूषण उर्फ कुलदीप मिश्रा, राजन त्रिपाठी, कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, कांस्टेबल अंकित त्रिपाठी और दस अज्ञात व्यक्तियों समेत कुल 14 लोगों के खिलाफ सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

# जियो फाइबर के प्रबंधक का अपहरण करने वाले बदमाशों से पुलिस की मुठभेड़

प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) और हाथरस पुलिस के संयुक्त दल ने शनिवार को मुरादाबाद में बदमाशों से मुठभेड़ के बाद जियो फाइबर के प्रबंधक को सकुशल बरामद कर लिया जिनका हाथरस से अपहरण किया गया था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से एक अपहरणकर्ता घायल हो गया जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अपर पुलिस महानिदेशक अमिताभ यश ने एक बयान में बताया कि एक जनवरी को हाथरस जिले में जियो फाइबर के प्रबंधक अभिनव भारद्वाज का अपहरण कर लिया गया जिसके संबंध में हाथरस गेट पुलिस थाना में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि आज मुरादाबाद जिले के सिविल लाइंस पुलिस थाना क्षेत्र में एसटीएफ की नोएडा इकाई तथा हाथरस पुलिस के संयुक्त दल और अपहरणकताओं के बीच मुठभेड़ हो गई जिसके बाद अभिनव को सकुशल बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से आरोपी विशाल घायल हो गया। अपर पुलिस महानिदेशक ने बताया कि विशाल, उसके साथ सुजल कुमार और करण बिष्ट को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# विद्युत स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू, उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील

## स्मार्ट मीटर के लिए भ्रम की स्थिति से बाहर निकलें उपभोक्ता: उदय प्रताप

प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी



बिजनौर ।ऊर्जा विभाग के निर्देश पर बिजनौर में भी विधुत स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। विधुत स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम सर्वे कर मीटर लगा रही है। ऊर्जा विभाग के आदेश पर अब बिजनौर में भी विद्युत स्मार्ट मीटर लगाने का काम शुरू हो गया है। अब तक जनपद बिजनौर में तीन हजार दो सौ मीटर लग चुके हैं ।अमूमन मीटर लगाते समय बिजली उपभोक्ताओं में भ्रम की स्थिति बन जाती है। लेकिन विद्युत स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम द्वारा स्मार्ट मीटर की खूबियों के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि टीम द्वारा स्मार्ट मीटर के साथ एक चेक मीटर भी लगाया जाता है ।स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली उपभोक्ताओं को सही बिजली रीडिंग के साथ सही बिल प्राप्त होगा औ बिल जमा करने पर छूट भी मिलेगी ।विद्युत वितरण मंडल बिजनौर के अधीक्षण अभियंता उदय प्रताप के कार्यालय में स्मार्ट मीटर लगाने वाली टीम पहुंची ।अधीक्षण अभियंता उदय प्रताप ने स्मार्ट मीटर टीम को भरोसा दिलाते हुए कहा कोई समस्या आये तो तत्काल उनको अवगत कराएं ।समस्या को दूर कराया जाएगा। तो वहीं टीम को अपना काम पूरी पारदर्शिता के साथ करने के निर्देश देते हुए कहा कि बिजली उपभोक्ताओं को विश्वाश में लेकर अपने कार्य को करें। अधीक्षण अभियंता उदय प्रताप ने सभी बिजली उपभोक्ताओं से अपील करते हुये कहा कि स्मार्ट मीटर लगवाने में उपभोक्ताओं पूरी तरह से सहयोग करें मीटर लगने के बाद बिजली बिल,बिजली रीडिंग की कोई समस्या नही होगी तथा विद्युत स्मार्ट मीटर की फैली गलत जानकारी के भ्रम की स्थिति से बाहर निकले। उन्होंने बिजली बकायदारो से भी अपील करते हुए कहा कि विभाग की और से एक ह्मुश्त समाधान योजनाह्व (ओटीएस ) चल रही है जिसमे बिजली बकयदारो को अपना बकाया बिल जमा करने पर छूट मिल रही है ।उपभोक्ता अपना जल्द से जल्द बकाया बिल जमा कर योजना का लाभ उठायें। इसके साथ ही अन्य बिजली उपभोक्ताओ से भी अपना बिजली का बिल समय से जमा करने का अनुरोध किया ।तो वहीं दूसरी ओर उन्होंने बिजली बिल जमा न करने वाले बकायादार उपभोक्ताओं को सचेत करते हुए कहा की बकाया बिल जमा न करने की स्थिति में उनके काटे गये कनकेशन को यदि उपभोक्ता स्वयं कनेक्शन जोड़ कर बिजली का उपयोग करते है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए विद्युत अधिनियम की धारा 138 के अंतर्गत प्राथमिक की दर्ज कराई जाएगी।

# उत्तर प्रदेश: किसानों को पराली के बदले गोवंश खाद दे रही सरकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने पराली जलाने के मामलों पर लगाम लगाने और किसानों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ह्यपराली के बदले गोवंश खादह्व योजना की शुरूआत की है। गोवंश खाद, गोवंशीय पशुओं के गोबर से बनी खाद है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह अभियान प्रदेश में किसानों की आय को बढ़ाने और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक बयान के मुताबिक, प्रदेश में हर वर्ष फसलों की कटाई के बाद पराली जलाने की समस्या बढ़ जाती थी, जिससे वायु प्रदूषण गंभीर रूप से प्रभावित होता है इसलिए इसे रोकने के लिए सरकार ने 28 अक्टूबर से पराली के बदले गोवंश खाद अभियान शुरू किया। अभियान के दौरान प्रदेश में 2.90 लाख कुंतल पराली एकत्रित की गई और किसानों को इसके बदले 1.55 लाख कुंतल गोवंश खाद वितरित की गई। बयान में बताया गया कि इस खाद का उपयोग जैविक खेती और मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रदेश के कई जिलों ने उत्कृष्ट कार्य किया, जिनमें वाराणसी, बांदा, बदायूं, जालौन, बरेली, अमेठी, सिद्धार्थनगर और बहराइच शामिल हैं। बयान में बताया गया कि इन जिलों में किसानों ने बड़े पैमाने पर पराली जमा की और खाद का लाभ लिया। बयान के मुताबिक, अभियान के माध्यम से पराली के बदले गोवंश खाद वितरण से निराश्रित गोवंश संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है।

बयान में बताया गया कि सरकार की यह पहल सिर्फ अस्थायी समाधान नहीं बल्कि पारदर्शी सोच को दशार्ता है। बयान के मुताबिक, इतना ही नहीं इससे जैविक खेती को बढ़ावा मिल रहा है, किसानों की उत्पादन लागत घटेगी और यह पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# परमाणु आपदा से निपटने को पुलिस और चिकित्सा अधिकारी प्रशिक्षित किए गए



महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ मेले को हर दृष्टि से सुरक्षित करने की दिशा में शुक्रवार को राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने रासायनिक और परमाणु आपदाओं से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। मेला प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि रासायनिक और परमाणु आपदाओं जैसी संभावित आपात स्थितियों से निपटने के लिए मेला प्राधिकरण, पुलिस प्रशासन और चिकित्सा अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया।

इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने किया। परमाणु ऊर्जा विभाग के शरद सेठ ने बताया कि श्रद्धालुओं को मेला में बेफिक्र और निर्भीक होकर श्रद्धा के संगम में डुबकी लगा के जाना चाहिए।

भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग और उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों, रासायनिक आपदाओं का त्वरित आकलन, प्रभावितों का सुरक्षित बचाव तथा स्वास्थ्य सहायता प्रबंधन पर जोर दिया गया और विभिन्न आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन भी किया गया।

योगेंद्र डिमरी ने कहा कि प्रदेश में महाकुम्भ जैसे बड़े आयोजन के दौरान सभी भागीदारों की जागरुकता और जानकारी के लिए परमाणु तथा रासायनिक आपदा से बचाव एवं सुरक्षा संबंधित कार्यशाला करायी जा रही है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में परमाणु ऊर्जा विभाग, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और डीआरडीओ के वैज्ञानिकों ने रासायनिक रिसाव का आकलन और प्रतिक्रिया रणनीति, प्रभावित का सुरक्षित बचाव, महाकुम्भ मेले के लिए रेडियोधर्मी आपातकाल की तैयारियों और प्रतिक्रिया के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) पर व्याख्यान दिया।

परमाणु ऊर्जा विभाग के अरुण कुमार नायक ने बताया कि विभाग सभी भागीदारों को समय-समय पर तकनीकी सहायता, क्षमता संवर्धन जानकारी प्रदान करता रहता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में केंद्र से परमाणु ऊर्जा विभाग, मुंबई के भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र, नई दिल्ली से डीआरडीओ, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, भारतीय सेना, मेला प्रशासन, पुलिस एवं जिला प्रशासन के अधिकारी, अग्निशमन विभाग, जिला अस्पताल के चिकित्साधिकारी और मेला क्षेत्र में स्थापित सभी अस्पतालों के चिकित्साधिकारी समेत कुल 400 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 358 वें प्रकाश उत्सव में निकला गया नगर कीर्तन

## सर्व समाज के साथ साथ विशेष रूप से मुस्लिम समुदाय के लोगों ने किया दिल खोलकर नगर कीर्तन का स्वागत और कराया जलपान

प्रात: किरण संवाददाता



स्योहारा। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सिखो के महान गुरु दशमेश पिता श्री गुरु गोविंद सिंह जी के 358 वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में बड़े ही धूमधाम व हर्ष उल्लाहस के साथ नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा स्योहारा कमेटी की देख रेख में निकाला गया जिसमें पंच प्यारे और बड़ी तादाद में श्रद्धालु शामिल हुए नगर कीर्तन में बाहर से आये कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर मन मोह लिया। नगर कीर्तन का सर्व समाज के साथ-साथ विशेष रूप से मुस्लिम समाज ने दिल खोलकर स्वागत कर जलपान कराया। नगर कीर्तन का मुख्य रूप से स्वागत करने वालो में बड़ा बाजार में वरिष्ठ व्यापारी और भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा, संजय जैन,कुरी हाउस पर कांग्रेसी नेता चौधरी फहीम उर रहमान, चौधरी जकी उर रहमान, विवेक सेन जिला पंचायत सदस्य,चौ.जुनैद उर रहमान,नय्यर चौधरी, चौ.वली उर रहमान, चौ. समीर रहमान, कांग्रेसी नेता नासिर चौधरी और उनकी टीम ,रमन मेटरनिटी नर्सिंग होम पर डॉ. एच एस.कालरा,एडवोकेट, डॉ वंदना कालरा, राजपाल प्रजापति, हेल्पलाइन सोसाइटी के सुहैल जफर आदि रहे।

श्री गुरुद्वारा सिंह सभा के पदाधिकारीयो की ओर से भी सभी स्वागत करने वालो को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। नगर कीर्तन के दौरान अच्छी सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिये थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार और उनकी टीम को शील्ड देकर और शॉल उड़ाकर सम्मानित किया। नगर कीर्तन को सफल बनाने के लिये मुख्य रूप से संरक्षक डॉ.एच. एस.कालरा, सरदार प्रीतम सिंह,सरदार रविन्द्र सिंह, सरदार जसपाल सिंह कॉलरा, सरदार हरजीत सिंह, सरदार मनजीत सिंह, सरदार जगजीत सिंह, प्रधान मनप्रीत सिंह कॉलरा उर्फ मनु, अवतार सिंह गोल्डी, सैकेट्री सिमरनदीप सिंह उर्फ हेम, प्रितपाल सिंह,सरदार अवतार सिंह, कोषाध्यक्ष सतनाम सिंह, सरदार अरविंदर सिंह काका, सरदार सुरेंद्र सिंह खालसा, गुरुदीप सिंह डायरेक्टर गोल्डन बेल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरुमीत सिंह, अमनदीप सिंह, चरनजीत सिंह, मीडिया प्रभारी लवजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, प्रबन्धक जगदीप सिंह उर्फ आशु , प्रवेन्द्र सिंह स्टोर कीपर, रमनदीप सिंह, दमनदीप सिंह, पुनीत सिंह, जसविंदर सिंह धामपुर, सरदार सुरेंद्र सिंह उर्फ बिल्लू ,रॉक्सी, किशन लाल अरोड़ा आदि नगर कीर्तन की व्यवस्था बनाने में लगे रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर विनीत देवरा, मनोज भटनागर भाजपा मंडल अध्यक्ष,चौधरी महफूज एडवोकेट, सुहैल जफर अध्यक्ष हेल्पलाइन सोसाइटी, डॉक्टर राजबहादुर शर्मा,संजीव भारद्वाज, राजवीर त्यागी,आरिफ गांधी,श्वेत रस्तौगी सभासद, बब्बू कुरैशी सभासद,बबलू जैदी, अयाज अहमद, हजरत गफ्फार अहमद आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# दिल्ली में फिल्म प्रोजेक्ट थामा की शूटिंग करेंगे आयुष्मान खुराना

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना हॉली डे मूड से बाहर निकल काम पर लौटने को तैयार हैं। जल्द वो अपकमिंग प्रोजेक्ट ह्यथामाह्ल की शूटिंग में व्यस्त दिखेंगे। फिल्म का ये दूसरा शेड्यूल है। आयुष्मान अगले सप्ताह राष्ट्रीय राजधानी में शूटिंग शुरू करेंगे, जो जनवरी के फर्स्ट हाफ तक चलेगी। फिल्म थामा एक खूनी प्रेम कहानी पर आधारित बताई जा रही है। यह मैडॉक की ब्लॉकबस्टर हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की इस फिल्म में आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना के अलावा परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी भी हैं। इस फिल्म को मुंज्या फेम आदित्य सरपोतदार डायरेक्ट कर रहे है और इसे नीरेन भट्ट, सुरेश मैथ्यू और अरुण फुलारा ने लिखा है। इसके अलावा दिनेश विजन और अमर कौशिक इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। 2025 आयुष्मान के लिए एक बिजी साल है। इस साल उनकी दो फिल्में रिलीज होने वाली हैं, जिनमें से एक ह्यथामाह्ल है, जो दीपावाली पर रिलीज होगी। इसके अलावा दूसरी फिल्म धर्मा और सिख्या प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही एक एक्शन थ्रिलर है, जिसके नाम का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। सूत्रों के अनुसार, वह दो फिल्मों की शूटिंग भी शुरू करने वाले हैं। एक सूरज बड़जात्या के साथ होगी, जो दिल छूने वाला पारिवारिक ड्रामा है और दूसरी समीर सक्सेना के साथ होगी, जिसे यशराज फिल्म्स और पोशम पा पिक्चर्स के बैनर तले बनाया जाएगा। आयुष्मान खुराना को हाल ही में 22वें अनफॉरगेटेबल गाला में ह्यफ्यूचर लीडर फॉर वन एशियाह्ल के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा था उन्हें गर्व है कि भारतीय सिनेमा आखिरकार विभिन्न संस्कृतियों और भाषाओं के बीच अपनी पहुंच बना रहा है। एक्टर ने कहा कि उन्हें सिनेमा की शक्ति पर विश्वास है, जो सभी को प्रभावित करती है और उन्हें भारतीय सिनेमा को ऐसा करते हुए देखकर बहुत अच्छा लगता है। एक्टर को चीनी-अमेरिकी अभिनेत्री जोन चेन के साथ समारोह में सम्मानित किया गया था, जो ऑस्कर अकादमी पुरस्कार की जज भी हैं, जिन्होंने नौ अकादमी पुरस्कार जीते हैं।

# जान्हवी के साथ काम नहीं करना चाहते राम गोपाल वर्मा

प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई,। श्री देवी बॉलीवुड की खूबसूरत एक्ट्रेस थीं, जिन्होंने साउथ के बड़े-बड़े दिग्गजों के साथ भी काम किया और वहां के प्रोड्यूसर्स की पहली पसंद थीं। बॉलीवुड में ऐसे कई फिल्ममेकर्स हैं जो उनके निधन के बाद भी उनकी एक्टिंग की तारीफ करते नहीं थकते। उनकी फिल्में फैंस को काफी पसंद आती हैं। चांदनी, प्रेमरोग, जुदाई, मिस्टर इंडिया, कुछ सच कुछ झूठा, आर्मी जैसी कई फिल्में हैं, जिन्हें देखकर आज भी फैंस उनकी यादों में खो जाते हैं। श्री देवी की बेटी जान्हवी कपूर की तुलना अक्सर उनसे की जाती है। हाल ही में एक नामी प्रसिद्ध फि ल्म निर्देशक ने कहा कि लोग भले इस बात को कहते हैं, लेकिन उन्हें अभी तक जाह्नवी कपूर में अपनी मां जैसी बात नजर नहीं आई। उन्होंने साफ कहा कि मैं जान्हवी के साथ काम नहीं करना चाहता। रंगीला, सत्या, कंपनी और भूत जैसी फिल्मों के लिए मशहूर डायरेक्टर रामगोपाल वर्मा अपने बेबाक अंदाज और तीखे बयानों के लिए अक्सर सुर्खियां बटोरते रहते हैं। हाल ही में राम गोपाल वर्मा ने एक इंटरव्यू में हिंदी सिनेमा की दिवंगत दिग्गज अभिनेत्री श्रीदेवी के प्रति अपना प्यार और सम्मान जाहिर किया। साथ ही उन्होंने अपनी बेटी और एक्ट्रेस जान्हवी कपूर के बारे में भी अपनी राय शेयर की। जान्हवी कपूर के देवरा के सह-कलाकार जूनियर एनटीआर ने कहा था कि उन्हें लगा कि फिल्म के फोटो शूट के दौरान एक फ्रेम में जान्हवी अपनी मां की हूबहू कॉपी थीं। हालांकि, रामगोपाल वर्मा ने इस तुलना को खारिज कर दिया और इसे श्रीदेवी का हैंगओवर बताया। मुझे बेटी नहीं, मां पसंद है कहकर उन्होंने श्रीदेवी के अभिनय की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रदर्शन ने एक दर्शक के रूप में मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया और मैं भूल गया कि मैं एक फिल्म निमार्ता हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह जान्हवी कपूर के साथ काम करेंगे? तो उन्होंने कहा, मुझे मां पसंद थी, बेटी नहीं हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि वह यह बात किसी गलत इरादे से नहीं कह रहे हैं। उन्होंने कहा,मेरे करियर में कई बड़े सितारे रहे हैं जिनसे मेरा कोई कनेक्शन नहीं है, इसलिए जान्हवी कपूर के साथ फिल्म करने का मेरा कोई इरादा नहीं है। वर्कफ्रंटवर्कफ्रंट की बात करें तो राम गोपाल वर्मा अपने सत्या स्टार मनोज बाजपेयी के साथ एक फिल्म से वापसी करने के लिए तैयार हैं। हाल ही में देवरा में नजर आईं जान्हवी कपूर जल्द ही सनी संस्कार की तुलसी कुमारी और परम सुंदरी जैसी फिल्मों में नजर आएंगी।

# कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी का नया ट्रेलर 06 जनवरी को होगा रिलीज

मुंबई,। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म इमरजेंसी का नया ट्रेलर 06 जनवरी को रिलीज होगा। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फि ल्म्स निर्मित, ह्यइमरजेंसीह्ल की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना रनौत, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। इमरजेंसी के निमार्ताओं ने घोषणा की है कि फिल्म का नया ट्रेलर 06 जनवरी को रिलीज होगा। सोशल मीडिया पर घोषणा साझा करते हुए, निमार्ताओं ने लिखा, भारत के सबसे काले घंटे के 50 साल बाद - इमरजेंसी। भारत की सबसे शक्तिशाली महिला और घटना की अनकही कहानी का अनावरण करें जिसने राष्ट्र को हमेशा के लिए बदल दिया। #इमरजेंसी ट्रेलर 06 जनवरी 2025 को रिलीज होगा। 17 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में #इमरजेंसी को देखें। फिल्म ह्यइमरजेंसीह्ल में कंगना रनौत के अलावा अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन,श्रेयस तलपड़े, विशाक नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। कंगना ने इमरजेंसी में अभिनय करने के साथ ही फिल्म का निर्माण और निर्देशन भी किया है।इमरजेंसी में अनुपम खेर जयप्रकाश नारायण,श्रेयस तलपड़े अटल बिहारी वाजपेयी, मिलिंद सोमन फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ,महिमा चौधरी पुपुल जयकर ,विशाक नायर संजय गांधी,और दिवंगत सतीश कौशिक जगजीवन राम के किरदार में नजर आयेंगे। यह फिल्म 17 जनवरी को रिलीज होगी।

# प्रिया और एटली ने वर्ल्ड पिकलबॉल लीग में निवेश किया, बेंगलुरु फ्रेंचाइजी हासिल की

मुंबई,। फिल्म निमार्ता प्रिया एटली और एटली ने वर्ल्ड पिकलबॉल लीग (डब्ल्यूपीबीएल) में बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है। टीम को बेंगलुरु जवान कहा जाएगा। पूर्व भारतीय टेनिस खिलाड़ी गौरव नाटेकर और आरती पोनप्पा नाटेकर सह-स्थापित, विश्व पिकलबॉल लीग 24 जनवरी को शुरू होगी और इसमें भारत और दुनिया भर के 48 खिलाड़ी छह फ्रेंचाइजी के लिए खेलेंगे। बेंगलुरु जवानों की टीम में खिलाड़ियों की सूची में खिलाड़ियों की जबरदस्त कतार शामिल है, जिसमें भारतीय पिकलबॉल सनसनी वृषाली ठाकरे भी शामिल हैं, जो अपनी शानदार खेल शैली के लिए हैमर ठाकरे के नाम से मशहूर हैं।उनके साथ जैक फोस्टर, कतेरीना स्टीवर्ट, ट्रांग ह्यून मैकक्लेन, मासेलो जार्डिम, एलेजांद्रा बोबेरिया, फेलिक्स ग्रुनर्ट, माउरो गार्सिया शामिल होंगे जो लाइन-अप को पूरा करेंगे। एटली और प्रिया, 24 जनवरी से शुरू होने वाली वर्ल्ड पिकलबॉल लीग की कार्रवाई को देखने के लिए उत्साहित हैं। उन्होने बेंगलुरु फ्रैंचाइजी के अधिग्रहण के लिए अपनी खुशी साझा की। उन्होंने कहा,मनोरंजन हमेशा से हमारा जुनून रहा है, और हम ऐसी कहानियां बताने के लिए भाग्यशाली रहे हैं जो लोगों से गहरे स्तर पर जुड़ती हैं। सिनेमा की तरह खेलों में भी भावनाओं को जगाने, और बदलाव को प्रेरित करने की शक्ति होती है। वर्ल्ड पिकलबॉल लीग हमारे लिए दोनों दुनियाओं का एक बेहतरीन मिश्रण है, उच्च ऊर्जा वाले खेल और जीवंत मनोरंजन का एक शानदार मिश्रण।

# नमस्ते आईडल सीजन दो का ग्रांड फिनाले संपन्न




प्रात: किरण,/ एजेसी

कर्सियांग,। नमस्ते खरसांग चैनल के तत्वावधान में आयोजित गोर्खा और नेपाली गायन प्रतियोगिता नमस्ते आईडल-2024 सीजन दो का ग्रांड फिनाले संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में पांच प्रतिभागियों ने भाग लिया,जिनमें से खुशी दूतराज ने प्रथम, राहुल थापा ने द्वितीय और अलिशा शंकर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार स्वरूप नकद राशि प्रदान की गई। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खुशी दूतराज को 25 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले राहुल थापा को 15 हजार रुपये और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले अलिशा शंकर को 10 हजार रुपये प्रदान किए गए। इस प्रतियोगिता के आयोजन के पीछे का उद्देश्य गायन क्षेत्र में नए प्रतिभाओं को निखारना और उनके अंदर आत्मविश्वास को जगाना था। नमस्ते खरसांग चैनल के निर्देशक निर्मल गुरूंग ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से हमने गायन क्षेत्र में नए प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास किया है। इस अवसर पर कर्सियांग नगरपालिका अध्यक्ष ब्रिगेन गुरूंग, उपाध्यक्ष सुवास प्रधान और सभासद श्याम शेर्पा ने विशेष रूप से उपस्थिति दर्ज की। नमस्ते आईडल सीजन दो का ग्रांड फिनाले एक सफल आयोजन साबित हुआ और इसने गायन क्षेत्र में नए प्रतिभाओं को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।


# छुट्टी से लौटे अमिताभ बच्चन बोले, एकांत का आनंद अब काम के आनंद में बदल गया

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई,। हिन्दी फिल्मों के सुपरस्टार अमिताभ बच्चन नए साल पर छुट्टियां मनाकर लौट आए हैं। उन्होंने इसकी तस्दीक अपने ब्लॉग के जरिए दी है। ब्लॉग में बड़े खूबसूरत अंदाज में उन्होंने कहा, एकांत में बिताया समय काफी आनंद भरा था और अब वो मेरे काम और रोजाना की दिनचर्या में बदल गया है। महानायक ने अपने ब्लॉग पर लिखा,और इसलिए हम आज सुबह अपने घर के लिए निकल पड़े हैं, और एकांत का आनंद अब काम और दिनचर्या के आनंद में बदल गया है। दिनचर्या बुजुर्गों की विरासत बन गई है। 3 जनवरी को अभिनेता ने उन महान हस्तियों को याद किया, जिन्हें देश ने 2024 में खो दिया है। इस लिस्ट में उद्यमी रतन टाटा, तबला वादक जाकिर हुसैन, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह और दिग्गज फिल्म निमार्ता श्याम बेनेगल शामिल हैं। उन्होंने कलाकार सतीश आचार्य द्वारा बनाए गए कार्टून को पोस्ट कर अपनी ओर से श्रद्धांजलि दी। कैप्शन में लिखा, तस्वीर सब कुछ बयां कर देती है। पोस्ट के कैप्शन में लिखा था, 2024 में एक पारसी, एक मुस्लिम, एक सिख और एक हिंदू शख्सियत का निधन हो गया और पूरा देश उन्हें याद कर रहा है। 26 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में दिल्ली में उम्र संबंधी बीमारी की जटिलताओं के कारण निधन हो गया था। इससे पहले 23 दिसंबर को, प्रसिद्ध फिल्म निमार्ता श्याम बेनेगल का 90 वर्ष की आयु में क्रोनिक किडनी रोग के कारण निधन हो गया। टाटा समूह के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय उद्योगपति रतन टाटा का अक्टूबर 2024 में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एक और महत्वपूर्ण क्षति विश्व प्रसिद्ध तबला वादक जाकिर हुसैन के तौर पर हुई, जिनका 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अभिनय के मोर्चे पर सिने आइकन को हाल ही में प्रोजेक्ट वेट्टयन में देखा गया था, जहां उन्होंने सुपरस्टार रजनीकांत, फहद फासिल और राणा दग्गुबाती के साथ स्क्रीन साझा किया।

# शाहिद कपूर की फिल्म देवा का नया पोस्टर रिलीज





मुंबई,। बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म देवा का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स की एक्शन-थ्रिलर देवा को लेकर लोगों की एक्साइटमेंट बढ़ती ही जा रही है ! पहले पोस्टर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिलने के बाद, मेकर्स ने शाहिद कपूर के लुक का नया मोशन पोस्टर रिलीज किया है।नए मोशन पोस्टर में शाहिद कपूर का एकदम रफ और हटके लुक दिखाया गया है। वो गन पकड़े हुए दमदार डांस पोज में नजर आ रहे हैं। रोशन एंड्रयूज के निर्देशन में बनी और जी स्टूडियोज और रॉय कपूर फिल्म्स निर्मित फिल्म ह्यदेवाह्ल 31 जनवरी को रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में शाहिद कपूर के साथ पूजा हेगड़े भी अहम भूमिका में नजर आयेंगी।

# स्टार प्लस ने रिलीज किया शो पॉकेट में आसमान का पहला दिलचस्प प्रोमो

मुंबई, ।मनोरंजन चैनल स्टार प्लस ने अपने शो ह्यपॉकेट में आसमानह्ल का पहला दिलचस्प प्रोमो शेयर किया है। स्टार प्लस अपना नया और दिलचस्प शो पॉकेट में आसमान लेकर आ रहा है, जिसमें अभिका मलाकार और फर्मान हैदर लीड रोल में नजर आएंगे। इस शो में अभिका रुद्राणी (रानी) का किरदार निभाएंगी और फर्मान दिग्विजय के रोल में दिखेंगे। पॉकेट में आसमान के मेकर्स ने शो का पहला दिलचस्प प्रोमो रिलीज किया है, जिसने पहले ही दर्शकों की दिलचस्पी बढ़ा दी है। प्रोमो में रुद्राणी (रानी) और दिग्विजय की झलक देखने को मिलती है। पॉकेट में आसमान की कहानी रानी की है, जो एक जवान और प्रेग्नेंट लड़की है। वह डॉक्टर बनने का अपना सपना पूरा करना चाहती है, साथ ही अपनी निजी ज़िम्मेदारियों को भी संभालती है। रानी के पति, दिग्विजय, उसकी फैसले का समर्थन करते हैं, लेकिन एक शर्त रखते हैंः उसे या तो अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना होगा या बच्चे पर। लेकिन रानी, अपनी इच्छाशक्ति और महत्वाकांक्षा से प्रेरित होकर, दोनों को करने का फैसला करती है। वह मां बनने और डॉक्टर बनने के अपने सपने को पूरा करने के बीच संतुलन बनाने की चुनौती का सामना करती है। पॉकेट में आसमान एक प्रेरणादायक कहानी होने का वादा करता है। यह रानी के सफर को दिखाता है, जिसमें वह अपनी व्यक्तिगत और पेशेवर जिंदगी दोनों को संतुलित करने की कोशिश करती है। यह एक महिला के जीवन के कई पहलुओं को संतुलित करने की यात्रा को दशार्ता है। पॉकेट में आसमान शो के साथ, दर्शकों को एक मजबूत और प्रेरणादायक कहानी देखने को मिलेगी, जो एक युवा महिला की ताकत और संकल्प को दिखाती है, जो अपने सपनों को हर मुश्किल के बावजूद पूरा करने के लिए तैयार है।

# बिनोदिनी-एकती नाटिर उपाख्यान की पहली झलक रिलीज




मुंबई,। अभिनेता चंदन रॉय सान्याल ह्यबिनोदिनी - एकती नाटिर उपाख्यानह्ल की आने वाली फिल्म बिनोदिनी - एकती नाटिर उपाख्यान की पहली झलक रिलीज हो गयी है। फिल्म ह्यबिनोदिनी - एकती नाटिर उपाख्यानह्ल में चंदन रॉय सान्याल, रामकृष्ण परमहंस देब का किरदार निभाते नजर आएंगे।फिल्म बिनोदिनी - एकती नाटिर उपाख्यान की पहली झलक रिलीज हो गयी है।यह फिल्म पुरस्कार विजेता फिल्म निमार्ता राम कमल मुखर्जी निर्देशित है। ऐतिहासिक बिनोदिनी थिएटर में इस फिल्म का पहला पोस्टर जारी किया गया है। चंदन रॉय सान्याल ने कहा,मैंने बचपन से श्री रामकृष्ण देब की पूजा की है, और उनकी शिक्षाएं मेरे जीवन में एक मार्गदर्शक प्रकाश रही हैं।

# चमक का गे किरदार कइयों ने ठुकराया, मैंने बेहिचक निभाया : मोहित मलिक



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, ।वेब सीरीज ह्यचमकह्ल में सामाजिक दबावों से जूझ रहे एक समलैंगिक व्यक्ति की भूमिका निभा रहे अभिनेता मोहित मलिक ने कहा, इस सीरीज में किरदार निभाने में किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं थी। उन्होंने कहा, चमक को लेकर मेरे मन में कोई संकोच नहीं था। वास्तव में मेरे निर्देशक को इस बात पर संकोच था कि मैं यह करूंगा या नहीं। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैं इसे करूंगा, क्योंकि कई अभिनेताओं ने मना कर दिया था। लेकिन मैंने इसे एक बेहतरीन अवसर के रूप में देखा। अगर किसी ने मना किया है तो यह उनका नुकसान था। अभिनेता ने बताया कि उनके किरदार के ग्राफ में बदलाव आया है। मुझे उम्मीद है कि लोग सीजन 2 में उसकी कहानी से जुड़ पाएंगे।ह्व क्योंकि, उस व्यक्ति ने अपने जीवन में बहुत कुछ सहा है। इस वेब सीरीज में गुरु की भूमिका को निभाने के लिए अभिनेता मोहित के लिए किरदार की मानसिकता को समझना आवश्यक था। अभिनेता ने कहा, मेरी प्रक्रिया हमेशा आंतरिक रूप से शुरू होती है। चरित्र के सभी पहलुओं को समझना। एक बार जब करेक्टर में ढल जाते हैं तो आप इसे अच्छे से प्रस्तुत कर सकते हैं। इस साल उन्हें प्रेरित करने वाले प्रदर्शनों के बारे में बात करते हुए, उन्होंने कहाः ह्लविजय सेतुपति एक शानदार कलाकार हैं। मैंने नेटफ्लिक्स पर अमरान में साई पल्लवी की भी प्रशंसा की। उन्होंने इस साल बेहतरीन प्रदर्शन किया है। उन्होंने दक्षिण की प्रतिभाओं के प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि इससे अधिक ह्लजुड़ावह्व महसूस होता है। उनकी फिल्में सफल होती हैं क्योंकि उनका उद्देश्य स्पष्ट होता है, बॉलीवुड के विपरीत, जहां अक्सर दिखावे पर बहुत अधिक ध्यान दिया जाता है। अपने पिछले किरदारों को फिर से निभाने के बारे में बात करते हुए मोहित ने कहा कि वह अज्ञात क्षेत्र में जाना चाहेंगे। उन्होंने कहा,मैं एक ही भूमिका दोबारा नहीं निभाना चाहता। मैं ऐसा कुछ करना चाहता हूँ जो मैंने पहले नहीं किया हो। मोहित को डोली अरमानों की, कुल्फी कुमार बाजेवालाऔर बातें कुछ अनकही सी में उनकी भूमिकाओं के लिए जाना जाता है। उन्होंने टीवी शो मिली से टेलीविजन पर डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने बेटियां अपनी या पराया धन, परी हूं मैं, बनूं मैं तेरी दुल्हन, गोद भराई, दुर्गेश नंदिनी, मन की आवाज प्रतिज्ञा और फुलवा जैसे कई टीवी शो किए।

# नए साल का जश्न मना एक साथ लौटे अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय



प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, ।तलाक की सभी अफवाहों पर विराम लगाते हुए बॉलीवुड की स्टार जोड़ी ऐश्वर्या राय और अभिषेक बच्चन अपनी बेटी आराध्या के साथ छुट्टियां मनाकर मुंबई लौट आए हैं। तीनों को एयरपोर्ट से बाहर निकलते हुए देखा गया। अभिषेक आगे चल रहे थे, जबकि ऐश्वर्या और आराध्या उनके पीछे चल रही थीं। उन्होंने एयरपोर्ट के बाहर खड़े फोटोग्राफर्स को हैप्पी न्यू ईयर भी कहा। अभिषेक ने जहां स्वेटशर्ट, ब्लैक पैंट और सफेद जूते पहने थे वहीं, ऐश्वर्या और आराध्या ने काले रंग के कपड़े पहने हुए थे। इस दौरान मीडिया ने उन्हें एक संयुक्त फोटो के लिए अनुरोध किया, जिस पर उन्होंने खास ध्यान नहीं दिया। दोनों अपनी कार की ओर बढ़ गए। एक अन्य वीडियो में ऐश्वर्या अपनी बेटी से पूछती नजर आ रही हैं कि क्या किसी ने उसे धक्का दिया, क्योंकि आराध्या चलते समय अचानक कूद गई थी। अभिषेक को कार के पास दोनों का इंतजार करते हुए देखा जा सकता है। अपनी पत्नी और बेटी के बैठने के बाद, कार की आगे वाली सीट पर बैठकर वह चले जाते हैं। दिसंबर में इस जोड़ी ने अपनी बेटी आराध्या के स्कूल के वार्षिक समारोह में भी भाग लिया था। जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। कार्यक्रम के पहले दिन, अमिताभ बच्चन भी अपनी पोती का प्रदर्शन देखने के लिए शामिल हुए। अफवाहों के फैलने के बाद से यह पहली बार था जब ऐश्वर्या राय और अभिषेक को सार्वजनिक रूप से एक साथ देखा गया। दोनों के संबंध में खटास को लेकर अटकलें लगातार चल रही थीं, पिछले साल की शुरूआत में एक शादी में अलग-अलग दिखने के बाद इसे और हवा मिली। अफवाहों के ताजे मामलों ने तब जोर पकड़ा जब दुबई के एक कार्यक्रम में ऐश्वर्या का नाम बच्चन उपनाम के बिना लिस्ट किया गया। अभिषेक और ऐश्वर्या की शादी 2007 में हुई थी। दोनों को नवंबर 2011 में बेटी हुई थी। बता दें कि हाल ही में अभिषेक बच्चन का नाम उनकी को स्टार निमरत कौर के साथ जुड़ा था। दोनों के बीच डेटिंग की अफवाह थी।

# 2025 के लिए प्रियंका चोपड़ा ने तय किया लक्ष्य

प्रात: किरण,/ एजेसी



मुंबई, ।ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा जोनास ने खुलासा किया बेटी और पति के साथ 2025 का खुलकर स्वागत किया। फैंस संग अपने जीवन के अनमोल पल साझा किए। साथ ही बताया कि अब उनका लक्ष्य क्या है? प्रियंका ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपने पति निक जोनास और बेटी मालती मैरी सहित कई तस्वीरें शेयर की। पहली तस्वीर में प्रियंका ऑरेंज रंग की बिकिनी पहन अपने आलीशान विला की छत पर खड़ी दिखाई दे रही हैं। वहीं, एक अन्य तस्वीर में वह बीच पर निक के साथ लाल बिकिनी पहने हुए दिखाई दे रही हैं, जबकि उनकी बेटी पानी के साथ खेल रही है। एक अन्य तस्वीर में अभिनेत्री जेट स्की पर बैठी नजर आ रही हैं। जबकि अन्य तस्वीरों में प्रियंका और बेटी मालती साथ में नजर आ रही हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, जिंदगी को खुलकर जीना ही 2025 के लिए मेरा लक्ष्य है। खुशी, आनंद और शांति हो। हम सभी को इस नए साल में बहुत कुछ मिले। अपने परिवार के लिए बहुत आभारी हूं। 2025 की शुभकामनाएं। ऐसी शानदार यादों के लिए शुक्रिया। नए साल की पूर्व संध्या पर प्रियंका ने साझा किया कि कैसे वह उन लोगों को हैंडल करती हैं जिनसे बुरी वाइब्स आती हैं। उन्होंने एक पोस्ट फिर से शेयर किया, जिसमें नकारात्मक ऊर्जा वाले लोगों के साथ कैसे निपटना है, इसके बारे में बताया गया है। वीडियो में एक लड़की एक स्प्रे का इस्तेमाल करते हुए दिखाई दे रही। क्लिप में लिखा है, मैं उन लोगों को बधाई देती हूं, जो बुरी ऊर्जा से भरे हैं। एक्ट्रेस के करियर की बात करें तो उनके पास कई रोमांचक प्रोजेक्ट हैं, जिनमें हेड्स ऑफ स्टेट भी शामिल है। इसमें उनके साथ इदरीस एल्बा और जॉन सीना दिखाई देंगे। यह एक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। वह द ब्लफ में 19वीं सदी के कैरेबियन समुद्री डाकू की भूमिका भी निभाएंगी। यह एक ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन भी फ्लॉवर कर रहे हैं। फिल्म में कार्ल अर्बन, इस्माइल क्रूज कॉर्डोवा, सफिया ओकले-ग्रीन और वेदांतेन नायडू मुख्य भूमिका में हैं। इसके अलावा, प्रियंका वेब सीरीज सिटाडेल के दूसरे सीजन में वापसी करने के लिए तैयार हैं।

# शाहरुख और सलमान को पसंद आया फिल्म लवयापा का टाइटल ट्रैक



मुंबई, ।बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान और दबंग स्टार सलमान खान को जुनैद खान और खुशी कपूर की आने वाली फिल्म लवयापा का टाइटल ट्रैक बेहद पसंद आया है। फैंटम स्टूडियोज और एजीएस एंटरटेनमेंट निर्मित प्रोड्यूस और अद्वैत चंदन निर्देशित फिल्म लवयापा ने अपनी घोषणा के बाद से ही लोगों में काफी एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। यह फिल्म जुनैद खान और खुशी कपूर की पहली थिएटर रिलीज है। यह पहली बार है जब जुनैद रोमांटिक कॉमेडी में नजर आएंगे। लवयापा का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया गया है।इस फिल्म के टाइटल ट्रैक ने रिलीज होते ही दर्शकों के बीच धूम मचा दी है। गाने को जुनैद और खुशी की नई जोड़ी और इसके रोमांटिक अंदाज के लिए खूब सराहा जा रहा है। इसी बीच, शाहरुख खान और सलमान खान से मिले खास कॉम्प्लिमेंट्स ने फिल्म को और चर्चा में ला दिया है।शाहरुख खान ने सोशल मीडिया पर गाने की तारीफ करते हुए अपनी शुभकामनाएँ दीं और लिखा,इतना प्यारा गाना है यह।जुनैद जितना जेंटल।ऑल द बेस्ट खुशी।मेरी ढेर सारा प्यार #लवयापा कपल और टीम को। वहीं, सलमान खान ने अपने सोशल मीडिया पर जुनैद खान और खुशी कपूर को शुभकामनाएँ देते हुए लिखा,लवयापा हो

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यों को ग्रीन लॉजिस्टिक्स लक्ष्यों के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप का उठाना चाहिए लाभः पीयूष गोयल

नई दिल्ली, । केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यों को ग्रीन लॉजिस्टिक्स के उपयोग का मंत्र दिया है। केंद्रीय मंत्री ने राज्यों को क्षेत्रीय और शहर-स्तरीय लॉजिस्टिक्स योजनाओं के साथ कनेक्टिविटी और निवेश बढ़ाने के लिए पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को तवज्जो दिए जाने की सलाह दी। ग्रीन लॉजिस्टिक्स, कार्यबल समावेशिता (वर्कफोर्स इनक्लूसिविटी) और केंद्र सरकार की परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उपायों के कार्यान्वयन पर जोर देते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भविष्य में अधिक सफलता प्राप्त करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी नई तकनीकों को अपनाना महत्वपूर्ण है। केंद्रीय मंत्री गोयल ने राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम में लॉजिस्टिक्स क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए स्किल डेवलपमेंट पर भी जोर दिया, जहां उन्होंने लॉजिस्टिक्स ईज एक्रॉस डिफरेंट स्टेट्स (एलईएडीएस) 2024 रिपोर्ट लॉन्च की। केंद्रीय मंत्री ने कहा, देश को जेंडर इंक्लूसिविटी (सभी को समान अवसर) पर काम करना चाहिए और इस क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना चाहिए। साथ ही राज्यों को बेहतर सफलता के लिए लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप का लाभ उठाना चाहिए।

### 2024 होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया के लिए रहा शानदार, बिक्री में 32 प्रतिशत का उछाल

नई दिल्ली, । होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने शनिवार को जानकारी दी कि 2024 में कंपनी की कुल बिक्री 58,01,498 यूनिट रही, जो 2023 की तुलना में 32 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इसमें पिछले साल की 52,92,976 यूनिट की घरेलू बिक्री और 5,08,522 यूनिट का निर्यात शामिल है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि दिसंबर महीने में कुल बिक्री 3,08,083 यूनिट रही। इसमें 2,70,919 यूनिट की घरेलू बिक्री और 37,164 यूनिट का निर्यात शामिल है। एचएमएसआई ने कहा कि कंपनी ने देश में 6 करोड़ घरेलू बिक्री कर नया कीर्तिमान स्थापित किया। मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, एचएमएसआई ने गुजरात के विठलापुर में अपने चौथे दोपहिया प्लांट में एक नई तीसरी असेंबली लाइन का उद्घाटन किया। कंपनी ने गुरुग्राम के मानेसर में अपनी ग्लोबल रिसोर्स फैक्ट्री में अत्याधुनिक इंजन असेंबली लाइन भी जोड़ी, जिसमें सीकेडी निर्यात (कम्प्लीटली नॉक-डाउन यानि किसी उत्पाद को भागों में बांटकर गंतव्य पर असेंबल करने का तरीका) पर ध्यान केंद्रित किया गया।

### जनवरी-नवंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर 64.5 मिलियन यात्रियों ने की यात्राः केंद्र

नई दिल्ली, । नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार, जनवरी-नवंबर 2024 की अवधि में शेड्यूल भारतीय और विदेशी ऑपरेटरों द्वारा अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर कुल 64.5 मिलियन यात्रियों को ले जाया गया। 2023 में समान अवधि में 58 मिलियन यात्रियों ने हवाई सफर किया था, जो 2024 में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले साल 64.5 मिलियन यात्रियों में से 29.8 मिलियन यात्रियों को भारतीय ऑपरेटरों द्वारा ले जाया गया था, जबकि 34.7 मिलियन यात्रियों को विदेशी ऑपरेटरों द्वारा ले जाया गया था। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा साझा किए गए पहले के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी-नवंबर की अवधि में घरेलू एयरलाइंस ने कुल 1.02 मिलियन उड़ानें संचालित कीं, जिनमें कुल 146.4 मिलियन यात्री सवार थे। पिछले वर्ष 2023 (जनवरी-नवंबर) के दौरान 0.97 मिलियन उड़ानों में कुल 138.2 मिलियन शेड्यूल यात्री सवार थे। मंत्रालय ने कहा, शेड्यूल घरेलू भारतीय वाहकों द्वारा ले जाए जाने वाले घरेलू यात्रियों की संख्या में पिछले वर्ष 2023 की इसी अवधि की तुलना में वर्ष 2024 में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। 17 नवंबर, 2024 को एक दिन में पहली बार घरेलू हवाई यात्री ट्रैफिक ने नया रिकॉर्ड बनाते हुए 5 लाख यात्रियों की संख्या को पार कर लिया। 1 जनवरी को लागू हुए भारतीय वायुयान अधिनियम 2024 का उद्देश्य वैश्विक मानकों के अनुरूप विमान अधिनियम, 1934 को फिर से लागू कर भारत के विमानन क्षेत्र का आधुनिकीकरण करना है।

# सराफा बाजार में लगातार तीसरे दिन महंगा हुआ सोना, चांदी की भी बढ़ी चमक

प्रात: किरण/एजेंसी



नई दिल्ली, । घरेलू सराफा बाजार में आज लगातार तीसरे दिन सोना महंगा हुआ है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी आज तेजी आई है। सोने की कीमत में आज 800 रुपये से लेकर 870 रुपये प्रति 10 ग्राम की उछाल दर्ज की गई है। सोने के भाव में आई तेजी की वजह से देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये से लेकर 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये से लेकर 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 2,000 रुपये प्रति किलोग्राम तेजी आई है, जिसके कारण दिल्ली सराफा बाजार में इसकी कीमत 92,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,750 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में तेजी आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना आज 72,600 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# रिलायंस जियो का आईपीओ लाने की तैयारी में मुकेश अंबानी 40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है

प्रात: किरण/एजेंसी




नई दिल्ली, । मुकेश अंबानी की रिलायंस जियो जल्द ही भारत का सबसे बड़ा आईपीओ लॉन्च कर सकती है।

सूत्रों के अनुसार, जियो का आईपीओ लगभग 35,000 से 40,000 करोड़ रुपये का हो सकता है। यह आईपीओ ऑफर ऑफ सेल (ओएफएस) और ताजा शेयर जारी करने के साथ आएगा।

रिलायंस जियो की ओर से इस आईपीओ के लिए प्री-आईपीओ प्लेसमेंट की प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है।

निवेश बैंकर्स का मानना है कि यह आईपीओ काफी बड़ा हो सकता है, और इसमें सब्सक्रिप्शन की कोई समस्या नहीं होगी।

कंपनी की योजना वर्ष 2025 की दूसरी छमाही में इसे लॉन्च करने की है।

रिलायंस जियो का आईपीओ देश का सबसे बड़ा आईपीओ हो सकता है, जिससे भारतीय शेयर बाजार में हलचल मच सकती है।

यदि यह आईपीओ सफल होता है, तो यह पिछले साल आए हुंडई मोटर इंडिया के 27,870 करोड़ रुपये के आईपीओ को भी पीछे छोड़ देगा।

रिलायंस जियो के आईपीओ में ओएफएस कंपोनेंट का महत्वपूर्ण स्थान होगा, क्योंकि इससे मौजूदा निवेशकों को अपनी हिस्सेदारी बेचने का मौका मिलेगा। कंपनी की वैल्यूएशन की बात करें तो कई ब्रोकरेज का कहना है कि रिलायंस जियो की वैल्यूएशन 100 अरब डॉलर हो सकती है। जबकि कुछ सूत्रों के अनुसार कंपनी की वैल्यूएशन 120 अरब डॉलर तक हो सकती है।

रिलायंस जियो ने हाल ही में एनवीडिया से साझेदारी की है और एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के क्षेत्र में भी कदम बढ़ाए हैं।

इसके साथ ही, कंपनी सैटेलाइट इंटरनेट सर्विसेज और टेलीकॉम सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए लगातार निवेश कर रही है।

रिलायंस जियो, जो कि देश की सबसे बड़ी टेलीकॉम ऑपरेटर है, अब 46 करोड़ से ज्यादा सब्सक्राइबर बेस के साथ भारतीय बाजार में अपनी पकड़ मजबूत कर चुकी है।

### भारत में 2024 में ऑफिस लीजिंग वॉल्यूम रिकॉर्ड 89 मिलियन वर्ग फीट पर पहुंचाः रिपोर्ट

नई दिल्ली, । एक लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, भारत के ऑफिस सेक्टर में 2024 में टॉप आठ शहरों में ग्रॉस लीजिंग वॉल्यूम (जीएलवी) में 89 मिलियन वर्ग फीट (एमएसएफ) की बढ़ोतरी देखी गई है। ग्लोबल कमर्शियल रियल एस्टेट सर्विस फर्म कुशमैन एंड वेकफील्ड की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सेक्टर में दर्ज किया गया अब तक का सबसे अधिक ग्रॉस लीजिंग वॉल्यूम है, जो 2023 के पीक से 14 मिलियन वर्ग फीट अधिक है और इसमें 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। ग्रॉस लीजिंग वॉल्यूम में नए टेक-अप, कॉरपोरेट्स द्वारा ओपन मार्केट रिन्यूअल और प्री-लीजिंग शामिल हैं। यह ओवरऑल मार्केट एक्टिविटी का संकेत है।शहरों की बात की जाए तो, बेंगलुरु ने 29 प्रतिशत जीएलवी (25.93 मिलियन वर्ग फीट) के साथ बढ़त हासिल की, इसके बाद मुंबई 20 प्रतिशत (17.84 मिलियन वर्ग फीट) और दिल्ली-एनसीआर 15 प्रतिशत (13.14 मिलियन वर्ग फीट) के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। रिपोर्ट में बताया गया है कि हैदराबाद और पुणे क्रमशः 14 प्रतिशत (12.31 एमएसएफ) और 10 प्रतिशत (8.47 एमएसएफ) की हिस्सेदारी के साथ शीर्ष पांच शहरों में शामिल हैं।

## चीन में रियल एस्टेट संकट से लड़खड़ाई दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

मुंबई, । चीन तेज आर्थिक विकास के मामले में हमेशा आगे रहा है लेकिन अब उसे गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अपने इतिहास के सबसे बड़े रियल एस्टेट के संकट से जूझ रही है। चीन के संपत्ति बाजार में पिछले तीन वर्षों में भारी गिरावट देखी गई है। 2021 से अब तक 18 ट्रिलियन डॉलर का अनुमानित घरेलू संपत्ति का नुकसान हुआ है, जो 2008-09 के वैश्विक वित्तीय संकट में अमेरिका द्वारा झेले गए नुकसानों से भी अधिक है। चीन की अर्थव्यवस्था पर वर्षों की अधिक कर्जदारी, अधिक निर्माण और अधिक उत्पादन क्षमता का बोझ है। ये समस्याएं घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों स्तरों पर गंभीर परिणाम पैदा कर रही हैं। कई रियल एस्टेट कंपनियों पर भारी कर्ज.है और संपत्तियों की मांग में कमी ने इस संकट को और बढ़ा दिया। चीन के कई हिस्सों में घोस्ट टाउन यानी खाली पड़े शहर निर्माण का उदाहरण हैं। वहीं औद्योगिक क्षेत्रों में उत्पादन क्षमता वास्तविक मांग से कहीं अधिक है, जिससे कीमतों और आर्थिक स्थिरता पर असर पड़ा है।

## स्किनकेयर ब्रांड मिनिमलिस्ट को खरीदेगी एचयूएल

**करीब 3,000 करोड़ रुपये में होगा सौदा**

नई दिल्ली, । हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) त्वचा की देखभाल से जुड़े ब्रांड मिनिमलिस्ट को खरीदने के लिए विचार कर रही है। मिनिमलिस्ट ब्रांड सीधे ग्राहकों को अपने उत्पाद बेचता है। सूत्रों के मुताबिक यह सौदा करीब 3,000 करोड़ रुपये में हो सकता है। मिनिमलिस्ट ब्रांड की शुरूआत 2020 में हुई थी और यह अपने विशेष सामग्री आधारित स्किनकेयर उत्पादों के लिए जाना जाता है। इसने ए सीरीज की फंडिंग में यूनिलीवर वेंचर्स और सिकोया कैपिटल इंडिया से धन जुटाया था। इस करार से जुड़े मामले में भेजे गए एक ईमेल पर एचयूएल के प्रवक्ता ने जवाब दिया, अपनी कारोबारी रणनीति के अनुरूप ही लगातार अपने कारोबार के विकास और विस्तार के लिए विभिन्न रणनीतिक अवसरों का मूल्यांकन करते हैं। अगर इस दिशा में आगे कोई कदम उठाया जाता है जिसके लिए लागू कानूनों के तहत खुलासा करने की जरूरत होती है तब हम उचित जानकारी जरूर देंगे। सूत्रों के मुताबिक एचयूएल इसी तिमाही में इस सौदे पर अंतिम मुहर लगा देगी और कंपनी का इरादा इस ब्रांड में बहुलांश हिस्सेदारी हासिल करना है। सूत्रों का यह भी कहना है कि संस्थापक कुछ हिस्सा रख सकते हैं। यह सौदा मिनिमलिस्ट के राजस्व के 8-10 गुना पर होने की संभावना है जो वित्त वर्ष 2024 में 347.4 करोड़ रुपये था। इस ब्रांड ने वित्त वर्ष 2023 में 183.8 करोड़ रुपये की कमाई की थी। कंपनी का कर के बाद मुनाफा भी दोगुने से ज्यादा बढ़कर पिछले वित्त वर्ष में 10.8 करोड़ रुपये हो गया जो वित्त वर्ष 2023 में 5.2 करोड़ रुपये था। यह संभावना जताई जा रही है कि यह सौदा उम्मीद से अधिक मूल्य पर हो सकता है।

## एनवीडिया बनी बीते साल सबसे ज्यादा मार्केट कैप हासिल करने वाली कंपनी




मुंबई, । एआई चिप विनिमार्ता अमेरिकी कंपनी एनवीडिया पिछले साल सबसे ज्यादा मार्केट कैप पाने वाली कंपनी बनी। इस दौरान कंपनी के शेयरों में 170 फीसदी तेजी रही और उसके मार्केट कैप में करीब 2 ट्रिलियन डॉलर का इजाफा हुआ। यह दुनिया के सबसे बड़े अमीर एलन मस्क की नेटवर्थ (415 अरब डॉलर) से करीब पांच गुना है। एप्पल के बाद एनवीडिया दुनिया की दूसरी बड़ी वैल्यूएबल कंपनी है। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में दुनिया की बढ़ रही दिलचस्पी और विभिन्न इंडस्ट्रीज में एआई सेंट्रिक चिप्स की बढ़ती मांग से एनवीडिया के शेयरों में भारी तेजी दिखाई दे रही है। 2023 के अंत में कंपनी की मार्केट वैल्यू 1.2 ट्रिलियन डॉलर थी जो 2024 के अंत में 3.28 ट्रिलियन डॉलर पहुंच गई। 2023 में कंपनी का शेयर 240 प्रतिशत का उछला था। इस बीच एप्पल दुनिया का सबसे वैल्यूएबल कंपनी बनी रही। इसका मार्केट कैप 4 ट्रिलियन डॉलर के करीब पहुंच चुका है। कंपनी ने एआई पर फोकस किया है, इससे उसकी बिक्री में आगे तेजी आने की उम्मीद है। इसकारण कंपनी में निवेशकों की दिलचस्पी बनी हुई है। 2024 के अंत में माइक्रोसॉफ्ट 3.1 ट्रिलियन डॉलर के साथ दुनिया की तीसरी वैल्यूबल कंपनी रही जबकि गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट इंक और अमेजॉन की वैल्यू करीब 2.3 ट्रिलियन डॉलर रही। सऊदी अरामको, फेसबुक, टेस्ला, ब्रॉडकॉम और टीएसएमसी टॉप 10 में शामिल रहीं। भारत की मोस्ट वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज के लिए पिछला साल अच्छा नहीं रहा। 10 साल में पहली बार कंपनी के शेयरों ने निगेटिव रिटर्न दिया और दुनिया की सबसे वैल्यूएबल कंपनियों की लिस्ट में 68वें नंबर पर पहुंच गई थी। गुरुवार को इसमें पांच स्थान का सुधार हुआ और यह 63वें नंबर पर आ गई। इसका मार्केट कैप 196.13 अरब डॉलर है। टीसीएस 173.19 अरब डॉलर के मार्केट कैप के साथ 79वें नंबर पर है जबकि एचडीएफसी बैंक 163.31 अरब डालर के साथ 87वें नंबर पर है।

## एसबीआई ने अपने ग्राहकों के लिए लॉन्च की दो नई डिपॉजिट स्कीम





प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । देश के सबसे बड़े पब्लिक सेक्टर बैंक एसबीआई ने अपने ग्राहकों के लिए दो नई डिपॉजिट स्कीम, हर घर लखपति और एसबीआई पैट्रन्स\ की घोषणा की है। एसबीआई की डिपॉजिट में लगभग 23 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। इन इनोवेटिव पेशकश के साथ बैंक इनोवेशन को प्राथमिकता देने की ओर अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हर घर लखपति एक प्री-कैलकुलेट रिकरिंग डिपॉजिट स्कीम है, जिसे ग्राहकों के लिए 1,00,000 और इसके मल्टीपल में सेविंग करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस प्रोडक्ट के साथ ग्राहक अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए योजना और बचत पर ध्यान दे सकते हैं। एसबीआई की यह योजना 18 वर्ष से कम उम्र के आयु वर्ग के लिए भी पेश की गई है, ताकि यह वर्ग भी अपनी फाइनेंशियल प्लानिंग और सेविंग पर छोटी उम्र से ही काम कर सके। एसबीआई ने 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष टर्म डिपॉजिट स्कीम एसबीआई पैट्रन्स भी शुरू की है। इस प्रोडक्ट के साथ बैंक बढ़ी हुई ब्याज दरें ऑफर कर रहा है। बैंक की यह स्कीम मौजूदा और नए टर्म डिपॉजिट ग्राहकों दोनों के लिए उपलब्ध है। भारतीय स्टेट बैंक के अध्यक्ष सीएस सेट्टी ने कहा, हमारा उद्देश्य गोल-ओरिएंटेड डिपॉजिट प्रोडक्ट बनाना है, जो न केवल वित्तीय रिटर्न को बढ़ाए बल्कि हमारे ग्राहकों की आकांक्षाओं के अनुरूप भी हो। हम पारंपरिक बैंकिंग को और अधिक समावेशी (इनक्लूसिव) और प्रभावशाली बनाने के लिए इसे फिर से परिभाषित कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, हम 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की विकास यात्रा में योगदान देने के लिए वित्तीय समावेशन (फाइनेंशियल इन्क्लूशन) और सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इन प्रोडक्ट के लॉन्च के साथ एसबीआई ग्राहक-केंद्रित समाधान प्रदान करने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि करता है, जो विभिन्न वित्तीय उद्देश्यों को पूरा करता है।

## देश में 2030 तक 500 अरब डॉलर तक इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं का उत्पादन होगा शुरू

**भारत की वैश्विक हिस्सेदारी बढ़ाने पर जोर**



प्रात: किरण/एजेंसी

नई दिल्ली, । केंद्र सरकार ने साल 2030 तक देश में 500 अरब डॉलर तक इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं के उत्पादन शुरू करने के लिए इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्त्वावधान में विस्तृत रणनीति रिपोर्ट तैयार करने के लिए सेलुलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) और कंसल्टेंसी फर्म बेन ऐंड कंपनी से सहयोग लिया है। मामले से जुड़े सूत्रों ने बताया कि यह रिपोर्ट अगले कुछ दिनों में संचार मंत्री अश्विनी वैष्णन जारी कर सकते हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स के लिए महत्त्वाकांक्षी दृष्टिकोण की घोषणा कुछ महीने पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। इलेक्ट्रॉनिक्स की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला (जीवीसी) में भारत की भागीदारी सशक्त बनाने के लिए पिछले साल जुलाई में नीति आयोग ने अध्ययन किया था। इसमें यह कहा गया था कि यह महत्त्वाकांक्षी सपना साकार हो सकता है और इसमें कम से कम 200 अरब डॉलर निर्यात से आएंगे, जहां तैयार वस्तु और कलपुर्जे की प्रमुख भूमिका रहेगी। अध्ययन में इससे 55 से 60 लाख नौकरियां पैदा होने की भी संभावना भी है। अध्ययन में लक्ष्य को हासिल करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नीतिगत हस्तक्षेप करने का भी सुझाव दिया गया है। अब मंत्रालय न केवल भारतीय बाजार के लिए बल्कि दुनिया भर में निर्यात के लिए पुर्जों की वृहद आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए 40 हजार करोड़ रुपये से अधिक के बजट के साथ इलेक्ट्रॉनिकी पुर्जों के लिए उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को एक साथ लाने की तैयारी में है। लक्ष्य हासिल करने के लिए की गई खास चर्चा के आधार पर आने वाली रिपोर्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स के विभिन्न क्षेत्र के लिए लक्ष्य तय किए जाने की उम्मीद है, जिसमें मोबाइल डिवाइस, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) सर्वर, हियरेबल्स, वेयरेबल्स और चिकित्सा इलेक्ट्रॉनिकी शामिल हैं। चर्चा का उद्देश्य साल 2030 तक वैश्विक इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी को 6 से 7 फीसदी तक करने का है।

# मार्च 2024 को खत्म वित्त वर्ष में 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित हुए

प्रात: किरण/एजेंसी

मुंबई, । मार्च 2024 को खत्म वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था में 4.67 करोड़ अतिरिक्त रोजगार सृजित हुए। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में रोजगार सृजन की रफ्तार बरकार रही। सांख्यिकी मंत्रालय द्वारा जारी वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार, अक्टूबर 2023 से सितंबर 2024 के दौरान भारत के असंगठित क्षेत्र में कुल अनुमानित रोजगार में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 10.01 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण से पता चलता है कि कवर किए गए व्यापक क्षेत्रों (ब्रॉड सेक्टर) में, अन्य सेवाओं (अन्य सर्विस) में प्रतिष्ठानों ने अक्टूबर 2023 और सितंबर 2024 के बीच 12 करोड़ से अधिक अतिरिक्त श्रमिकों को रोजगार दिया। यह 2022-23 से एक करोड़ से अधिक श्रमिकों की वृद्धि और मजबूत श्रम बाजार वृद्धि को दिखाता है। असंगठित गैर-कृषि क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था में रोजगार, सकल घरेलू उत्पाद और सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण योगदान देता है। यह क्षेत्र न केवल लाखों लोगों की आजीविका को बनाए रखता है, बल्कि घरेलू मूल्य श्रृंखला (डोमेस्टिक वैल्यू चेन) में अपनी भूमिका को मजबूत कर वस्तुओं और सेवाओं की सप्लाई करता है। इसी तरह, औपचारिक क्षेत्र में वृद्धि जारी रही है। यह क्षेत्र में बेहतर गुणवत्ता वाली नौकरियां प्रदान करता है। नवंबर 2024 में जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान तीन सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में नए सदस्यों की संख्या में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में वृद्धि की है। कर्मचारी भविष्य निधि योजना में नए आवेदन, जो बड़े संगठनों और बेहतर वेतन वाले कर्मचारियों पर लागू होते हैं, पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 2024-25 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में 2.3 प्रतिशत बढ़कर 6.1 मिलियन हो गए। कर्मचारी राज्य बीमा निगम में नए सदस्य, जो छोटे संगठनों पर लागू होते हैं, चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान 9.3 मिलियन सदस्यों की वृद्धि के साथ 5.2 प्रतिशत की तेज गति से बढ़े। इसी तरह, राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली में सदस्य संख्या में भी 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो बेहतर नौकरी में आने वाले कर्मचारियों की बढ़ती संख्या को दर्शाती है।

## जनवरी में 13 दिन बैंकों में नहीं होगा कामकाज

**हर राज्य में अलग-अलग हो सकती हैं छुट्टियां**

नई दिल्ली, । भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने जनवरी महीने की बैंक छुट्टियों की सूची जारी कर दी है। बैंक की सूची के मुता बिक इस महीने बैंकों में कुल 13 दिन काम नहीं होगा। इनमें हर हफ्ते के दूसरे और चौथे शनिवार के साथ रविवार की छुट्टियां भी शामिल हैं। हालांकि छुट्टियां हर राज्य में अलग-अलग हो सकती हैं।

**जनवरी में बैंक की छुट्टियों की सूची इस प्रकार है**

1 जनवरी झ नया साल/लूसोंग/नामसूंग (आईजौल, चेन्नई, गंगटोक, इम्फाल, इटानगर, कोहिमा, कोलकाता, शिलॉन्ग) 2 जनवरी झ लूसोंग/नामसूंग (आईजौल, गंगटोक) 5 जनवरी झ रविवार 6 जनवरी झ श्री गुरु गोबिंद सिंह जयंती (चंडीगढ़) 11 जनवरी झ मिशनरी दिवस/इमोइनु इरतपा (आईजौल, इम्फाल), दूसरा शनिवार 12 जनवरी झ रविवार 14 जनवरी झ मकर संक्रांति/उत्तरायण/पोंगल/माघ बिहू/हजरत अली जयंती (अहमदाबाद, बेंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, गंगटोक, गुवाहाटी, हैदराबाद, इटानगर, कानपुर, लखनऊ) 15 जनवरी झ तिरुवल्लुवर दिवस (चेन्नई) 16 जनवरी झ उझावर थिरुनल (चेन्नई) 19 जनवरी झ रविवार 23 जनवरी झ नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती/वीर सुरेंद्र साई जयंती (भुवनेश्वर, कोलकाता) 25 जनवरी झ चौथा शनिवार 26 जनवरी झ रविवार हर राज्य में बैंकों की छुट्टियां अलग होती हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, हर राज्य की छुट्टियों की अपनी लिस्ट होती है। आरबीआई की वेबसाइट पर सभी राज्यों की छुट्टियों की पूरी जानकारी मिल जाती है। बैंक बंद होने पर भी ग्राहकों को कोई परेशानी नहीं होगी। छुट्टियों के दौरान आप ऑनलाइन बैंकिंग का इस्तेमाल कर सकते हैं। आजकल बैंक की ज्यादातर सेवाएं ऑनलाइन मिलती हैं, जिससे आप घर बैठे अपने काम आसानी से निपटा सकते हैं।

# रोहित शर्मा के लिए फरहान अख्तर ने की तारीफः भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया

प्रात: किरण,/ एजेसी

मुंबई, । भारत के टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा को एक प्रशंसक मिल गया है, क्योंकि वह खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। शनिवार को बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता फरहान अख्तर ने अपने इंस्टाग्राम पर शर्मा की निस्वार्थ भावना की तारीफ की, जिसमें उन्होंने अपनी फॉर्म वापस पाने के लिए टीम को प्राथमिकता दी। फरहान ने शर्मा की एक्शन में एक लो रेजोल्यूशन तस्वीर शेयर की, साथ ही उन्होंने तस्वीर के साथ एक लंबा नोट भी लिखा। उन्होंने कैप्शन में लिखा,बस यह बात मेरे सीने से निकाल देनी है। इस लड़के ने भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है और पिछले कई सालों में हमारी टीम की कप्तानी बहुत अच्छी और सफलतापूर्वक की है। बल्ले से उनका कौशल अपने आप में सब कुछ बयां करता है और ऐसी अनगिनत पारियां रही हैं, जिनमें उन्होंने हमें दिखाया है कि वह किस तरह का प्रदर्शन करते हैं। फरहान ने कहा कि खेल ने महानतम बल्लेबाजों और गेंदबाजों को फॉर्म के लिए संघर्ष करते हुए देखा है और कई बार प्रशंसकों ने मन ही मन चाहा है कि वे ब्रेक लें, घरेलू क्रिकेट या नेट्स में अपना फॉर्म हासिल करें और फिर वापसी करें। उन्होंने आगे कहा,हां, यह खेल क्रूर हो सकता है और आपको किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सोचना मुश्किल होगा, खासकर कप्तान के बारे में, जिसने स्वेच्छा से ऐसा किया हो। अब यहां एक ऐसा व्यक्ति है जो अपनी टीम की जीत






की संभावनाओं को खुद के फॉर्म में आने से पहले रखता है और उसकी निस्वार्थता की सराहना करने के बजाय, बहुमत उसे नीचा दिखा रहा है। खुद से पूछें, ह्यअगर दुनिया इस तरह से प्रतिक्रिया करती है तो कोई ऐसा दोबारा क्यों करेगा, जब दुनिया अपने गौरव से बड़े उद्देश्य के बारे में सोचने वाले व्यक्ति पर प्रतिक्रिया देती है? फरहान ने कहा,रोहित आप एक सुपरस्टार हैं। आप जानते हैं कि आप क्या कर रहे हैं और मुझे पता है कि आप नकारात्मकता को खुद पर हावी नहीं होने देंगे, लेकिन मैं दुनिया को यह दिखाने के लिए धन्यवाद कहना चाहता हूं कि आप टीम को व्यक्ति से पहले रखते हैं। यह करना मुश्किल काम है और केवल सबसे मजबूत दिमाग और दिल ही इसे कर सकता है। यही एक महान लीडर बनाता है। जल्द ही मैदान पर फिर मिलेंगे। मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान शर्मा की कप्तानी की काफी आलोचना की गई है, खास तौर पर बल्ले से टीम को समर्थन न देने के लिए। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम ने अब तक सीरीज के बेहतर हिस्से में टीम इंडिया पर दबदबा बनाया है। जसप्रीत बुमराह की कप्तानी में टीम इंडिया ने मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला मैच जीता। हालांकि, रोहित शर्मा को कप्तानी सौंपे जाने के बाद टीम इसके बाद के मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रही। शर्मा, जिन्होंने टी20 विश्व कप जीत के बाद जून 2024 में विश्व कप ट्रॉफी जीतने के टीम इंडिया के सपने को साकार किया था, मौजूदा टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं और असंगत बल्लेबाजी क्रम के सामने बेबस नजर आए, जो ऑस्ट्रेलियाई टीम के भारी दबाव में आसानी से ढह जाता है। सीरीज के आखिरी टेस्ट के लिए शर्मा को आराम दिया गया है और कप्तान की जगह बुमराह को दी गई है। पहली पारी में बल्लेबाजी में भारत के निराशाजनक प्रदर्शन ने आईसीटी के प्रशंसकों को निराश कर दिया क्योंकि टीम केवल 185 रन ही बना सकी। हालांकि, टीम ने गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया को 181 रन पर रोक दिया। दूसरी पारी में 145 रनों की बढ़त के साथ भारत ने 6 विकेट पर 141 रन बनाए हैं और प्रमुख बल्लेबाज अपनी पारी समाप्त कर चुके हैं। ऋषभ पंत 61 रन के साथ दूसरी पारी में भारत के शीर्ष स्कोरर रहे। आखिरी टेस्ट के साथ, भारत को आगामी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए खिड़की खुली रखने के लिए मैच जीतकर श्रृंखला को बराबर करना होगा। टीम इंडिया को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई करने के लिए, ऑस्ट्रेलिया से मौजूदा टेस्ट सीरीज में बराबरी करने के बाद भी आगामी टेस्ट सीरीज में ऑस्ट्रेलिया को श्रीलंका से हारना होगा।

# सिडनी टेस्ट में भारत का पलटवार मिली 145 रन की बढ़त




प्रात: किरण,/ एजेसी

सिडनी, । सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन शनिवार को भारत ने पलटवार करते हुए ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 181 रनों पर समेट दिया और बाद में चार रन की लीड के साथ अपनी दूसरी पारी में छह विकेट खोकर 141 रन बना लिये। भारत की कुल लीड अब 145 रन की हो चुकी है। दिन का खेल खत्म होने के समय रविंद्र जडेजा आठ और वशिंगटन सुंदर छह रन बना कर क्रीज पर मौजूद थे। भारत ने पहली पारी में 185 रन बनाये थे। खेल के अंतिम सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की दूसरी पारी का आकर्षण आज विकेटकीपर बल्लेबाज रिषभ पंत (61) की विस्फोटक बल्लेबाजी रही। उन्होने यह रन मात्र 33 गेंदों पर छह चौके और चार छक्कों की मदद से बनाये। उन्होने अपना अर्धशतक मात्र 29 गेंदों में पूरा किया। वह पैट कमिंस की गेंद पर विकेटकीपर के हाथों लपके गये। भारत की उम्मीद विराट कोहली का बल्ला आज भी नहीं चला और वह सिर्फ छह रन का योगदान दे सके। यशस्वी जायसवाल (22) ने भारत को तेज शुरूआत देने की कोशिश की मगर वह भी जल्द ही आउट हो गये। चायकाल से ठीक पहले ऑस्ट्रेलिया की पारी समाप्त हो गयी। सीरीज में पहली बार खेल रहे प्रसिद्ध कृष्णा ने 42 रन देकर तीन विकेट चटकाये जबकि मो सिराज ने 51 रन खर्च कर तीन विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह और नीतीश कुमार रेड्डी को दो-दो विकेट मिले। चार रन की लीड मिलने के बावजूद जसप्रीत बुमराह की फिटनेस ने भारत को चिंता में डाल दिया है। आज के सत्र की शुरूआत में सिर्फ एक ओवर फेंकने के बाद बुमराह मैदान से बाहर चले गए और बाद में उन्हें स्कैन के लिए अस्पताल जाते देखा गया, जिससे बाकी मैच के लिए उनकी उपलब्धता संदेह में पड़ गई है। भारतीय गेंदबाजों के सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज दबाव के कारण संघर्ष की स्थिति में रहे। विशेषकर लंच के बाद भारतीय गेंदबाजों ने अपनी स्विंग और रफ्तार से ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों को खासा परेशान किया। बुमराह की गैर मौजूदगी में मोहम्मद सिराज ने शानदार गेंदबाजी का मुजाहिरा किया। पारी के 51वें ओवर में आखिरी खिलाड़ी स्कॉट बोलैंड को आउट करने में उनकी रफ्तार काबिल ए तारीफ थी। प्रसिद्ध कृष्णा और नीतीश कुमार रेड्डी ने भी अपनी धारदार गेंदबाजी से सबको आकर्षित किया। रेड्डी ने मिचेल स्टार्क को 1 रन पर और पैट कमिंस को 10 रन पर आउट किया। दोनों स्लिप में कैच आउट हुए। विकेटों की झड़ी के बावजूद नवोदित ब्यू वेबस्टर (57) और एलेक्स कैरी (21) ने मजबूत इरादों के साथ महत्वपूर्ण साझेदारी की। वेबस्टर ने अद्भुत संयम दिखाया और 105 गेंदों में पांच चौकों सहित 57 रन बनाए। उन्होंने रेड्डी की गेंद पर शॉट लगा कर पहले ही टेस्ट मैच में पचास रन पूरे किये। दूसरी छोर पर कैरी ने कई आत्मविश्वास भरे स्ट्रोक खेले और दो बार ऑफ साइड से बाउंड्री लगाई। इससे पहले भारत ने खेल पर मजबूत पकड़ के साथ शुरूआत की थी। सुबह जसप्रित बुमरा ने मार्नस लाबुशेन को सिर्फ दो रन पर आउट कर पहली सफलता दिलाई थी। सिराज ने शानदार डबल स्ट्राइक के साथ सैम कोन्स्टास और ट्रैविस हेड दोनों को तुरंत आउट कर दिया। संक्षिप्त स्कोरः भारत 185 और 32 ओवर में 141/6 (ऋषभ पंत 61; स्कॉट बोलैंड 4-42); ऑस्ट्रेलिया 181 (ब्यू वेबस्टर 57, स्टीव स्मिथ 33; प्रसिद्ध कृष्णा 3-42, मोहम्मद सिराज 3-51)।

# अचानक मैदान से बाहर जाने पर बुमराह की चोट ने बढ़ाई चिंता



प्रात: किरण,/ एजेसी

सिडनी, । सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन लंच के बाद एक ओवर डालने के बाद ही भारतीय कप्तान जसप्रीत बुमराह मैदान के बाहर चले गए। उन्हें टीम के चिकित्सक और सुरक्षा अधिकारी के साथ मैदान के बाहर जाता देखा गया। मैदान से बाहर जाने के पहले बुमराह ने इस पारी में कुल 10 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 33 रन देते हुए दो विकेट लिए थे। इस दौरे पर बुमराह के कार्य प्रबंधन को लेकर काफी चिंता व्यक्त की गई है। उन्होंने इस सीरीज में अब तक 152.1 ओवर की गेंदबाजी की है और 13.06 की औसत से 32 विकेट लिए हैं। वह अब बिशन सिंह बेदी को पछाड़ते हुए ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बन गए हैं। बुमराह ने दूसरे दिन पहले सत्र के अंतिम पांच ओवर में से तीन ओवर मैदान के बाहर बिताए थे और फिर अंतिम दो ओवर के लिए वह मैदान में वापस आए थे। लंच के बाद उन्होंने गेंदबाजी की और एलेक्स कैरी को परेशान भी किया लेकिन इसके तुरंत बाद ही वह मैदान के बाहर चले गए। मेलबर्न टेस्ट में बुमराह ने 52 ओवर की गेंदबाजी की थी जो कि उनके अब तक के टेस्ट करियर में एक मैच में डाले गए सर्वाधिक ओवर थे। हालांकि इस टेस्ट के बाद खुद तत्कालीन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने बुमराह के कार्य प्रबंधन को लेकर चिंता व्यक्त की थी। भारत के पास इस मैच में कोई उपकप्तान नहीं है क्योंकि खुद बुमराह ही टीम के उपकप्तान थे और रोहित की अनुपस्थिति में वह टीम की अगुवाई कर रहे थे। ऐसा प्रतीत हुआ कि बुमराह की अनुपस्थिति में विराट कोहली टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। लंच ब्रेक के दौरान भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उन्होंने खुद ही बाहर बैठने का फैसला किया और इसके साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया कि उनका फि लहाल संन्यास लेने का इरादा नहीं है।

# चहल और धनश्री ले रहे तलाक? कपल ने इंस्टा पर किया एक-दूसरे को अनफॉलो

मुंबई, । भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी, कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा, इन दिनों अपनी निजी ज़िंदगी को लेकर चर्चा में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उनके बीच अनबन की खबरें सच होती दिख रही हैं और दोनों के तलाक की अफवाहें तेजी से फैल रही हैं। ईटाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, युजवेंद्र और धनश्री के करीबी सूत्रों ने उनके अलग होने की पुष्टि की है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तलाक होना तय है और जल्द ही इसका आधिकारिक ऐलान भी कर दिया जाएगा।

# सीबीए प्लेयर्स ऑफ द मंथ चुने गए जू जी और केनेथ लॉफ्टन

बीजिंग, । ग्वांगडोंग सदर्न टाइगर्स के पॉइंट गार्ड जू जी और शंघाई शार्क्स के पावर फॉरवर्ड केनेथ लॉफ्टन को शुक्रवार को चीनी बास्केटबॉल एसोसिएशन (सीबीए) लीग का प्लेयर्स ऑफ द मंथ चुना गया है। ग्वांगडोंग टीम के लिए चोटों और अधूरे रोस्टर के बावजूद, जू ने दिसंबर 2024 में 14 मैचों में 39 मिनट प्रति गेम में औसतन 19.3 अंक, 4.0 रिबाउंड, 7.9 असिस्ट और 1.9 स्टील के साथ अपनी टीम की मदद की। उन्होंने इस दौरान औसतन 3-पॉइंट रेंज से 3.2 शॉट लगाए। लॉफ्टन ने प्रति गेम 31 मिनट में 23.7 अंक, 12.8 रिबाउंड, 7.1 असिस्ट, 1.6 स्टील और 1.3 ब्लॉक के प्रभावशाली आँकड़ों के साथ विदेशी खिलाड़ी श्रेणी के लिए सम्मान जीता। उन्होंने 12 मैचों में आठ डबल-डबल और दो ट्रिपल-डबल हासिल किए। लॉफ्टन के हरफनमौला प्रदर्शन से प्रेरित होकर, शंघाई, जो कभी अपने शुरूआती 11 मैचों में से 10 हारने के बाद 20-टीम सीबीए स्टैंडिंग में सबसे नीचे बैठा था, 24वें राउंड तक 11 गेम की जीत की लकीर पर सवार है, और दिसंबर में इसका 11-1 रिकॉर्ड लीग में सर्वश्रेष्ठ था। शुक्रवार को ही, झेजियांग लायंस के गार्ड सन मिंगहुई को सीबीए डिफेंसिव प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया। 11वें और 24वें राउंड के बीच के खेलों के लिए मासिक पुरस्कार के दूसरे संस्करण में, सन ने 4.7% की स्टील प्रतिशत के साथ लीग में सर्वश्रेष्ठ 2.6 स्टील का औसत हासिल किया, जो लीग में चौथे स्थान पर है। पिछले महीने सन द्वारा खेले गए 11 खेलों में से 10 में जीत दर्ज करते हुए, झेजियांग वर्तमान में 21-4 के रिकॉर्ड के साथ शीर्ष पर है।

# ऋषभ पंत ने तोड़ा कपिल देव का रिकार्ड, मैच पहुंचा रोमांचक दौर में



प्रात: किरण,/ एजेसी

सिडनी, । सिडनी में भारत और आस्ट्रेलिया के बीच पांचवा टेस्ट मैच जारी है। आज दूसरी पारी में भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत ने धमाकेदार अंदाज में बल्लेबाजी कर फैंस का दिल जीत लिया। पंत ने केवल 29 गेंद पर अर्धशतक जमाकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों के होश उड़ा कर रख दिए। पंत ने भारतीय टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में यह दूसरा सबसे तेज अर्धशतक ठोंका है। भारत के लिए महत्वपूर्ण समय पर उनके बल्ले से दूसरी पारी में आया ये अर्धशतक टेस्ट क्रिकेट में दूसरा सबसे तेज अर्धशतक है। इस मामले में उन्होंने एक बार फिर महान खिलाड़ी कपिल देव को पीछे छोड़ा है।

टेस्ट में भारत के लिए सबसे तेज अर्धशतक (गेंदों पर)

28 झ ऋषभ पंत (बनाम श्रीलंका) बेंगलुरु 2022

29 झ ऋषभ पंत (बनाम ऑस्ट्रेलिया) सिडनी 2025

30 झ कपिल देव (बनाम पाकिस्तान) कराची 1982

31 झ शार्दुल ठाकुर (बनाम इंग्लैंड) द ओवल 2021

31 झ यशस्वी जायसवाल (बनाम बांग्लादेश) कानपुर 2024

# दिल्ली के पहले आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जे300 इवेंट में सेंथिल, रेवती घरेलू चुनौती का नेतृत्व करेंगे

नई दिल्ली, । भारत के शीर्ष जूनियर खिलाड़ी सेंथिल कुमार और माया राजेश्वरन रेवती 6 जनवरी से डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में शुरू होने वाले आईटीएफ वर्ल्ड टेनिस टूर जे300 इवेंट में क्रमशः लड़कों और लड़कियों की श्रेणियों में देश की चुनौती का नेतृत्व करेंगे। सीजन 2024 में आईटीएफ जूनियर सर्किट पर कई फाइनल में जगह बनाने वाले सेंथिल के अलावा, भारत के अन्य शीर्ष-5 खिलाड़ी हितेश चौहान (रैंकिंग 3), अर्नव पापरकर (रैंकिंग 4) और वरुण वर्मा (रैंकिंग 5) ने भी लड़कों के टूनामेंट के मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह पक्की कर ली है।

# फरवरी में सभी प्रारूपों की श्रृंखला के लिए आयरलैंड की मेजबानी करेगा जिम्बाब्वे



प्रात: किरण,/ एजेसी

बुलावायो, । जिम्बाब्वे फरवरी में आयरलैंड की मेजबानी करेगा, जिसमें सात मैचों का ऑल-फॉर्मेट दौरा शामिल है। यह दौरा 6 से 10 फरवरी तक बुलावायो में एकमात्र टेस्ट मैच के साथ शुरू होगा, उसके बाद हरारे में व्हाइट-बॉल लेग खेला जाएगा। टीमें 14, 16 और 18 फरवरी को तीन वनडे और 22, 23 और 25 फरवरी को इतने ही टी20 मैच खेलेंगी। मूल रूप से, इस श्रृंखला को आईसीसी पुरुष भविष्य के दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) में छह व्हाइट-बॉल खेलों के साथ दो टेस्ट के लिए चुना गया था। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को उक्त घोषणा की। जिम्बाब्वे वर्तमान में अफगानिस्तान के खिलाफ अपने बहु-प्रारूप घरेलू श्रृंखला के अंतिम चरण में है, जहां उन्होंने क्रमशः टी20आई और वनडे सीरीज 2-1 और 2-0 से गंवा दी और उच्च स्कोरिंग, बारिश से प्रभावित पहले टेस्ट में ड्रॉ हासिल किया। यह दौरा 6 जनवरी को चल रहे दूसरे टेस्ट के साथ समाप्त होगा। जिम्बाब्वे क्रिकेट के प्रबंध निदेशक गिवमोर मकोनी ने बैक-टू-बैक पूर्ण दौरों की मेजबानी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हम आयरलैंड का स्वागत करते हुए बहुत खुश हैं, जो एक रोमांचक और प्रतिस्पर्धी दौरा होने का वादा करता है। जल्दी-जल्दी दो पूर्ण दौरों की मेजबानी करना हमारे खिलाड़ियों को नियमित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता और जिम्बाब्वे में खेल को बढ़ाने के हमारे प्रयासों का प्रमाण है। जिम्बाब्वे और आयरलैंड ने एक दूसरे के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच जुलाई 2024 में बेलफास्ट में खेला है। मेजबान आयरलैंड ने मैच चार विकेट से जीता था। जिम्बाब्वे ने आखिरी बार 2023 के अंत में छह सफेद गेंद वाले मुकाबलों के लिए आयरलैंड की मेजबानी की थी। वे टी20 श्रृंखला 2-1 और वनडे 2-0 से हार गए थे।

# न तो हटाया गया और न ही संन्यास ले रहा हूं : रोहित

प्रात: किरण,/ एजेसी



सिडनी, । भारतीय क्रिकेट गावस्कर ट्रॉफी सीरीज के लिए टीम से बाहर होने के बाद हुए कहा कि वह न तो हटाये कोई इरादा है। अपने टेस्ट शनिवार को एक साक्षात्कार के ने दृढ़ता से कहा कि टेस्ट योजना नहीं है। आस्ट्रेलियाा के लिए 16 सदस्यीय टीम से रूम में संभावित तनाव के बारे जबकि मुख्य कोच गौतम गंभीर टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने बॉर्डर-पांचवें और निर्णायक टेस्ट मैच के चल रही अटकलों पर विराम लगाते गये हैं और न ही उनका सन्यास का क्रिकेट भविष्य के बारे में रोहित ने दौरान यह बातें कहीं। भारतीय कप्तान क्रिकेट से संन्यास लेने की उनकी कोई के खिलाफ पांचवें एवं निर्णायक टेस्ट रोहित को बाहर किए जाने से ड्रेसिंग में मीडिया में अटकलें लगने लगीं थी द्वारा मैच के लिए रोहित की उपलब्धता की पुष्टि करने से इंकार करने से इन अटकलों को हवा मिली थी। रोहित ने कहा कि उनका टीम से हटना पूरी तरह से स्वैच्छिक था और टीम की जरुरतों के मुताबिक था। उन्होंने कहा,यह संन्यास का फैसला नहीं है। मैं इस खेल से दूर नहीं जा रहा हूं। ऐसे महत्वपूर्ण मैच के लिए टीम को इन-फॉर्म खिलाड़ियों की जरूरत थी। उन्होंने भारत के आगामी इंग्लैंड दौरे का जिक्र करते हुए कहा,इस बात की कोई गारंटी नहीं है कि मैं अब से दो महीने या पांच महीने बाद रन बनाऊंगा। मेरा मानना है कि चीजें बदल जाएंगी, लेकिन साथ ही, मुझे यथार्थवादी होना होगा ह्व रोहित ने आलोचकों को सीधा जवाब देते हुये कहा,बाहरी राय उनके करियर के फैसले तय नहीं करेगी। कमेंटरी बॉक्स में बैठे लोग या हाथ में लैपटॉप लेकर लिखने वाले लोग यह तय नहीं करेंगे।

# बोलैंड के प्रदर्शन से हम हैरान नहीं हैं: मैकडोनाल्ड

सिडनी, । ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड शनिवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर भारत के खिलाफ चल रहे पांचवें टेस्ट में अपने तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड के आठ विकेट लेने से हैरान नहीं हैं। पांच मैचों की श्रृंखला का अपना तीसरा टेस्ट खेल रहे बोलैंड ने भारत की पहली पारी में 4-31 के बाद 4-42 के आंकड़े के साथ वापसी की। उनके प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन स्टंप्स तक भारत को 141/6 पर रोक दिया। मुख्य कोच ने, स्कॉटी के प्रदर्शन से हम हैरान नहीं हैं। जब भी वह खेलता है, वह अपना काम बखूबी करता है। मैकडोनाल्ड ने कहा, लंबाई पर लगातार गेंद को दोनों तरफ घुमाने की उनकी क्षमता, विशेष रूप से इस (एससीजी) सतह पर, मुश्किल साबित हो रही है।वह हमेशा एक वास्तविक विचार स्कॉटी है, और हर बार जब वह ऑस्ट्रेलियाई रंगों में पिच करता है, तो वह अच्छा प्रदर्शन करता है। हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास जोश हेजलवुड, (पैट) कमिंस और (मिशेल) स्टार्क और बोलैंड जैसे चार तेज गेंदबाज हैं।

# बार्सिलोना के कोच फ्लिक ने ओल्मो और पॉ विक्टर के टीम में शामिल नहीं होने से जताई नाराजगी

मैड्रिड, । एफसी बार्सिलोना के कोच हांसी फ्लिक ने स्वीकार किया कि वह उस स्थिति से खुश नहीं हैं, जिसके कारण क्लब सीजन के दूसरे भाग के लिए स्पेन के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी डेनी ओल्मो और फॉरवर्ड पॉ विक्टर को पहली टीम में शामिल नहीं कर पाया है। नए साल की पूर्वसंध्या से पहले वित्तीय निष्पक्ष खेल आवश्यकताओं को पूरा करने में बार्सिलोना की असमर्थता का मतलब था कि दोनों खिलाड़ियों को बार्का की पहली टीम के दल से हटा दिया गया था, नियमों के अनुसार एक खिलाड़ी को एक ही क्लब के साथ एक सत्र में दो बार पंजीकृत नहीं किया जा सकता है। इसका प्रभावी रूप से मतलब है कि ओल्मो एक मुफ्त हस्तांतरण पर क्लब से दूर जा सकते हैं, और हालांकि खिलाड़ी के एजेंट ने शुक्रवार को जोर देकर कहा कि उनका क्लब छोड़ने का कोई इरादा नहीं है, जब तक कि स्पेनिश फुटबॉल महासंघ के लिए अपील सफल नहीं होती है। शनिवार को कोपा डेल रे के तीसरे दौर के मुकाबले से पहले निचली लीग बारबास्ट्रो के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कोच ने कहा, ईमानदारी से कहूँ तो मैं इस स्थिति से खुश नहीं हूँ, लेकिन हालात ऐसे ही हैं और हम पेशेवर हैं। मैं फुटबॉल पर ध्यान केंद्रित करता हूँ, हमें कोच बनना है और खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करना है - सभी को अपना काम करना है। उन्होंने कहा कि वे क्लब के अध्यक्ष जोआन लापोर्टा के साथ लगातार संपर्क में हैं। उन्होंने कहा, मैं आशावादी हूँ, लेकिन अक्सर आपको निर्णय होने तक इंतजार करना पड़ता है। मुझे पूरा भरोसा है कि क्लब अपना काम करेगा। फ्लिक ने प्रेस को बताया कि उन्होंने ओल्मो और विक्टर से भी बात की है, उन्होंने कहा, यह आसान स्थिति नहीं है, लेकिन वे दोनों बार्सा के लिए खेलना चाहते हैं और वे हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

